# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




नॉर्दर्न रेलवे के जीएम अशोक वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव


• बोकारो, रविवार, 12 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 146 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में की 35440 करोड़ रुपये की दो बड़ी योजनाओं की शुरुआत

# किसानों का भाग्य बदल देगी पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कृषि क्षेत्र में 35,440 करोड़ रुपये की दो बड़ी योजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को उन्होंने संबोधित किया। इस मौक पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज 11 अक्टूबर बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज भारत माता के दो महान रत्नों की जयंती है जिन्होंने इतिहास रच दिया। भारत रत्न जयप्रकाश नारायण और भारत रत्न नानाजी देशमुख, ये दोनों महान सपूत ग्रामीण भारत की आवाज और लोकतांत्रिक क्रांति के अग्रदूत थे। वे किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित थे। आज इस ऐतिहासिक दिन पर देश की आत्मनिर्भरता और किसानों के कल्याण के लिए दो महत्वपूर्ण नई योजनाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। पहली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दूसरा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन। ये दोनों योजनाएं भारत के लाखों किसानों का भाग्य बदल देंगी। सरकार इन



योजनाओं पर 35,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वंचितों को प्राथमिकता दी जाती है और पिछड़े क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है तो परिणाम उल्लेखनीय होते हैं। आज आकांक्षी जिलों में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है, बाल स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और शिक्षा का स्तर बढ़ा है। कई मानकों पर ये जिले अब कई अन्य जिलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी मॉडल के आधार पर अब हम कृषि में पिछड़े 100 जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं ताकि वे अधिक उन्नत जिलों की बराबरी कर सकें। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना आकांक्षी जिला मॉडल से प्रेरित है। हम अक्सर 36 की संख्या के बारे में सुनते हैं। हम बार-बार इसका उल्लेख करते हैं, लेकिन यहां 36 का तात्पर्य एकीकृत की जा रही सरकारी योजनाओं की संख्या से है। इस योजना में हम 36 सरकारी योजनाओं को एक साथ जोड़कर समन्वित तरीके से काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यहां आने से पहले प्रधानमंत्री ने विभिन्न किसानों से बातचीत की। वह चर्चा इतनी गहन थी कि उसमें कृषि और किसानों के प्रति प्रधानमंत्री की चिंता झलकती थी। हाल ही में कृषि उपकरणों पर जीएसटी कम करके किसानों को बड़ी राहत दी गई है।

## नक्सली हमले में सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल शहीद, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में शुक्रवार की देर रात नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में घायल सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर वीरगति को प्राप्त हुए हैं। नक्सलियों द्वारा किए गए हमले में शुक्रवार की रात सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर सहित तीन जवान घायल हुए थे। शहीद हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर असम के नौगांव के रहने वाले थे। उनका पार्थिव शरीर रांची लाया जा रहा है जहां पोस्टमार्टम के बाद सीआरपीएफ कैंप में अंतिम सलामी दी जाएगी। नक्सलियों ने प्रतिरोध सप्ताह के दौरान बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा महेंद्र लश्कर के शहीद होने की पुष्टि की गई है। विस्फोट में सीआरपीएफ बटालियन के इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा और सब इंस्पेक्टर रामचंद्र गोगी भी गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात चाईबासा के मनोहरपुर प्रखंड के सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के इंस्पेक्टर सहित तीन जवान घायल हो गए थे जिसमें इलाज के दौरान ही हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर वीरगति को प्राप्त हुए। मामले को लेकर चाईबासा एसपी अमित रेणु ने बताया कि सारंडा में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान दो आईईडी ब्लास्ट हुआ था। इसमें सुरक्षा बल के अधिकारी समेत तीन जवान घायल हुए हुए थे। घायलों को उड़ीसा के राउरकेला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जमशेदपुर जेल में शिफ्ट होगा अपराधी मयंक सिंह

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किए गए अंतरराष्ट्रीय अपराधी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को अब जमशेदपुर के घाघीडीह सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जाएगा। जेल आईजी सुदर्शन मंडल के मुताबिक इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। बताया गया कि फिलहाल मयंक सिंह रामगढ़ जेल में बंद है लेकिन सुरक्षा कारणों से उसे वहां रखना जोखिम भरा माना गया है।

### साइबर ठगी का आरोपी मणिपुर से गिरफ्तार

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** गुमला पुलिस ने 10.75 लाख रुपए की साइबर ठगी के एक आरोपी को मणिपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लुकराम दिनेश मेतई (19) के रूप में हुई है, जिसे गुमला पुलिस ने मणिपुर में घर दबोचा ओर शनिवार को गुमला लाया गया है। यह कार्रवाई अमरूदिन खान अम्बेडकर नगर निवासी गुमला के लिखित आवेदन के आधार पर की गई है। खान ने अपनी शिकायत में 8.45 लाख रुपए की साइबर ठगी का आरोप लगाया था।

### प्रेमिका के घर में प्रेमी की हत्या

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोमो स्थित हरिहरपुर गांव में कपिल कुमार राय की प्रेम प्रसंग में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को प्रेमिका के ही घर में छिपाने का प्रयास किया गया। कपिल गुरुवार की रात से ही गायब था। हत्या का आरोप प्रेमिका के ही नाना गंगा ठाकुर पर लगा है। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया है जो रेलवे का रिटायर्ड कर्मी है। तोपचांची और हरिहरपुर की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया लेकिन उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के तेलगांव कोनाटोली गांव में 30 वर्षीय शंकर प्रधान ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शनिवार को सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गुमला सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजन दयानंद प्रधान ने बताया कि शंकर प्रधान का शुक्रवार देर शाम अपनी पत्नी सुनीता देवी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद शंकर गुस्से में अपने कमरे में चला गया और साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली।

## चाक चौबंद व्यवस्था के बीच होगा मतदान : सीइओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। मतदान के दौरान जहां सभी बूथों पर केन्द्रीय बलों की नियुक्ति की जा रही है। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के लिए राज्य पुलिस के साथ साथ केन्द्रीय बलों को तैनात किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि 11 नवंबर को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि जो भी मतदाता बूथ पर शाम पांच बजे से पहले कतार में रहेंगे उन्हें वोट देने दिया जाएगा। मतदान के लिए सारी तैयारियां पूरी की जा रही है। इंटर स्टेट मीटिंग होने के बाद जिला और स्टेट बॉर्डर पर चेक पोस्ट बनाकर चेकिंग की जा रही है। एक सवाल के जवाब में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्युरिटी एसेसमेंट पहले हो चुका है, रविवार को भी वो एक बार फिर दौरा करेंगे। इस चुनाव में केंद्रीय बलों के साथ-साथ राज्य पुलिस और होमगार्ड के जवान भी तैनात किए जाएंगे। वर्तमान में क्रिटिकल बूथों की पहचान की जा रही है, तत्पश्चात सुरक्षा बलों की तैनाती भी इस हिसाब से की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 300 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें क्रिटिकल और नॉन क्रिटिकल शामिल हैं। सुरक्षा कारणों से बूथों की लिस्ट जारी नहीं की जा सकती है लेकिन इतना तय है कि फ्री एंड फ़ेयर इलेक्शन के लिए चुनाव आयोग का जो दिशा निर्देश है उसका अक्षरशः पालन किया जाएगा। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से सटे राज्य और जिला बॉर्डर के साथ साथ सभी मतदान केन्द्रों पर तीसरी आंख की नजर रहेगी।

## आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक : मरांडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी आज से राज्य भर में जागरुकता अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत प्रदेश भाजपा कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पोस्टर लॉन्च कर लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अधिक से अधिक अपनाने की अपील की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा अभियान के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने राज्यभर में शुरू किए जा रहे स्वदेशी अभियान का स्टीकर, पोस्टर, पम्पलेट, नोट पैड, संकल्प पत्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक हैं। स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर, स्वदेशी उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में अपना कर भारत का प्रत्येक नागरिक देश को 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने में बड़ा



योगदान दे सकता है। उन्होंने अभियान के मंत्र हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी को अपनाकर इसे जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली, वैभवशाली रहा है। 125 ईसा पूर्व मौर्यकाल में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश था। विश्व की जीडीपी के भारत का योगदान 33% था। 16वीं शताब्दी तक विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी 24.4% जीडीपी की भागीदारी के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र था लेकिन गुलामी की लूट खसोट ने 1947 तक विश्व अर्थव्यवस्था ने भारत के जीडीपी की भागीदारी 4% पहुंच गई। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर बाल गंगाधर तिलक, सरदार पटेल, जैसे नेताओं ने स्वदेशी अभियान को स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया। भारत की आजादी मे स्वदेशी अभियान का बड़ा योगदान रहा।

## मकान में घुसा ट्रक, मलबे में दबकर एक की मौत

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में हिरणपुर थाना क्षेत्र के बिंदाडीह गांव में शनिवार को गिट्टी से लदा एक ट्रक घर में घुस गया जिससे मलबे में दबकर एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस हादसे के बाद आसपास के सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना की पुलिस पहुंची और काफी समझाने के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक शहरग्राम पत्थर औद्योगिक क्षेत्र से गिट्टी लाद कर हिरणपुर की ओर ट्रेलर संख्या डब्लूबी 59 डी 1215 जा रहा था। इसी दौरान बिंदाडीह गांव के पास ट्रेलर का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे एक कच्चे मकान में घुस गया और पलट गया जिससे 55 वर्षीय सकल बेसरा मलबे में दब गया और उसकी मौत हो गयी।

## बोकारो में दिव्यांगों के लिए खुलेगा पहला कॉलेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** झारखंड की इस्पात नगरी बोकारो शिक्षा के क्षेत्र में एक और कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर है। सेक्टर-5 स्थित आशा लता केंद्र में 3 दिसंबर को बिहार और झारखंड के पहले दिव्यांग कॉलेज का शुभारंभ होगा। यह कॉलेज दिव्यांग विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कॉलेज के शुरुआती चरण में आर्ट्स और कॉमर्स संकाय में पढ़ाई शुरू की जाएगी। बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि जिला प्रशासन इस संस्थान को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मैं बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) से इस संबंध में बात करूंगा ताकि सेल आवश्यक प्रमाण पत्र प्रदान करे और आशा लता में कॉलेज का सपना पूरा हो। साथ ही मैं उच्च शिक्षा विभाग और यूजीसी से मान्यता के लिए भी प्रयास करूंगा। आशा लता विकलांग केंद्र के




फाउंडर डायरेक्टर बीएस जायसवाल ने बताया कि केंद्र के कई छात्र पहले ही एसबीआई, रेलवे और अन्य सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि दसवीं के बाद उचित मार्गदर्शन के अभाव में कई दिव्यांग विद्यार्थियों की पढ़ाई बीच में छूट जाती थी। इस कमी को दूर करने के लिए यह कॉलेज शुरू किया जा रहा है। आशा लता विकलांग स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज की घोषणा के बाद से छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर है। पूरी तरह से दान पर आधारित यह संस्थान दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगा। कॉलेज में सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और प्रोफ़ेसरों की नियुक्ति पूरी हो चुकी है। इस अनूठी पहल की सफलता अब सरकार के सहयोग पर निर्भर है। सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि सरकार इस नेक कार्य में कितनी भागीदारी निभाएगी। यह कॉलेज न केवल बोकारो बल्कि पूरे बिहार और झारखंड के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा।

## 22,500 किलो जावा महुआ 1370 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले उत्पाद विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में झारखंड-बिहार सीमा पर एक बड़ी कार्रवाई की गई। हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र और बिहार के गया जिले की सीमा पर उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने पहली बार हाईटेक ड्रोन सर्वे का उपयोग कर अवैध शराब ठिकानों का पता लगाया। उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार ने बताया कि ड्रोन की मदद से भण्डार, परसातरी, भगहर झरना, चोढ़ी और अम्बातारी गांव के जंगलों में चल रहे अवैध शराब निर्माण स्थलों की पहचान की गई। ड्रोन सर्वे के बाद दोनों राज्यों की टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की जिसमें कई देसी शराब की भट्ठियां नष्ट की गईं। इस दौरान आरोपी फरार हो गए। छापेमारी के दौरान टीम ने 22,500 किलोग्राम जावा महुआ, 1370 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब और 40 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इसके अतिरिक्त, शराब निर्माण में उपयोग होने वाली भारी मात्रा में सामग्री भी जब्त की गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए आंकी गई है। अधिकारियों के अनुसार यह अवैध शराब बिहार में खपाने की तैयारी थी।

## 48.72 करोड़ से डेवलप होंगे रांची के बस स्टैंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के तीन बड़े बस टर्मिनल मॉडर्न बनाए जाएंगे। ये बस स्टैंड आईटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल (खादगढ़ा) है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन बस टर्मिनलों को आधुनिक बनाने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए काम तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने इसके लिए कुल 48.72 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसमें आईटीआई बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के लिए 3.76 करोड़ रुपए रखे गए हैं। मंत्री ने विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार को कहा है कि जुडको के जरिए जल्द काम शुरू कराया जाए। करीब तीन एकड़ में बनने वाला




नया आईटीआई बस स्टैंड अब पूरी तरह से आधुनिक होगा। यहां ड्राइवरों के लिए कैंटीन, बसों की मरम्मत की जगह, सुरक्षा गार्ड रूम, साफ-सुथरा वेटिंग एरिया, कार, ऑटो और ई-रिक्शा पार्किंग जैसी सुविधाएं होंगी। पहले फ्लोर पर रेस्टोरेंट, प्रशासनिक दफ्तर, टिकट काउंटर, डॉरमेट्री, लॉकर वाले गेस्ट रूम और हरियाली के लिए गार्डनिंग की व्यवस्था होगी। यहां से रोजाना करीब 416 बसें चलेंगी। पुराना सरकारी बस डिपो, जो 1962 से 1970 के बीच बना था, अब खराब हालत में है। इसे 20.19 करोड़ रुपए की लागत से दोबारा बनाया जाएगा। नए डिपो में गार्ड रूम, डॉरमेट्री, वेटिंग एरिया, फूड स्टॉल, बसों के लिए शेड, स्लाइडिंग गेट, कार और ऑटो पार्किंग की सुविधा होगी। यहां से हर दिन करीब 512 बसें चलेंगी। वहीं बिरसा मुंडा बस टर्मिनल (खादगढ़ा) को 3.76 करोड़ रुपए की लागत से बेहतर बनाया जाएगा। यह टर्मिनल 11.6 एकड़ में फैला है, जहां 31 बस वे, 89 बसों और 70 कारों की पार्किंग, स्मार्ट शेड, 50 बेड वाली डॉरमेट्री, रेस्टरूम, स्नानघर, गेस्टहाउस, हाइमास्ट लाइट और महिलाओं की सुरक्षा की खास व्यवस्था होगी। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को जल्द टेंडर जारी कर निर्माण शुरू करने का आदेश दिया है। इन तीनों टर्मिनलों के तैयार होने के बाद रांची के बस स्टैंड राज्य के सबसे बेहतर और आधुनिक टर्मिनल बन जाएंगे, जहां यात्रियों को सुरक्षित, साफ-सुथरा और आरामदायक माहौल मिलेगा।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


C M Y K

# कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत बरही में हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही।** झारखंड कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत शनिवार को बरही प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक जेपी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पूर्व विधायक प्रत्याशी अरूण साहु मौजूद थे।इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनादेश सर्वोपरि होता है। जनता का विश्वास और मत ही हमारे लोकतंत्र की नींव है और इस जनादेश को चोरी या अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हकों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, और यह लड़ाई निर्णायक मोड़ तक जारी रहेगी। पूर्व विधायक प्रत्याशी अरूण साहु ने कहा कि जनादेश का अपमान लोकतंत्र पर



सबसे बड़ा हमला है, और हम इस 'वोट चोरी' को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। जनता की ताकत ही कांग्रेस का बल है, और हम इस आंदोलन को गाँव-गाँव तक लेकर जाएंगे। कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे "वोट चोरी" के गंभीर मुद्दे को जोरदार तरीके से जनता के बीच रखा है और लोकतंत्र विरोधी ताकतों को करारा जवाब देने का आह्वान किया।इस मौके पर कांग्रेस के जिला, प्रखंड,बीस सूत्री समिति, पंचायत स्तरीय पार्टी के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में जनादेश की रक्षा का संकल्प लिया और हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित सभी कार्यकताओं ने इस आंदोलन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में हस्ताक्षर संयुक्त अभियान प्रारंभ कर जिला अध्यक्ष एवं अरुण साहू ने हस्ताक्षर अभियान का फॉर्म उपस्थित पंचायत अध्यक्षों तथा बूथ अध्यक्षों के बीच वितरण किया, वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में डॉ निजामुद्दीन अंसारी जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हजारीबाग, दीपक गुप्ता जिला अध्यक्ष ओबीसी, बबलु साहू, सुनील साहू , गौतम मेहता प्रखंड अध्यक्ष पदमा ,प्रखंड अध्यक्ष, चंदवारा प्रमोद वर्णवाल फिरदौस खान, तैयब अंसारी, फिरोज अंसारी, मोहम्मद जमीरुद्दीन, गुलजार अंसारी, विसुनधारी महतो, संतोष रजवार, विनोद यादव, मनोज यादव बेलहरा, कार्तिक पासवान, मीनू खान फिरोज आलम, प्रकाश रविदास, सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बरही पुलिस ने अफीम के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही।** नशे के कारोबार के खिलाफ में बरही पुलिस को बड़ी सफलता मिली।बरही थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रसोइया धमना के पास से एक युवक को अफीम की अवैध तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक राजकुमार सिंह पिता कारू सिंह, ग्राम-गंगाअहार, पो पाण्डेयबारा, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग के रूप पहचान हुई।इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि शनिवार को 11.15 बजे गुप्त सूचना मिली कि चौपारण के तरफ से एक व्यक्ति अफीम की तस्करी करने के लिए बरही की ओर आ रहा है।

उन्होंने बताया कि सूचना की जानकारी वरिय अधिकारियों को देते हुए पुलिस अवर निरीक्षक रूपलाल यादव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर सूचना की सत्यता को लेकर धमना के पास से एक युवक



को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। एसडीपीओ अजित कुमार विमल के द्वारा पुछताछ में उसके दाहिने हाथ में रखे पीले रंग के प्लास्टिक की जांच की गई। जिसमें गिला अफीम जैसा प्रदार्थ पाया गया। बरामद पदार्थ को इलेक्ट्रीक माप-तौल मशीन से मापने पर उसका वजन 360 ग्राम पाया गया। जिसका कागजात मांगने पर कोई प्रमाण नहीं दिया। युवक द्वारा आवश्यक कागजात नहीं देने के कारण उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत बरही थाना कांड संख्या 380/25 दर्ज कर जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि रूपलाल यादव,पुअनि मृत्युजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

# अंतरष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चुरचू/चरही।** आज दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को झारखंड महिला उत्थान संस्था के तत्वाधान में चुरचू प्रखंड के ग्राम लारा खेल मैदान एवं लोठे खेल मैदान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की सचिव नीलम बेसरा, किशोरी लीडरों तथा आंगो पंचायत की मुखिया सीतामुनि देवी के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन करके की गई।

इस अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज में लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, समान अवसर और नेतृत्व की भूमिका को प्रोत्साहित करना है। यह दिन उन चुनौतियों और संघर्षों को सामने लाने का अवसर देता है, जिनका सामना लड़कियाँ अपने जीवन में करती हैं, साथ ही उनके साहस, उपलब्धियों और नेतृत्व को सम्मानित करता है।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने अपने जीवन से जुड़ी चुनौतियाँ, उपलब्धियाँ और सकारात्मक बदलावों को साझा किया। कई बालिकाओं ने अपनी बात आत्मविश्वास के साथ रखी और बताया कि संस्था के सहयोग से उन्हें अपने अधिकारों और सपनों को समझने का अवसर मिला है। बालिकाओं द्वारा कविता, गीत, स्लोगन प्रस्तुति और स्थानीय नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इन प्रस्तुतियों ने समाज में लड़कियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को उजागर किया।

संस्था की सचिव नीलम बेसरा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर लड़की में अपार क्षमता छिपी होती है। जब हम उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर देते हैं, तो वे न केवल अपने सपनों को साकार करती हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा भी तय करती हैं। लड़कियों की आवाज को सुनना और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना ही सशक्तिकरण का आधार है। संस्था 8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा की लड़कियों को रेमिडियल क्लास के माध्यम से निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड सदस्य संगीता मुर्मू ने कहा झ 'अक्सर हमारे समाज में लड़के और लड़कियों में भेदभाव किया जाता है, जिसके कारण लड़कियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पाता। लेकिन जब लड़कियों को अवसर दिया जाता है, तो वे किसी से कम नहीं होतीं।'

मुखिया जी ने कहा कि लड़कियाँ अगर पढ़ाई-लिखाई में आगे बढ़ें, तो वे अपने हर सपने को साकार कर सकती हैं और समाज में नई पहचान बना सकती हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से प्रेमा कुमारी, कविता कुमारी, आशा टुडु, चिंता तिग्गा, उषा देवी, फूलकुमारी तिग्गा, आशीष बेसरा, विकास टुडू एवं नरेश मांझी का सराहनीय योगदान रहा। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायी बनाया।

# सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही।** बरही शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना में सीसीए के तहत दिवाली के उपलक्ष में दीपक, मोमबती एवं रंग-बिरंगे लाइट्स बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रथम से दशम के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक लाइट्स ,मोमबत्ती एवं दीया बनाए। प्रतिभागियों के कला को देखते हुए विद्यालय के निर्देशक टुकलाल साव ने कहा की दीया बनाने की कला सदियों पुरानी परंपरा है, जो मिट्टी को आकार देने और उसे सजाने पर आधारित है। प्रतिभागियों में सीनियर ग्रुप से कक्षा 9 वी से सीता कुमारी, कक्षा आठवीं से सोनम परवीन प्रथम, कक्षा सातवीं से गुलनाज ग्रुप, कक्षा नौवीं



से चंदन कुमार ने द्वितीय वही कक्षा आठवीं से अनुष्का ग्रुप और कक्षा छठी से रचना ग्रुप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर ग्रुप मे कक्षा तीसरी से आयुष कुमार ने प्रथम और मिस्टी गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा चौथी से रिंकी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार और सलाहकार राजेंद्र प्रसाद एवम सहायक शिक्षक शिक्षाओं में अजय कुमार ,शिबू कुमार, अरुण कुमार ,नरेश कुमार ,सरिता कुमारी नुरेशा खातून, साबित कुमारी, सोनी कुमारी ,पुष्पा कुमारी ,मोनिका कुमारी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

**पुलिस का व्यापक जागरूकता अभियान**

# अवैध फसलों के स्थान पर वैकल्पिक खेती को बढ़ावा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पुलिस के द्वारा अवैध नशीली फसलों (अफीम/पोस्ता एवं गांजा) की रोकथाम के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज यह अभियान पिपराटांड़, पांकी और मनातू थाना क्षेत्रों के विभिन्न गाँवों में आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में किसानों को अवैध खेती के गंभीर दुष्परिणामों और कानूनी दंड के प्रावधानों से अवगत कराया गया। साथ ही, उन्हें चावल, गेहूं, दलहन, तिलहन और बागवानी जैसी लाभकारी वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मनातू थाना क्षेत्र के गाँव मोरधोई में आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग के सहयोग से फलदार पौधे लगाने, तालाब निर्माण कर मछली पालन और मुर्गी पालन जैसे लघु उद्योग शुरू करने की संभावनाएं भी तलाशी गईं। अनेक गाँवों में लोगों ने अफीम की खेती न करने की शपथ ली।

# उपायुक्त ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज 11 अक्टूबर को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज अधीक्षक के कक्ष में ओपीडी में पंजीकृत मरीजों की सूची के साथ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अस्पताल में कार्यरत मानव बलों की स्थिति की वार्डवार समीक्षा की तथा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त चिकित्सकों के पदस्थापन की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि अस्पताल में मानवबलों के सृजन एवं कुशल प्रबंधन से चिकित्सीय सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है। उपायुक्त ने चिकित्सकों की रोस्टर सूची में नियमित बदलाव तथा वरीय चिकित्सकों द्वारा विभिन्न वार्डों में नियमित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने रोस्टर ड्यूटी प्रोटोकॉल में एक सप्ताह के अंदर सुधार लाने को कहा। साथ ही बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सख्ती से लागू करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चिकित्सक मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए प्रतिनियुक्त किए गए हैं, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर का विस्तृत भ्रमण किया। उन्होंने उपकरणों के रखरखाव एवं क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने की हिदायत दी। दवाओं के प्रबंधन एवं स्टॉक संधारण के लिए ई-औषधि ऐप का अद्यतन नहीं होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कक्ष में जाकर उपायुक्त ने कार्य प्रणाली का अवलोकन किया तथा प्रमाण पत्र निर्गतीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# टीम भागवत के साथ शहर में अपने साहस व भावनाओं की कहानी लेकर पहुंचे अरशद वारसी और अक्षय शेरे ने पटना को मंत्रमुग्ध कर दिया

**■ भागवत का प्रसारण केवल ZEE5 पर 17 अक्टूबर को होगा, इस फिल्म का निर्देशन अक्षय शेरे और निर्माण जियो स्टूडियोज ने बवेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स के सहयोग से किया है**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भागवत फिल्म के मुख्य किरदार अरशद वारसी और अक्षय शेरे ने पटना पहुँचकर सिनेमा की भावना को जीवंत कर दिया। यहाँ पर इन दोनों दिग्गज कलाकारों ने जनता से बात की और ZEE5 की आगामी क्राईम थ्रिलर, भागवत के बारे में बताया। यह एक गंभीर और भावनाओं से भरी फिल्म है, जिसमें तफ्तीश के साथ रहस्यों, धोखे और मानव संघर्ष के गहरे राज खुलते हैं। यह फिल्म सत्य घटनाओं पर आधारित है। भागवत में सही और गलत तथा सत्य और भ्रम के बीच की बारीक लकीर को टटोला गया है। इसमें दिखाया गया है कि न्याय की खोज में कोई किस हद तक जा सकता है।

अरशद और अक्षय ने अपने पटना दौरे के दौरान फिल्म की थीम और इसे बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने दर्शकों को बताया कि इस दिलचस्प थ्रिलर में उन्हें क्या देखने को मिलेगा। यह फिल्म भावनात्मक गहराई के साथ बहुत ही रोमांचक स्टोरीटैलिंग पेश करती है। पटना के लोगों से उनकी यह बातचीत बहुत ही गर्मजोश रही। लोग एक शक्तिशाली और विकसित किरदार के रूप में अरशद की वापसी को लेकर उत्साहित थे।

दोनों कलाकारों ने शहर की संस्कृति का आनंद लिया। उन्होंने




यहाँ का प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी चोखा भी खाया। कलाकारों ने यहाँ मौजूद लोगों को फिल्म की शूटिंग के कुछ किस्से भी सुनाए। उनके इस दौरे में सिनेमा, बातचीत और संस्कृति का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। पटना के लोग एए5 पर भागवत के डिजिटल प्रीमियर को लेकर बहुत अधिक उत्साहित थे। अरशद वारसी ने कहा, पटना आकर अद्भुत अनुभव मिला। यहाँ के लोगों की मेजबानी और ऊर्जा बेजोड़ है। फिल्म फेस्टिवल में उत्साहित दर्शकों के साथ भागवत के किस्से साझा करके बहुत अच्छा लगा। इस फिल्म की कहानी बिल्कुल वास्तविक और जमीन से जुड़ी है। लोगों को यह पसंद आ रही है, यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। पटना का सफर लिट्टी चोखा के बिना अधूरा रहता है। मैं भी इसका फैन बन गया हूँ।

निर्देशक अक्षय शेरे ने कहा, भागवत असली भावनाओं और वास्तविक संघर्षों से निकली कहानी है। यह हमारे समाज की सच्चाई और नैतिकता की परतें दिखाती है। फेस्टिवल में यह कहानी पेश करके और पटना के लोगों का उत्साह देखकर बहुत ही उत्साहवर्धक अनुभव मिला है। लोगों से मिलकर, उनकी प्रतिक्रिया जानकर तथा फिल्म के प्रति उनकी उत्सुकता देखकर हमें एहसास होता है कि हमारा कहानी बनाने का उद्देश्य क्या है।

भागवत की स्ट्रीमिंग 17 अक्टूबर, 2025 को केवल ZEE5 पर होगी!

# गौरियाकर्मा आईसीएआर में किसानों ने पीएम धन धान्य कृषि योजना का लाइव प्रसारण देखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही।** राष्ट्रीय कृषि योजनाओं का किसानों को लाभ,आईएआरआई की तकनीको से किसानों का उद्धार-जन प्रतिनिधि

आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), झारखंड परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए राष्ट्रीय शुभारंभ के लाइव प्रसारण के साथ समन्वित रहा। झारखंड परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों

**किसानों को दी गई पीएम धन धान्य कृषि योजना की जानकारी**




और किसानों की सक्रिय भागीदारी रही। हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 233 किसान इस अवसर पर आमंत्रित किए गए थे। इस योजना का उद्देश्य आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, कृषि अवसंरचना को सुदृढ़ करना तथा दाल, तिलहन और अन्य प्रमुख फसलों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. के. महांता (परिसर प्रभारी), डॉ. विशाल नाथ, डॉ. पंकज सिन्हा, डॉ. कृष्णा प्रकाश, मुखिया सरिता देवी, मुखिया, गौरियाकर्मा पंचायत कुमारी मीरा विकास कुमार, पंचायत समिति केदारूत पंचायत आईसीएआर, आईएआरआई, झारखंड के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. महांता ने कहा कि पीएम डीडीकेवाई ग्रामीण समृद्धि को गति देने और समावेशी कृषि विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अतिथियों ने झारखंड के किसानों में सतत एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के प्रसार हेतु आईसीएआर-आईएआरआई के प्रयासों की सराहना की।

इसी अवसर पर 'एकीकृत कृषि प्रणाली' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें बरही एवं बरकट्ठा प्रखंडों के 50 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का समन्वय डॉ. आशा कुमारी, वैज्ञानिक, आईसीएआर आईएआरआई, झारखंड द्वारा किया गया।

# पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बड़कागांव प्रखंड स्थित प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल का किया भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** नगर विकास एवं आवास सह पर्यटन मंत्री, झारखंड सरकार श्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में स्थित प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल, बड़कागांव का भ्रमण किया।

यह स्थल पौराणिक खगोलीय घटनाओं की जानकारी एवं अध्ययन के लिए विख्यात है और राज्य में पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। मंत्री ने भ्रमण के दौरान कहा कि इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने संबंधित विभागों को इस स्थल के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित करने




के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि ऐसे प्राचीन स्थलों का संरक्षण एवं संवर्धन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय रोजगार सृजन में भी सहायक सिद्ध होगा।

# टोरी रेलवे साइडिंग पर हमला नाकाम, दो अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार**। लातेहार जिले के टोरी रेलवे साइडिंग पर शुक्रवार रात कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गैंग के अपराधियों द्वारा बम और हथियारों से हमला करने की योजना पुलिस की सक्रियता के कारण नाकाम हो गई। इस कार्रवाई में पलामू निवासी अवधेश यादव और लातेहार के उपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य अपराधी घटनास्थल से भागने में सफल रहे। डीएसपी अरविंद कुमार ने इसकी पुष्टि की और बताया कि यह कार्रवाई समय रहते होने से बड़ी अनहोनी टल गई। डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि अपराधी रेलवे कोयला साइडिंग में काम करने वाले व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से हमला करने की योजना बना रहे थे। इसके लिए वे चंदवा थाना क्षेत्र के परसाही गांव के पास एक पुलिया के नीचे इकट्ठा हुए थे। इस दौरान लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि अपराधियों का गिरोह टोरी रेलवे साइडिंग पर हमला करने के लिए एकत्रित हो गया है। एसपी के निर्देश पर डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई और अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस की अचानक छापेमारी देख अपराधी इधर-उधर भागने लगे। दो अपराधियों को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक पिस्तौल, कई गोलियां और बम बरामद किए गए। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अवधेश यादव और उपेंद्र यादव पहले भी विभिन्न थानों में दर्ज कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि पांच दिन पूर्व इन्हीं अपराधियों ने टोरी रेलवे साइडिंग पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक मजदूर को चोट आई थी। पुलिस को इस पूछताछ में कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी मिली, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई और अन्य अपराधियों की तलाश की जा रही है। डीएसपी अरविंद कुमार ने कहा कि अपराधियों की योजना को विफल करने के पीछे पुलिस की तत्परता और एसपी के मार्गदर्शन की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई स्थानीय व्यवसायियों और मजदूरों के लिए सुरक्षा का एक बड़ा संदेश है। वहीं, पुलिस से भाग लेने वाले अन्य अपराधियों अनिल यादव और साजन अंसारी अभी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। पुलिस और प्रशासन अब इस मामले की गहन जांच कर रहे हैं ताकि अपराधियों के नेटवर्क का खुलासा हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। यह कार्रवाई जिले में कानून



# फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार
## पुलिस ने जब्त की मशीनें और दस्तावेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज**। साहिबगंज में जाली दस्तावेजों के सहारे अवैध आधार कार्ड बनाने के मामले में जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सोती चौकी पांगरो निवासी मोनू चौधरी और हाथीगढ़ सकरीगली निवासी राजदेव उरांव शामिल हैं। मोनू चौधरी मदनसाही में बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) का संचालक है। डीएसपी (मुख्यालय) विजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। सीएसपी से कई संदिग्ध ई-आधार कार्ड, स्कैनर मशीन, थंब स्कैनर और आई स्कैनर सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। वर्तमान में जब्त सामग्री की जांच चल रही है। यूआईडीएआई के पदाधिकारी संदीप कुमार के बयान के आधार पर जिरवाबाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। संदीप कुमार को सूचना मिली थी कि असम के आइडी और पासवर्ड का दुरुपयोग कर मदनसाही के सीएसपी में जाली दस्तावेजों के आधार पर बांग्लादेशी नागरिकों के लिए आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया और मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है। इससे पहले भाजपा लंबे समय से साहिबगंज, राजमहल, उधवा और आसपास के क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को उठाती रही है। भाजपा नेताओं का दावा है कि जाली दस्तावेजों के जरिए बांग्लादेशी घुसपैठियों के आधार कार्ड बनाकर उन्हें इन क्षेत्रों में बसाने की साजिश की जा रही थी। पुलिस और यूआइडीएआइ अब इस अवैध नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए संयुक्त जांच कर रहे हैं।




# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने मोहनपुर में चलाया विशेष सदस्यता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनपुर**। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेलक्रामो) जिला कमेटी की ओर से शनिवार शाम मोहनपुर प्रखंड के भगवानपुर में विशेष सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष चंदन कुमार वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य लक्ष्य डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना और पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना है। जिला उपाध्यक्ष खुशवंत प्रधान और युवा जिलाध्यक्ष रोहित कुमार राउत ने बताया कि जल्द ही मोहनपुर प्रखंड कमेटी और युवा प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके अलावा, नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठन ने रणनीति बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। कार्यक्रम में नंददेव दास के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जेलक्रामो की सदस्यता ग्रहण की। जिला उपाध्यक्ष खुशवंत प्रधान ने कहा कि संगठन समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है और हर पंचायत में सक्रियता बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। इस अवसर पर नंददेव दास, मनोज कुमार यादव, रंजीत कुमार यादव, पवन कुमार यादव, मुकेश यादव, श्रीकांत यादव, कृष्णानंद यादव, डब्ल्यू यादव, मनोज कुमार और बिपिन राउत सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना और युवाओं को सक्रिय रूप से राजनीति में जोड़ना बताया गया।



# महिला ग्राम संगठनों ने मेंहदी व रंगोली के ज़रिए जगाई मतदान की अलख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र स्वीप गतिविधियों के तहत शनिवार को जहानाबाद जिले के 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हुलासगंज प्रखंड के खुदौरी पंचायत स्थित नवज्योति जीविका महिला ग्राम संगठन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने मेहंदी कार्यक्रम और शपथ ग्रहण समारोह के माध्यम से मतदान के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर गोलकपुर (घोसी) की नारी शक्ति जीविका ग्राम संगठन की दीदियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और समुदाय के अन्य सदस्यों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सभी को अपने मताधिकार का सही एवं जिम्मेदाराना उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था।

# पलामू के सरकारी अस्पतालों में दवा मानक के बाहर शुगर और एंटीबायोटिक टैबलेट भी जांच के दायरे में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू**। पलामू जिले के सरकारी अस्पतालों में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ की आशंका सामने आई है। हाल ही में सप्लाई की गई शुगर और एंटीबायोटिक (एमोथ्रोमाइसिन) टैबलेट भी मानक के अनुसार नहीं पाई गई हैं। यह कैल्शियम की टैबलेट के बाद दूसरा मामला है, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हालिया सप्लाई की गई दवाओं का परीक्षण एजेंसी को भेजा गया है। कुछ दवाओं का वितरण पहले ही किया जा चुका था, जिन्हें वापस मंगाकर मानक के अनुसार दवा उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें मेटफार्मिन और एमोथ्रोमाइसिन टैबलेट शामिल हैं। पिछले छह महीनों में यह दूसरी बार है जब जिले के सरकारी अस्पतालों में सप्लाई हुई दवाएं सब-स्टैंडर्ड पाई गई हैं। मई महीने में 2.15 करोड़ कैल्शियम की गोली सब-स्टैंडर्ड मिली थी। उस समय सिविल सर्जन ने दवाओं को कोलकाता लैब में जांच के लिए भेजा था, जिसमें यह रिपोर्ट सामने आई कि गोली पानी में घुल नहीं रही थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सप्लाई कंपनी से दवा वापस लेने और मानक के अनुसार नई दवा सप्लाई कराने का दबाव बनाया।

अक्टूबर में गुजरात, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड की चार कंपनियों ने पलामू में कैल्शियम की नई खेप भेजी थी। हालिया जांच में पाया गया कि दवा अभी भी मानक के अनुसार नहीं थी। इसके चलते एजेंसी को पत्र लिखकर दवा वापस लेने और परीक्षण करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सिविल सर्जन ने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक किसी कंपनी या व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। केवल दवा को वापस लेने और मानक के अनुरूप सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही दवाओं का वितरण किया जाएगा, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार की समझौता न हो।




## एक नजर

### हसपुरा में प्रखंड किसान सलाहकार समिति का गठन, 19 सदस्यों को मिली जिम्मेदारी

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजना (आत्मा) के अंतर्गत हसपुरा प्रखंड स्तरीय किसान सलाहकार समिति का गठन किया गया। इस समिति में कुल 19 सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मुंजहड़ गांव निवासी ब्रजभूषण शर्मा को सौंपी गई है। इसके अलावा समिति में महिपाल राव चौहान (बंधुविगहा), गुडु पासवान (शंकरपुर), रामाकांत सिंह उर्फ बाबा अम्पायर (हसपुरा कनाप रोड), राजेन्द्र सिंह (बरैलीचक), सतीश चन्द्रवंशी (बिरहारा), दिलीप कुमार (कोईलवां), आरती कुमारी (तिलकपुरा), अशोक शर्मा (किसनपुर), रामबली राम (रसुलपुर), मुकीद आलम (अमझरशरीफ), मनोज कुमार मिश्रा (पीरू), नंदन यादव (पीरू), कनिष्क कुंदन (पुरहारा), सरीता कुमारी (टाल), दुधेश्वर सिंह (तिलकपुरा), रंजन कुमार चन्द्रवंशी (कोईलवां), सावित्री कुवंर (आदर्शनगर हसपुरा) और सत्य देव राम (रायपुर बंधवा) को सदस्य बनाया गया है। किसान सलाहकार समिति कृषि विभाग और किसानों के बीच सेतु का कार्य करेगी। समिति का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं सरकारी लाभों से जोड़ना और कृषि क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से प्रखंड स्तर पर कृषि विकास कार्यों में तेजी लाने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

### मारपीट के आरोपित गिरफ़्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे मारपीट के आरोपी वीरेंद्र यादव उर्फ वीरेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि कलवाचक गांव में पूर्व में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें मखदुमपुर टेहटा थाना कांड संख्या 356/25 दर्ज किया गया था। जिसमें वरीय पदाधिकारी द्वारा अनुसंधान के बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आदेश दिया गया था। जिसमें अनुसंधानकर्ता मोहम्मद यूनुस ने छापेमारी कर वीरेंद्र यादव उर्फ वीरेंद्र प्रसाद को उसके घर कलवाचक से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### हसपुरा ब्लॉक कार्यालय में लगा जनता दरबार

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को जमीनी विवादों के निपटारे के उद्देश्य से जनता दरबार का आयोजन किया गया। विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपने-अपने जमीन संबंधी विवादों को अधिकारियों के समक्ष रखा। जनता दरबार में सीओ कौशल्या कुमारी, राजस्व कर्मी विनय कुमार, सुमित कुमार, सुमन राम और अंचल सहायक दीपक कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कुल 23 मामलों की सुनवाई की। इनमें से चार मामलों शिशु पाल कुमार बनाम उर्मिला देवी, राधामोहन मेहता बनाम धनंजय कुमार (डुमरा), सतेन्द्र नारायण सिंह बनाम सोहराई यादव (टनकुपी) और संतन सिंह बनाम मुन्ना सिंह (रामपुर कैथी) का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमति और कागजातों की जांच के आधार पर कर दिया गया। वहीं, शेष मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी होने के कारण अगली तिथि पर सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने सभी पक्षों से निर्धारित तिथि पर पूर्ण कागजातों के साथ उपस्थित होने की अपील की। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने विवादों के त्वरित समाधान की उम्मीद जताई।

### पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार और बेटे ऋतुराज ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र राजनीतिक गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। इसी कड़ी में जहानाबाद से दो बार सांसद रहे डॉ. अरुण कुमार और उनके पुत्र ऋतुराज ने शनिवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ग्रहण की। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दोनों ने पार्टी में शामिल होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से ध्यान देने वाली बात यह रही कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में जहानाबाद संसदीय सीट से एक-दूसरे के विरोधी रहे पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और डॉ. अरुण कुमार पार्टी के मिलन समारोह में गले मिलते नजर आए। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि उन्होंने जंगल राज देखे हैं और वर्तमान सरकार तेजी से बिहार के विकास में लगी है, इसलिए पुराने शिकवे भुलाकर बिहार में मजबूत सरकार बनाने के लिए वे जदयू के साथ फिर से एकजुट हुए हैं। पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. अरुण कुमार के शामिल होने से जदयू और भी सशक्त और मजबूती से बिहार में अपनी पहचान बनाएगा।

# बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर शंकराचार्य लड़ायेंगे निर्दल गौ भक्त प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने बिहार में सनातनी राजनीति का किया शंखनाद। इस दौरान उनके निकाली गई गौ मतदाता संकल्प यात्रा। इस दौरान उन्होंने बताया कि बिहार में सभी विधानसभा क्षेत्रों से अपने प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि गौ भक्त ही उनके समर्थन से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। शंकराचार्य जी महाराज जहानाबाद शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात चीत करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में गौ भक्तों का चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने सनातनी हिन्दुओं से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए गौ भक्तो के लिए मतदान की अपील की है। एक सभा को संबोधित करते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी ने कहा कि "सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता की संरक्षण करेंगे। गौ रक्षा हमारी आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति की भी आधारशिला है।" उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में केवल उन्हीं प्रत्याशियों को वोट दें, जो गौ रक्षा को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संकल्पित हों। शंकराचार्य जी ने बताया कि हम सभी राष्ट्रीय पार्टी के नेताओं से मिलने दिल्ली कार्यालय गये और पूछा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए अपना पक्ष लोक सभा सदन में रखिए और अपने पक्ष को हमें बताइए लेकिन अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने अभी तक अपना पक्ष गौ माता के विषय में नहीं बताया। इसलिए अब मजबूरी में हमें बिहार विधानसभा चुनाव में गौ भक्त प्रत्याशी उतारना पड रहा है शंकराचार्य जी ने यह भी घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों में सभी विधानसभा क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार खड़े करेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद औपचारिक रूप से बताया जाएगा कि कौन-कौन उम्मीदवार उनके तरफ से चुनाव लड़ रहे हैं। परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माहौल से परिपूर्ण




# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला अंतर्गत मुरलीधर उच्च विद्यालय, जहानाबाद तथा कस्तूरबा गांधी उच्च आवासीय बालिका विद्यालय, जहानाबाद में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत मुरलीधर उच्च विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में मुरलीधर उच्च विद्यालय की छात्रा अनिषा कुमारी, अनुप्रिया कुमारी और सृष्टि वंदना एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा रागिनी कुमारी, स्नेहा कुमारी, नेहा कुमारी को पुरस्कृत किया गया ।

बालिकाओं को प्रोत्साहित करने हेतु भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम की जीवनी पर आधारित पुस्तक "अग्नि की उड़ान" को उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति, के द्वारा पुरस्कारस्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर रचना जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आकांक्षा, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, होमा इरफान, वरीय उप समाहर्ता, नेहा, वरीय उप समाहर्ता प्रियंका सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ज्योत्सना कुमारी केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, शैलेश कुमार जेंडर स्पेशलिस्ट, अंजुसा कुमारी (केश वर्कर), विद्यालय के शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडवान, नवीनगर में शुक्रवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सचिव सह न्यायाधीश तान्या पटेल के निर्देश पर आयोजित किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिले में प्रत्येक माह बड़ी संख्या में विभिन्न विषयों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि आम लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा सके। इस बार जागरूकता शिविर का मुख्य विषय वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा सरकार द्वारा उनके लिए संचालित कल्याणकारी योजनाएं थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता गोविंद कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन अधिकार मित्र दिनेश कुमार साव ने किया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों को वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता, पेंशन योजनाएं तथा अन्य कल्याणकारी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीण राजेन्द्र सिंह, मंटू सिंह, बम-बम सिंह, प्रयाग राम, राजू, सोनू समेत कई लोग उपस्थित रहे।




# टोटो वाहन शोरूम में संयुक्त निरीक्षण, अनियमितताएं उजागर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग**। हजारीबाग जिले में जिला परिवहन विभाग ने शनिवार को टोटो वाहन के एक शोरूम में संयुक्त निरीक्षण कर गंभीर अनियमितताओं का खुलासा किया। यह कार्रवाई जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती एवं मोटर यान निरीक्षक विजय गौतम के निर्देश पर की गई। निरीक्षण टीम का नेतृत्व मोटर यान निरीक्षक बिरसू सिंह और रवीना कुमारी ने किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि शोरूम में वाहनों के क्रय-विक्रय में गंभीर गड़बड़ियां हो रही हैं। रजिस्टर में दर्ज वाहनों की संख्या और शोरूम में मौजूद वास्तविक वाहनों की संख्या में अंतर देखा गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि डीलर द्वारा वाहन बिक्री और पंजीकरण संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। मोटर यान निरीक्षक बिरसू सिंह ने डीलर को सख्त निर्देश दिए कि सभी वाहनों के क्रय-विक्रय से संबंधित सही एवं अद्यतन जानकारी तुरंत जिला परिवहन कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नियमों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित डीलर का ट्रेड लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है। जिला परिवहन विभाग ने बताया कि जिले में वाहन विक्रेताओं की गतिविधियों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या फर्जीवाड़े पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। विभाग का यह कदम वाहन पंजीकरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से उठाया गया है। विभाग ने सभी डीलरों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पूर्ण अनुपालन अनिवार्य है। साथ ही, विभाग ने यह भी चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ लाइसेंस निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव 2025 को शत-प्रतिशत दिव्यांग मतदाता की सहभागिता को लेकर आयोजित जागरूकता अभियान के अंतर्गत गांधी मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, पूनम कुमारी जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जहानाबाद, विजेता रंजन, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, जहानाबाद के द्वारा क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सभी युवा खिलाड़ियों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। जिससे की स्वच्छ, शांतिपूर्ण, भय मुक्त चुनाव को सम्पन्न किया जा सके। इसी कड़ी में जहानाबाद जिला से सिवान जिला के युवा खिलाड़ी के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन गांधी मैदान, जहानाबाद में किया गया। मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित मैच में दिव्यांगजन क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन देते हुए जहानाबाद जिला विजेता बना और जहानाबाद जिला को टक्कर देते सिवान जिला उप विजेता बना। क्रिकेट प्रतियोगिता में जहानाबाद जिले के दिव्यांगजन प्रतिभागीयों में मंजीत कुमार, रूपेश कुमार, अमन कुमार, श्याम जी पाण्डेय, योगेश पासवान, सनोज कुमार, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, रंजन कुमार, रणधीर कुमार, अनन्त पाण्डेय, रामनिवास कुमार, संतोष कुमार ने क्रिकेट मैच में भाग लिया।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना
## आठ लाख के जेवर उड़ाये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। स्थानीय शहर के रेलवे स्टेशन इलाके में एक बंद घर से चोरी की बड़ी घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। शुक्रवार की रात चोरों ने दवा कारोबारी संतोष कुमार के घर से लगभग आठ लाख रुपए मूल्य के सोने- चांदी के गहने सहित कई अन्य कीमती वस्तु चुरा ले गए। चोरी की घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित संतोष कुमार ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन इलाके में एक सेवानिवृत शिक्षक के घर में किराए पर रहते हैं और वहीं से अपनी दवा की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम को वह अपनी दादी का इलाज कराने अपने पैतृक गांव कोहरा चले गए थे। इस दौरान घर में ताला लगा था और पूरा मकान खाली था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने चोरी करने के दौरान मकान मालिक के फ्लैट के साथ-साथ कई अन्य किरायदारों के कमरों के ताले भी तोड़ दिए। इसके साथ ही घर में रखे कीमती जेवरात चुरा ले गए। शनिवार सुबह जब संतोष अपने पैतृक गांव से जहानाबाद स्थित आवास लौटे तो उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था और कई ताले टूटे हुए थे। उनके अनुसार चोरी हुए गहनों का मूल्य लगभग 8 लाख रुपए का है।चोरी की घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर थाना अध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि पुलिस इस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है तथा आसपास के लोगों से भी इस मामले में पूछताछ की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के कारण लोग दहशत में रहते हैं।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 11-10-2025 21:44 Page 1



# तेजप्रताप की मौजूदगी से राजद खेमे में खलबली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** विधानसभा का यह चुनाव कई मायनों में अलग रहेगा। जन सुराज के रूप में एक नई पार्टी मैदान में उतरी है तो दोनों बड़े गठबंधनों के घटक दलों में जोड़-घटाव हुआ है। लालू परिवार पहली बार खंडित रूप से बिहार के किसी चुनाव में उतर रहा है।

लालू के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव ने नई पार्टी जनशक्ति जनता दल का गठन किया है। परिवार से अलग होकर वह कई जगहों पर सभा कर रहे हैं, मगर मुजफ्फरपुर से उनका प्रेम कुछ अधिक दिख रहा है।

तभी तो बाबा गरीबनाथ के दर्शन के साथ वह पिछले माह से अब तक आधा दर्जन बार यहां का दौरा कर चुके हैं। उनका फोकस राजद विधायक वाली सीटों पर ही है। तेज प्रताप की इन यात्राओं को लेकर राजद नेताओं का सीधे तौर पर तो बयान नहीं आता, मगर पैनी नजर जरूर है।

ठेठ देशज अंदाज के साथ तेज प्रताप माता-पिता को पूजनीय तो बताते हैं, मगर विचारधारा के स्तर पर खुद को अलग रख रहे। परिवार से अलग होकर भी माता-पिता की चर्चा इसलिए करते हैं कि उनका भी आधार वोट स्वजातीय ही है। पिछले दिनों बापू की प्रतिमा को भाजपा का रंग देने की घटना की सूचना पर वह मीनापुर पहुंचे थे।

बापू की विचारधारा के साथ चलने की बात कही थी। बोचहां में राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल पर हमला बोला था। कहा, उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। गायघाट पहुंचे तो एक साथ कई संदेश दे गए। केंद्र व राज्य सरकार की आलोचना के साथ यहां से स्थानीय उम्मीदवार उतारने की बात कही।

नवरात्र में मीनापुर के पूजा-पंडालों में माता का दर्शन कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। राजद नेताओं से इतर वह पूजा-पाठ को लेकर कभी विवादास्पद बयान नहीं देते। उनका श्रीकृष्ण प्रेम जगजाहिर है। राजद को सबसे अधिक खतरा उनकी इसी छवि को लेकर है।

# ओवैसी बिगाड़ेंगे राजनीतिज्ञों के गणित?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में इंडिया गठबंधन द्वारा खारिज करने के बाद, एआईएमआईएम ने शनिवार को कहा कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जो पिछले चुनावों में लड़ी गई सीटों की संख्या से पांच गुना अधिक है।



हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने दावा किया कि उसका लक्ष्य बिहार में एक ₹तीसरा विकल्प₹ तैयार करना है, जहां वर्षों से राजनीति भाजपा नीत राजग और कांग्रेस-राजद गठबंधन के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा, हमारी योजना 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की है। राजग और 'महागठबंधन' दोनों को हमारी उपस्थिति का एहसास कराने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि 2020 में एआईएमआईएम पर धर्मनिरपेक्ष वोटों को विभाजित करने का आरोप लगाने वाला 'महागठबंधन' अब ऐसा नहीं कर सकता। ₹अब यह सर्वविदित है कि मैंने (राजद अध्यक्ष) लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को पत्र लिखकर गठबंधन की इच्छा व्यक्त की थी। लेकिन कोई जवाब नहीं आया।

उन्होंने कहा कि अब, हमें अपना दायरा बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हां, हम तीसरे मोर्चे की संभावना तलाशने के लिए समान विचारधारा वाले दलों से भी बातचीत कर रहे हैं।

एआईएमआईएम नेता ने कहा, कुछ ही दिनों में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा के चुनाव 6 और 11 नवंबर को होंगे और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

एआईएमआईएम ने 2020 का विधानसभा चुनाव उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की बसपा और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की अगुवाई वाली अब समाप्त हो चुकी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था।

कुशवाहा ने बाद में एक नया संगठन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा, बनाकर एनडीए में शामिल हो गए। पिछले विधानसभा चुनावों में, एआईएमआईएम ने पांच सीटें जीती थीं और माना जाता है कि इसने कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में राजद, कांग्रेस और वामपंथी गठबंधन को नुकसान पहुंचाया था।

हालांकि, 2022 में, एआईएमआईएम के चार विधायक राजद में शामिल हो गए। इमाम, जो पहले राजद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जद (यू) में रह चुके थे, अब एआईएमआईएम के एकमात्र विधायक हैं।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, एआईएमआईएम बिहार में एक ऐसा क्षेत्र देखती है, जहां मुसलमान ज्यादा हैं। कुल आबादी के 17 प्रतिशत से भी कम, लेकिन राज्य विधानसभा में कभी भी आनुपातिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला।

पिछले महीने, ओवैसी सीमांचल क्षेत्र गए और चार दिनों तक किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया जैसे जिलों का दौरा किया, जहां अल्पसंख्यक समुदाय की अच्छी-खासी आबादी है।

हालांकि ओवैसी राजद, जद(यू) और कांग्रेस पर मुसलमानों के प्रति उदासीनता का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन ओवैसी पर 'भाजपा की बी टीम' होने का आरोप लगाया जाता है, जो भगवा पार्टी की मदद के लिए 'धर्मनिरपेक्ष वोटों' में सेंध लगाती है।

# मुकेश सहनी ने भाजपा पर बोला तीखा हमला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा अपना अस्तित्व बचाने के लिए दर-दर भटक रही है, यह बयान बिहार के पूर्व मंत्री और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक मुकेश सहनी ने दिया है। मुकेश सहनी ने एनडीए और भाजपा पर तीखा हमला बोला है, कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के लिए यह दुर्दिन का वक्त है जब उसे सीट बंटवारे के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

मुकेश सहनी ने कहा कि बिहार में एनडीए की अंदरूनी लड़ाई अब दिल्ली दरबार पहुंच गई है। सीट बंटवारे को लेकर गठबंधन में घमासान मचा है। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सबकुछ तय है, बस आखिरी टच दिया जा रहा है। बहुत जल्द इसकी घोषणा कर दी जाएगी।

सहनी ने नीतीश कुमार और भाजपा की खींचतान पर कहा कि जदयू मुख्यमंत्री की कुर्सी अपने पास रखने के लिए बेचैन है, जबकि भाजपा इस बार मुख्यमंत्री की कुर्सी छीनने के लिए व्यग्र है। उन्होंने बिहार की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि बेरोजगारी रिकॉर्ड तोड़ रही है, महंगाई कमर तोड़ रही है। उद्योग धंधे ठप हैं, निवेश की योजना नहीं है। व्यापार, कारोबार, दुकानदारी, कारीगरी सब ठप हैं।

मुकेश सहनी ने कहा कि बंदरबांट में उलझी एनडीए सरकार से जनता को कोई उम्मीद अब नहीं बची है। उनकी टिप्पणियां बिहार की राजनीति में गठबंधनों की उठापटक और आगामी चुनावों को लेकर चचाओं के बीच आई हैं।

# गंगा नहाने गयीं चार बच्चियां डूबीं, कोहराम

## तीन की लाश बरामद, एक इलाजरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** सारण जिले के दिघवारा प्रखंड के अकिलपुर पंचायत के रामदास चक बिंदटोलिया गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा नदी में नहाने गई चार बच्चियां डूब गईं। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद तीन बच्चियों के शव नदी से बरामद कर लिए गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज चल रहा है।

मृत बच्चियां भुलेटन महतो की पुत्रियां 11 वर्षीय गुंजन कुमारी, 9 वर्षीय सपना कुमारी और 7 वर्षीय तुरनी कुमारी थी। चौथी बच्ची, लखमुनि कुमारी (पिता रामनाथ महतो) की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उसे स्थानीय लोगों की मदद से पतलापुर बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।



ग्रामीणों के अनुसार, चारों बच्चियां दोपहर में घर से नदी में स्नान करने गई थीं। नदी के गहरे हिस्से में जाने से वे अचानक डूबने लगीं। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक तीन की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। मृत बच्चियों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिघवारा थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी तट पर सुरक्षा प्रबंध करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# चाय दुकानों पर तय हो रहा विधायक और बन रही सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मुंगेर मुख्यालय से 14 किमी पश्चिम हम अभी लखीसराय मुंगेर सीमांत की एक चाय दुकान पर बैठे हैं। समय सुबह के सात बजे रहे हैं। बहुत लोग पहले से बैठे चाय पी रहे हैं तो कुछ को हाथ मे ग्लास आने का इंतजार हैं। कुछ दुकान में अभी प्रवेश ही कर रहे हैं।

दुकान से रह-रह करके सुर- सुर की आवाज आ रही है। यहां गांव की इस दुकान में भी चुनावी चर्चा जारी है। इसी बीच नाथू बाबा ने चाय दूकानदार की तरफ पैसे बढ़ाते हुए कहा- पैसा लो बेटी! पता नहीं, इस बार कौन जीतेगा। पुराना नेताजी भी जोर लगा रहे हैं। नयका भी हाथ जोड़ रहा है।

सिकंदर बाबू चाय की एक लंबी चुस्की खींच कर बोले- पहले परखेंगे। तब वोट देंगे। वोट है कोई खेल नहीं है। पांच साल लग जाता है इस समय के आने में। तभी बुजुर्ग हरि बाबू की पांच साल की पोती उनके गोद में आकर खेलते हुए चाय पीने की जिद करने लगती है।

हरि बाबू अपनी पोती के सिर पर हाथ फिराते हुए कहा- देखो भाय! हम एतना जानै हिये की नीतीश सरकार बेटी के खूब फैदा देलेखिन! पढ़ाई-लिखाई के सारा खर्चा खुदे उठाय रहलखिन। इतना कहकर वे चुप हो जाते हैं। उनको चुप जान मैंने चर्चा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

अच्छा बाबा! सरकार कौन अच्छा? सामने रंजु सहनी चाय की अंतिम चुस्की लेते हुए तपाक से कहा- जिसके राज में चोर बदमाश तंग नहीं करे। गरीब गुरबा के भला हो वही राज न अच्छा। तभी दुकानदार हरिबोल ने मुझसे पूछा- आप भी चाय लेंगे क्या? मैंनें हामी भरी। तबतक वहां एक वार्ड सदस्य प्रतिनिधि भी चुनावी चर्चा सुनने के लिए बैठ गए। उसने चाय का भी ऑर्डर किया।

बात आगे बढ़ी। हां! तो हम कह रहे थे कि जो रोजगार, बिजली, पानी और शिक्षा आदि की व्यवस्था करेंगे। वोट उन्हें ही मिलेगा। एक ही सांस में वार्ड प्रतिनिधि भी बोल गए। समय गुजर रहा था। इधर दुकान के सामने भी महिलाएं कुछ चुनावी चर्चा में ही व्यस्त नजर आ रही है। सामने कुछ बच्चे उछल कूद मचाए हुए हैं।

मुंगेर लखीसराय का मुख्य मार्ग होने के कारण रह रहकर गाड़ियों के हॉर्न की आवाज भी सुनाई पड़ रही है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सरायकेला-खरसावां, पाकुड़ और गिरिडीह जिलों में शुक्रवार और शनिवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। सरायकेला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि दो युवक, अर्जुन लामय और उनके साले गोपी बारी, बाइक पर सवार थे। शुक्रवार रात को सरायकेला-कंद्रा मुख्य सड़क के पास बोलाईडीह में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

विनय कुमार ने कहा कि सरायकेला में किसी जरूरी काम के लिए बाइक पर निकले थे। हालांकि, वे सीधे सरायकेला जाने की बजाय कंद्रा की ओर चले गए, जहां उनका हादसा हो गया।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹हमें ग्रामीणों ने सूचना दी और हम शनिवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्हें सरायकेला सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में रखे गए हैं।₹ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹हम मामले की जांच कर रहे हैं और हादसे में शामिल वाहन का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

इसी तरह पाकुड़ जिले के बिंदादीह गांव के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई, जब एक पत्थर और बजरी से भरी भारी गाड़ी नियंत्रण खो बैठी और मृतक के झोपड़े पर पलट गई। हिरणपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सकाल बेशरा (55) के रूप में हुई है।

वह दूसरों के मवेशियों की देखभाल करते थे और उनका झोपड़ा दंगापाड़ा-शहरग्राम मुख्य सड़क के किनारे था।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹गाड़ी हिरणपुर की तरफ जा रही थी, जब चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी झोपड़े पर पलट गई। इसके कारण उनकी मौत हो गई। शव को पत्थर और बजरी हटाने के बाद निकाला गया।

इसी तरह गिरिडीह जिले के बगोदर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत एनएच-19 पर ऑरा के खेतको टर्न के पास एक ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। बगोदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी बिनय कुमार ने बताया कि मृतक हनीफ अंसारी (60), जो बनपुरा के निवासी थे, बाइक चला रहे थे। उनकी पत्नी कलीमा खातून पीछे बैठी थीं।

# नगर निगम का बदलेगा बुनियादी ढांचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** महानगरों की तर्ज पर अब धनबाद नगर निगम क्षेत्र का भी विकास होने जा रहा है। आने वाले समय में यहां की न केवल सड़कें बल्कि शहरी बुनियादी ढांचे में भी एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

शहर को विकसित करने की पूरी प्रक्रिया एक योजना के तहत की जाएगी। यानि एक सतत शहरी विकास के लिए भविष्य के उन तमाम बुनियादी ढांचे को सम्मिलित किया जाएगा जो शहर और नागरीय सुविधाओं को सीधे तौर पर लाभांवित करेगा।

इसके लिए नगर विकास विभाग ने पहल शुरू कर दी है। इसके लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के इंजीनियरों की आठ विशेषज्ञ टीमों का गठन किया गया है।

यह टीम शहर की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण करने और एक सतत शहरी विकास के लिए भविष्य की




बुनियादी ढांचे की आवश्यकता का पता लगाएगी।

यह टीम शुक्रवार को धनबाद आ रही है जो अगले तीन दिनों में नगर निगम क्षेत्र का भ्रमण करेगी। टीम भविष्य के विकास और आधारभूत संरचनाओं को देखते हुए उसका अध्ययन करेगी।

उसके बाद टीम मानचित्र सहित दौरा रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। इस टीम में शहरी स्थानीय निकाय के प्रशासक और पथ निर्माण विभाग के संबंधित जिलों के कार्यपालक अभियंता भ्रमण दल को सभी प्रकार का सहयोग प्रदान करेंगे।

# अवैध वसूली करते वीडियो के आधार पर पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

## खर्चा के नाम पर चालक से लिया था 50 रुपया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** धनहा थाना क्षेत्र के धनहा पुल पर वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा की गई अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने कड़ी कार्रवाई की है।

यह मामला तब प्रकाश में आया जब नौ सितंबर को एक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ। जिसमें पुलिसकर्मी एक पिकअप वाहन चालक से 'खर्चा' के नाम पर 50 रुपये की मांग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा गया कि जांच के दौरान चालक ने बताया कि गाड़ी में अंडा लदा हुआ है। इसके बावजूद एक पुलिसकर्मी द्वारा 50 रुपये मांगे जा रहे हैं।

वाहन चालक द्वारा पैसे देते हुए पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया गया और उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया।

### जांच टीम ने वीडियो को बताया सही

वीडियो प्रसारित होने के बाद एसपी ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए धनहा अंचल के पुलिस निरीक्षक से जांच करवाई। जांच में यह पुष्टि हुई कि थाने के दारोगा श्रीराम शर्मा, उत्पाद विभाग के जमादार तार्निंग प्रसाद और होमगार्ड के चार जवानों ने एक पिकअप चालक से अवैध रूप से रिश्वत ली है। इसके बाद एसपी ने तुरंत विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए।

दारोगा और जमादार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है, जबकि चार होमगार्ड जवानों को छह महीने तक कर्तव्य से वंचित रखने की सजा दी गई है। एसपी ने यह भी बताया कि इस कार्रवाई की अनुशंसा जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से भी की गई है।

चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू है और ऐसे में इस तरह की अवैध गतिविधियां न केवल कानून व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी खलल डालती हैं।

एसपी ने स्पष्ट किया है कि पुलिसकर्मियों की ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि यदि किसी प्रकार की अवैध वसूली या पुलिसिया दबाव की जानकारी मिले तो तुरंत उसकी सूचना प्रशासन को दें।

# हथियार के साथ दो धराये

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर जुगसलाई थाना क्षेत्र पार्वती घाट बस्ती स्थित श्मशान घाट गेट के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा आने-जाने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही थी।

रात्रि लगभग 10:10 बजे एक बाइक पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने का प्रयास करने लगे। तत्परता दिखाते हुए पुलिस बल ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। एक युवक की पहचान मो. रेहान के रूप में हुई, जिसके बैग से एक देशी पिस्तौल, एक मैगजीन और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं, उसके साथ मौजूद किशोर की फुलपैंट की जेब से एक जिंदा गोली तथा एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। इसकी जानकारी सिटी एसपी कुमार शिवशीष ने दी। पुलिस ने बरामद हथियार एवं मोबाइल फोन को विधिसम्मत जब्त करते हुए मो. रेहान को गिरफ्तार कर लिया, जबकि किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# असम के आईडी से अधार बनाते दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिले में आधार में हो रहे फजीर्वाड़े पर शुक्रवार को मुहर लग गई। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोतीचौकी पांगड़ो से शुक्रवार की शाम पकड़े गए दो युवकों के पास से बरामद लैपटॉप की जांच पड़ताल के दौरान उसमें असम की आईडी मिली, जिसके माध्यम से मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर आधार बनाया जा रहा था।

छानबीन के दौरान बैकडेट में 22 लोगों के आधार बनाने के सबूत मिले हैं। इसके बाद बरामद आधार को छानबीन के लिए यूआईडी के राज्य मुख्यालय भेजने का निर्देश उपायुक्त ने यूआईडी पदाधिकारी को दिया है।

उधर, पुलिस ने पकड़े गए तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली पत्ताबाड़ी निवासी राजदेव उरांव व जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोतीचौकी पांगड़ो निवासी मोनू कुमार चौधरी को पुलिस ने जेल भेज दिया है तथा इस मामले की गंभीरता से छानबीन शुरू कर दी है। इस मामले की जांच की जिम्मेदारी बोरियो प्रभाग के पुलिस इंस्पेक्टर नुनूदेव राय को दी गई है।

घुसपैठ प्रभावित साहिबगंज-पाकुड़ सहित राज्य के पांच जिलों में अनुमानित जनसंख्या से अधिक लोगों का आधार बन गया है। अक्टूबर 2024 तक साहिबगंज जिले की अनुमानित आबादी 13 लाख 92 हजार 393 थी लेकिन यहां 14 लाख 53 हजार 634 लोगों का आधार बन चुका था।

इसी तरह पाकुड़ की कुल आबादी 10 लाख 89 हजार 673 है जबकि यहां 11 लाख 36 हजार 959 लोगों का आधार बन चुका था। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन के कान खड़े हुए। उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि बाहर की आईडी से बड़ी संख्या में आधार बन रहे हैं।

इसके बाद आधार केंद्रों पर प्रशासन ने नजर रखनी शुरू की।

# बिहार विधानसभा चुनाव को ले दिल्ली में महामंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में बातचीत का दौर अब अंतिम चरण है। भाजपा और जदयू ने अपने कई पुराने चेहरों को हरी झंडी भी दे दी है।

लेकिन, अब तक औपचारिक रूप से घोषणा नहीं की है। यह घोषणा आज शाम तक संभावित है। लेकिन, इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर जुटे हैं। गृह मंत्री अमित शाह, बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता सीट शेयरिंग समेत कई मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट बंटवारे का काम 95 फीसदी तक हो चुका है। भाजपा और जदयू दोनों 100 से अधिक पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। केंद्रीय चिराग पासवान की पार्टी को 28, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को आठ और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को करीब पांच सीटें भाजपा और जदयू देना चाहती है। लेकिन, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा मानने को तैयार नहीं।

चिराग 35 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। वहीं जीतन राम मांझी का तर्क है कि राज्य स्तर की पार्टी बनने के लिए आठ विधायक चाहिए। हमारे पास पहले से चार विधायक हैं। ऐसे में 15 सीटों से कम पर चुनाव हमलोग नहीं लड़ कसते हैं। वहीं आरएलएसपी के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने 24 सीटों की मांग की है। तीनों पार्टी के नेताओं ने चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर अपनी-अपनी बात रख दी है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने दावा किया है कि एनडीए के घटक दलों के कहीं कोई मतभेद नहीं है। सबलोग एकजुट हैं। जल्द ही सीट बंटवारे का एलान कर दिया जाएगा।

बिहार चुनाव को लेकर बीजेपी के साथ सीट बंटवारे की बातचीत पर एलजेपी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि बातचीत सकारात्मक ढंग से चल रही है और अब अपने अंतिम चरण में है। जिस घोषणा का इंतजार आपलोग कर रहे हैं, वह भी जल्द होने वाली है। हमलोग हर एक चीजों पर विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। ताकि बाद में गठबंधन के अंदर किसी भी चीजों को लेकर कोई संशय नहीं हो। हम हर छोटे-बड़े मुद्दे, सीटों, उम्मीदवारों और प्रचार को लेकर विस्तृत चर्चा कर रहे हैं। जहां पर मेरे प्रधानमंत्री हैं, वहां पर मुझे अपने सम्मान करने की चिंता नहीं है।

# संपूर्ण क्रांति के प्रणेता की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि और ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123 वीं जयंती लोकनायक भवन, डाक बंगला चौराहा, पटना में मनाई गई। उक्त अवसर 'जेपी और लोकतंत्र' विषय पर प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल सह बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें बचपन बचाओ आन्दोलन के बिहार व झारखंड के समन्वयक डॉ मोख्तारूल हक, राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष, इंदिरा रमन उपाध्याय, संघर्ष वाहिनी के निर्मल, ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति, औरंगाबाद के मंत्री शालिग्राम मंडल, ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति के व्यवस्थापक सुरेंद्र सुमन व जीव प्रसाद नारायण प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर जे पी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभाकर कुमार ने कहा कि सम्पूर्ण क्रान्ति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के लोकतंत्र के संदर्भ में विचार हम सब के लिए आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। देश के विभिन्न राज्यों में जेपी के लोग लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए संघर्षरत हैं। सर्वोदय से लेकर सम्पूर्ण क्रान्ति की अवधारणा तक जेपी ने हमेशा सरकार से ज्यादा व्यवस्था परिवर्तन पर बल दिया जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। माखनलाल दास, मंत्री, बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।



इसी तरह आजादी के आंदोलन के नायक सर्वोदयी तथा संपूर्ण क्रांति आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण के 123 वो जयंती के अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल,बिहार नशाबंदी परिषद,लोक समिति के संयुक्त तत्वाधान में सर्वोदय भवन आदिवासी कॉलोनी पटना में एक सेमिनार का आयोजन चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

सेमिनार को संबोधित करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान 1942 में हजारीबाग जेल से भागकर उन्होंने भूमिगत होकर आजादी के आंदोलन को सहयोग किया।

सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने ऑनलाइन संबोधित करते हुए बताया कि1944 में जब जेपी 42 वर्ष के थे तो उनका गांधी मैदान पटना में नागरिक अभिनंदन किया गया था।

बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि 18 मार्च 1974 को बिहार विधान सभा के समक्ष युवाओं के एक प्रदर्शन में सरकार के द्वारा गोली चलाई गई थी, उसी दिन जेपी ने इसे सरकार की दमनकारी व्यवहार पर चिंता प्रकट की थी। उसके बाद ही बिहार आंदोलन की शुरूआत जेपी के नेतृत्व शुरू हुई और देश की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंका गया। सेमिनार में रामनाथ ठाकुर,दिलीप भाई,मंगल कुमार, सुमित कुमार,सुभाष यदुवंशी, संजीव राय,अंकित कुमार,राजीव कुमार,अरब भैया,क्रांति बहन,सीमा कुमारी आदि शामिल हुई।

# बिहार में जितनी भी पार्टियां आयी, सभी ने ठगा : तेजप्रताप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** वजीरगंज विधानसभा अंतर्गत तरवां में शनिवार को जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजप्रताप यादव ने चुनावी सभा में जुटे सैकड़ों समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं इस बुद्ध की भूमि, विष्णुपद, गया जी व वजीरगंज की धरती को नमन करता हूं। इतने कम समय में पार्टी का विकास और हमारी जनता की भीड़ देखकर विपक्षी पार्टी के लोग हड़बड़ा रहे हैं। बिहार में चुनाव के समय सभी लोग आते हैं और चुनाव जीतने के बाद सब वादा भूल जाते हैं। हम चार वादा ही करेंगे और उसे डंके की चोट पर पूरा करेंगे। सबसे पहले तरवां को प्रखंड बनाना है, सभी को रोजगार दिलाना है, स्वास्थ्य एवं शिक्षा में सुधार करना है। यहां प्रेम कुमार जी को आपकी सेवा के लिये भेजा गया है, ये युवा हैं और जवान हैं। हम सामाजिक न्याय की विचारधारा से आते हैं, लोहिया जी, कर्पूरी जी, लालू जी, जयप्रकाश नारायण ने बोला है कि अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना और न्याय दिलाना है। आप सभी लोग ब्लैक बोर्ड पर पढ़े हैं, मोदी जी भी ब्लैक बोर्ड के सामने पढ़े हैं, सभी को इस ब्लैकबोर्ड के पास ही जाना है, तभी विकास होगा और हमारे पार्टी का चुनाव चिह्न भी ब्लैकबोर्ड है। कम उम्र में मौका मिला तो हम स्वास्थ्य मंत्री बने और मेडिकल कॉलेज बनवाने का काम किया है। उस समय डबल इंजन की सरकार में षडयंत्र रचा गया क्योंकि लोगों को लगने लगा था कि दूसरा लालू यादव पैदा हो गया है। अगर हमारी सरकार बनती है तो मैं आपके गली में घूम-घूम कर विकास का काम करूंगा।

## हाइ टेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मानपुर।** बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर गोलागंज रोड पर यूको बैंक के समीप रहने वाले रौशन बुक एंड स्टेशनरी दुकान के प्रोपराइटर 24 वर्षीय रौशन कुमार की मौत 11 हजार वोल्ट के करेंट वाले तार की चपेट में आने से हो गयी। इस हादसे में उसके 55 वर्षीय पिता जय प्रकाश साहू भी झुलस गये है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे की बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर निगम वार्ड 48 (नियर यूको बैंक मानपुर) के पास के रहने वाले जय प्रकाश साहू का परिवार खाना खाने के बाद आराम करने वाला था। तभी एक कमरे में सांप को देखा। इसके बाद परिवार के लोगों ने उस सांप को मार डाला और अपने कमरे के बालकनी से मेरे हुए सांप को बाहर फेंक रहे थे। तभी मकान के पास से गुजरे 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में रौशन आ गया। तेज झटका देख उसके पिता जय प्रकाश उसे बचाने का प्रयास किये तो वे भी झुलस गये। संयोग अच्छा हुआ कि इस दौरान तार टूट कर जमीन पर गिर गया।

## बिहार-झारखंड सीमा पर संयुक्त छापेमारी, 22,500 किलो जावा महुआ व 1,410 लीटर शराब जब्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** छापेमारी दल में बिहार, झारखंड के उत्पाद विभाग के प्रतिनिधि, डोभी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक सख्ती के बीच गया व हजारीबाग जिले के मद्य निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने बिहार झारखंड बॉर्डर के चौपारण थाना क्षेत्र के भंडार, परसातरी, भगहर, भरना, चौकी और आवातरी गांवों में शनिवार को बड़े पैमाने पर छापेमारी की। अभियान के दौरान 22,500 किलो जावा महुआ, शराब बनाने के उपकरण और अन्य कच्ची सामग्री बरामद की गयी जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वही टीम ने 1,370 लीटर महुआ शराब और 40 लीटर विदेशी शराब भी जब्त की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार छापेमारी का उद्देश्य बिहार-झारखंड सीमा पर अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर अंकुश लगाना है। इस अभियान में गया जिले के मद्य निषेध निरीक्षक गणेश चन्द्रा और उमेश चन्द्रा राय, सहायक अवर निरीक्षक एवं ड्रोन प्रभारी अभय कुमार, वहीं हजारीबाग उत्पाद विभाग से उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार शामिल थे। ड्रोन की मदद से संदिग्ध ठिकानों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की गयी। निरीक्षक गणेश चंद्रा ने बताया कि दोनों जिलों की टीमें भविष्य में भी इस क्षेत्र में संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान जारी रखेंगी ताकि शराब माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगायी जा सके।

## विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल बना बच्चों ने नवाचार का बताया महत्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डॉन बॉस्को एकेडमी में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर नवाचार के महत्व से अवगत कराया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या मेरी अल्फोंसा ने किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें विज्ञान की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है। विद्यालय के वरीय शिक्षक जोसेफ विजय, नेहा नाथ एवं जेम्स रीड के दिशा निर्देशन में बच्चों द्वारा विज्ञान के आधुनिकतम एवं उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया गया जिसमें वर्ग पांचवीं से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के उप प्राचार्य एरिक रोजारियो ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया व बच्चों द्वारा प्रदर्शित इस विज्ञान प्रदर्शनी में किये गये प्रदर्शन की प्रशंसा की।

## कल से शुरू हो रहे नामांकन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया/टिकारी।** विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर 13 से 20 अक्तूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। नामांकन को लेकर प्रशासनिक स्तर से पूरी तैयारी पूरी कर ली गयी है। निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम प्रवीण कुंदन द्वारा टिकारी विधानसभा का व निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमेत विक्रम बेनामी द्वारा गुरुआ विधानसभा के उम्मीदवारों का नामांकन पत्र प्राप्त किया जायेगा। दोनों के लिए अलग-अलग काउंटर अनुमंडल कार्यालय में बनाये गये है। नामांकन को पारदर्शी व स्वच्छ समपन्न कराने को लेकर अनुमंडल कार्यालय व आसपास नौ जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती की गयी है। अनुमंडल प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनुमंडल कार्यालय के मुख्य द्वार, अनुमंडल कार्यालय परिसर, गोदाम के समीप, प्रखंड कार्यालय का मुख्य द्वार, सोन शिविर के पास ड्रॉप गेट, सोन शिविर कार्यालय टिकारी में निर्मित वाहन पार्किंग स्थल। दोनों विधानसभा के नामांकन कक्ष के समीप व आश्रम के समीप मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। इसके अलावा उम्मीदवारों व उनके समर्थकों के वाहनों की पार्किंग आश्रम के समीप किया जायेगा। टिकारी विधानसभा के नामांकन कक्ष में निर्वाची पदाधिकारी के साथ नोडल पदाधिकारी सह अवर निर्वाचन पदाधिकारी के साथ सहयोगी कर्मी के रूप में 13 कर्मी प्रतिनियुक्त किये गये है। अधिकृत कर्मियों के अलावा किसी अन्य को नामांकन कक्ष में जाने की अनुमति नही रहेगी। इस बार गुरुआ विधानसभा के उम्मीदवार टिकारी अनुमंडल कार्यालय पहुंच नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। टिकारी डीसीएलआर अमेत विक्रम बेनामी को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। गुरुआ विधानसभा के लिए अलग से अनुमंडल कक्ष में नामांकन कक्ष बनाये गये है।

## माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 14 से, गया में शामिल होंगे 45543 अभ्यर्थी

### गया में आदर्श परीक्षा केंद्र पर दो पालियों में 16 नवंबर तक होगी ऑनलाइन परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** राज्य के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों में नियुक्ति व नियोजन की पात्रता के लिए अहम माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीइटी) 2025 का आयोजन 14 अक्तूबर से 16 नवंबर तक विभिन्न तिथियों में दो पाली में आयोजित किये जायेंगे। राज्य के पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णियां, सहरसा व भोजपुर (आरा) में परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। गया में भी प्लस टू हरिदास सेमिनरी स्कूल परिसर में स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के क्षेत्रीय कार्यालय में आदर्श परीक्षा केंद्र पर एग्जाम संचालित होंगे। गौरतलब है कि परीक्षा का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा किया जायेगा। बेल्ट्रॉन की चयनित एजेंसी टीसीएस (आइओएन) के द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा ली जायगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डीएम को मुख्य जिला परीक्षा नियंत्रक व डीइओ को सह जिला परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। साथ ही बोर्ड ने परीक्षा संचालन को लेकर कई निर्देश भी दिये हैं। गया में भी प्लस टू हरिदास सेमिनरी स्कूल परिसर में स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के क्षेत्रीय कार्यालय में आदर्श परीक्षा केंद्र पर 16 नवंबर तक दो पालियों में 45543 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली नौ बजे से 11.30 बजे तक जिसका रिपोर्टिंग टाइम 7:30 बजे है। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे से 4:30 बजे तक होगी। दूसरी पाली के लिए रिपोर्टिंग टाइम 12:30 बजे निर्धारित है।

## 40 लोगों से 14 करोड़ रुपये की ठगी का बंटवारा करने होटल में जुटे 13 साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एसटीएफ और शास्त्रीनगर थाने की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय साइबर अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने 13 साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया है। ये सभी देश के 40 लोगों से 14 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के बाद होटल में पैसे का बंटवारा करने के लिए जुटे थे। इसकी भनक पुलिस को मिली जिसके बाद एसटीएफ के साथ मिलकर खाजपुरा बेली रोड स्थित मातृ होटल एवं बैंक्वेट में छापेमारी की गयी। मौके से 13 साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पूछताछ में पता चला कि ये सभी किसी बड़े ऑनलाइन फ्रॉड की घटना को अंजाम भी देने वाले थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 15 मोबाइल फोन और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की। साइबर थाने के डीएसपी नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि जब्त मोबाइल की तकनीकी जांच में कई संदिग्ध बैंक खाते पाये गये जिनका एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से सत्यापन करने पर पूरे देश के विभिन्न राज्यों से करीब 40 साइबर ठगी के मामले जुड़े पाये गये। इन शिकायतों की कुल राशि लगभग 14 करोड़ 10 लाख 36 हजार 261 रुपये है। गिरफ्तार आरोपितों में कुंदन कुमार, रंजीत पासवान, अमन कुमार, विक्रांत कुमार, अनुराग वर्मा, प्रहलाद प्रभात, सन्नी कुमार, पवन कुमार, नरेन्द्र कुमार, विरेन्द्र यादव, रवि किशोर, अंकित कुमार और ऋषभ कुमार। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधी टेलीग्राम चैनलों और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को फर्जी टास्क, ऑनलाइन जॉब, क्रिप्टो-बिटक्वाइन निवेश, माइक्रो फाइनेंस से लोन दिलाने तथा गेमिंग के माध्यम से कमाई के नाम पर ठगते थे। तकनीकी जांच में यह भी खुलासा हुआ कि गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है और इनके अन्य साथी अब भी फरार हैं।

## जेपी जयंती पर डॉ. दिलीप जायसवाल ने दी श्रद्धांजलि

### जेपी आंदोलन से निकले लालू यादव ने जेपी को ठगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने उनके किये गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश के विचार, त्याग और समर्पण की भावना सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने जनआंदोलन के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा की और भारत के राजनीतिक व सामाजिक जीवन में आदर्श की स्थापना की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा लोकनायक ने बिहार की ही नहीं, देश की राजनीति को नया आयाम दिया। उन्होंने जहां लोकतंत्र पर किए गए कुठाराघात आपातकाल को लेकर इस बिहार की धरती से ऐसे आंदोलन का सूत्रपात किया, जिसकी गूंज पूरे देश में गूंजी। उन्होंने लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश जेपी आंदोलन से निकले कई नेता सत्ता मिलते ही भ्रष्टाचार में डूबते चले गए और सत्ता के लिए उसी कांग्रेस की गोद में बैठ गए जिसके कुशासन से लड़ते हुए आगे बढ़े थे। उन्होंने कहा कि आज जेपी की आत्मा भी उन्हें देखकर रोती होगी। खुद को जेपी के शिष्य बताने वाले लालू यादव ने बिहार में 15 साल के अपने राज में चारा घोटाले से अलकतरा घोटाले तक भ्रष्टाचार के काले पहाड़ बनाकर जेपी के आदर्शों को कलंकित किया। उन्होंने सही अर्थों में लोकनायक को ठगा है।

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती मनाई गई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि और ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123 वीं जयंती लोकनायक भवन, डाक बंगला चौराहा, पटना में मनाई गई। उक्त अवसर पर 'जे पी और लोकतंत्र' विषय पर प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल सह बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें बचपन बचाओ आन्दोलन के बिहार व झारखंड के समन्वयक डॉ मोख्तारूल हक, राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष, इंदिरा रमन उपाध्याय, संघर्ष वाहिनी के निर्मल, ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति, औरंगाबाद के मंत्री शालिग्राम मंडल, ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति के व्यवस्थापक सुरेंद्र सुमन व जीव प्रसाद नारायण प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर जे पी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभाकर कुमार ने कहा कि सम्पूर्ण क्रान्ति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के लोकतंत्र के संदर्भ में विचार हम सब के लिए आज भी प्रेरणास्रोत है और देश के विभिन्न राज्यों में जे पी के लोग लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए संघर्षरत हैं। सर्वोदय से लेकर सम्पूर्ण क्रान्ति की अवधारणा तक जे पी ने हमेशा सरकार से ज्यादा व्यवस्था परिवर्तन पर बल दिया जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। माखनलाल दास, मंत्री, बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन द्वारा सर सैय्यद डे का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, पटना, महान शिक्षाविद, दूरदर्शी सुधारक और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खां की जयंती 17 अक्टूबर 2025 को समारोहपूर्वक मनाएगा। सर सैय्यद का शिक्षा, तर्क और सामाजिक सुधार का शाश्वत संदेश पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। यह दिन केवल स्मरण का नहीं बल्कि उनके मिशन को आगे बढ़ाने और एक शिक्षित, प्रगतिशील और एकजुट समाज के निर्माण के प्रति नवा संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम का आयोजन 17 अक्टूबर को अभिलेख भवन सभागार, नियर बीपीएससी कार्यालय, बेली रोड, पटना में शाम पांच बजे से होगा। कार्यक्रम में विशेष तौर पर मोनो एक्ट नाटक-सर सैय्यद अहमद खां के जीवन और शैक्षिक दर्शन, निर्देशितः डॉ. सईद आलम, अभिनय-वरिष्ठ पत्रकार और कलाकार तहसीन मुनावर होंगे जबकि सांस्कृतिक प्रस्तुति-सर सैय्यद लिटरेसी स्कूल के छात्रों द्वारा किया जायेगा। मौके पर प्रेरणादायक संबोधन वरिष्ठ अलीग, शिक्षाविद और विशिष्ट अतिथि द्वारा किया जाएगा। एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन पटना ने सभी अलीगों, शिक्षाविदों, छात्रों और शुभचिंतकों से अनुरोध किया है कि आयोजन में भाग लेकर सर सैय्यद के मिशन को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

## 44वां इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता अपार उत्साह के साथ संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा आयोजित 44वां इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता बापू सभागार, पटना में अपार उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम 'प्रेरणादायक पौराणिक कथाएं' रही जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों ने भारतीय पौराणिक कथाओं से प्रेरित रंगारंग प्रस्तुतियों द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. विजय लक्ष्मी, भाप्रसे तथा विशिष्ट अतिथि अखण्ड ज्योति हॉस्पिटल के चीफ ग्रोथ ऑफिसर बी आई कैथरीन और नटराज स्टोन के ए.के.पी. सिन्हा एवं रेनु सिन्हा ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों-जूनियर फोक डांस, सीनियर फोक डांस और थीमैटिक डांस में आयोजित की गई। लगभग 18 विद्यालयों के 800 छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं को अपने नृत्य से जीवंत कर दिया।

दोपहर 1 बजे से रात 9 बजे तक चले इस आयोजन में दर्शकों ने हर प्रस्तुति का तालियों से स्वागत किया और पूरा सभागार भारतीय संस्कृति के रंगों में रंग गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संजय भरतिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी पाटलिपुत्र पिछले 44 वर्षों से इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में भारतीय लोक-संस्कृति के प्रति प्रेम और गर्व का भाव विकसित कर रहा है। चेयरमैन रोटेरियन संदीप सर्राफ, प्रेम मित्तल तथा संयोजक रोटेरियन अनिल रितोलिया, अशोक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष स्वाति मोदी और नंद किशोर अग्रवाल ने आयोजन की सफलता का श्रेय क्लब सदस्यों के सामूहिक सहयोग को दिया।

## नौका यान टीम का खुसरूपुर में भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार नेवल यूनिट एनसीसी पटना की नौकायान टीम पटना के गांधी घाट से नौकायान करते हुए अपने प्रथम पड़ाव स्थल खुसरूपुर पहुंची। यहां टीम के सभी सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया। नौका अभियान टीम में भाग ले रहे सभी कैडेट्स को खुसरूपुर से सड़कमार्ग से नालंदा विश्वविद्यालय का दर्शन कराया गया। इस दौरान सभी कैडेट्स प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण कर इतिहास की बारीकी को समझा। इस अवसर पर उपस्थित नौका दल के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें अपनी विरासत पर जश्न मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे अपने कैडेटों पर बहुत गर्व है, जो न केवल अपने कौशल को निखार रहे हैं, बल्कि सांस्कृतिक प्रचार में अपने प्रयासों के माध्यम से समाज में सार्थक योगदान भी दे रहे हैं। यह नौका अभियान कैडेट इस यात्रा पर गंगा की रक्षा करने और इसकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए गंगा के किनारे सभी समुदायों को प्रेरित करते हुए निरंतर अपने अगले गंतव्य की ओर बढ़ रहा है।

## एसटीइटी एडमिट कार्ड जारी, 14 अक्तूबर से शुरू होगी परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीइटी) का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। एडमिट कार्ड को अपलोड कर दिया गया है। शनिवार को समिति की वेबसाइट पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

## निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य ने छात्रा को दी बधाई

### एमयू में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में जीबीएम कॉलेज की छात्राओं ने लिया भाग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जीबीएम कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं ने एमयू के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ सीमा पटेल ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा साधना प्रिया को शुभकामनाएं दीं। नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति के लिए छात्रा वैष्णवी कुमारी, कुमारी हर्षिता, साधना प्रिया, अनन्या, खुशी, काजल, श्वेता, लक्ष्मी, सोनी, नंदनी, सुजाता व प्रियंका की भी सराहना की। एमयू में छात्राओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा अनन्या, वंदना भारती, खुशी, काजल व याशफा द्वारा बनाये गये पोस्टर्स की भी सराहना हुई। छात्राओं ने समाज में विभिन्न विपरीत चुनौतियों के मध्य मानसिक स्वास्थ्य को कैसे ठीक रखा जाये, मानसिक तनाव के कारण और निवारण व अन्य ज्वलंत विषयों पर पोस्टर्स बनाये थे। छात्राएं मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रीति शेखर के नेतृत्व में एमयू गयी थीं। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि प्राचार्य डॉ पटेल ने मनोविज्ञान विभाग सहित पूरे कॉलेज परिवार को बधाइयां देते हुए कहा कि हम सभी की यह कामना है कि जीबीएम कॉलेज की छात्राएं सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरायें। डॉ पटेल ने शीघ्र ही कॉलेज में अलुमनाई मीट के आयोजन करने की भी बात कही।

## लोकनायक जयंती समारोह संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आजादी के आंदोलन के नायक सर्वोदयी तथा संपूर्ण क्रांति आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण के 123 वीं जयंती के अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल, बिहार नशाबंदी परिषद, लोक समिति के संयुक्त तत्वावधान में सर्वोदय भवन आदिवासी कॉलोनी पटना में 9 बजे से एक सेमिनार का आयोजन चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सेमिनार को संबोधित करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान 1942 में हजारीबाग जेल से भागकर उन्होंने भूमिगत होकर आजादी के आंदोलन को सहयोग किया। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने ऑनलाइन संबोधित करते हुए बताया कि1944 में जब जे पी 42 वर्ष के थे तो उनका गांधी मैदान पटना में नागरिक अभिनंदन किया गया था। बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि 18 मार्च 1974 को बिहार विधान सभा पटना के समक्ष युवाओं के एक प्रदर्शन में सरकार के द्वारा गोली चलाई गई थी,उसी दिन जे पी ने इसे सरकार की दमनकारी व्यवहार पर चिंता प्रकट की थी और उसके बाद ही बिहार आंदोलन की शुरूआत जे पी के नेतृत्व में शुरू हुई और देश की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंका गया।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, रविवार 12 अक्टूबर 2025

## संपादकीय

# कानून से न्याय दिलाने वाला हिंसा की भाषा में क्यों बोल पड़ा?

सुप्रीम कोर्ट में वकील द्वारा जूता फेंकने की कोशिश ने न्यायिक गरिमा पर प्रश्न खड़ा कर दिया। यह घटना केवल असंयम नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के प्रभाव में कानून और विवेक की पतन की चेतावनी है। हैरानी की बात है कि आरोपी ने अपनी मनमानी करने का जो कारण बताया, उससे यह साफ है कि वकील होने के बावजूद उसकी नजर में कानून या न्याय-प्रणाली की कोई अहमियत नहीं है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन लोगों से संविधान और कानून की रक्षा, उसकी मजबूती के लिए काम करने की उम्मीद की जाती है, वही अपनी कुंठाओं का प्रदर्शन करते हुए सारे नियम-कायदे ताक पर रख दें। सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को प्रधान न्यायाधीश के साथ एक वकील ने जो किया, उससे यह तीखा सवाल उठा है कि ऊंची पढ़ाई-लिखाई करके वकालत का पेशा चुनने वाला एक व्यक्ति कैसे अपने दुराग्रहों की वजह से कानून और न्याय-प्रक्रिया को अपमानित कर सकता है। गौरतलब है कि एक वकील ने कार्यवाही के बीच में ही प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की ओर सिर्फ इसलिए जूता उछालने की कोशिश की कि उसके दिमाग पर सोशल मीडिया पर फैलाई गई कोई बात हावी हो गई थी। सरकार की ओर से हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था एक मुद्दा दिखने के बावजूद अदालत के भीतर इसका ढांचा कैसा था कि एक व्यक्ति अपनी मनमानी को लेकर बेखौफ था। गनीमत बस यह रही कि आरोपी की हरकत सीमित थी, वरना वहां कुछ भी हो सकता था। सवाल है कि जिस व्यक्ति के भीतर विवेक इस कदर अनुपस्थित हो गया हो कि वह अदालत में ही प्रधान न्यायाधीश के प्रति आक्रामक हो गया, वह इससे ज्यादा हिंसक नहीं होगा, इस बात की क्या गारंटी है। इस मसले पर सोशल मीडिया पर फैलाई गईं बातों के असर में इस तरह बेलगाम और आक्रामक होना इस बात का भी सूचक है कि ऐसे व्यक्ति का विवेक सामान्य तरीके से काम नहीं कर पा रहा है और वह कानून के तंत्र एवं शासन के बजाय हिंसा का रास्ता अख्तियार करना ज्यादा सही मानता है। शायद यही वजह है कि प्रधान न्यायाधीश ने भले ही उदारता दिखाते हुए आरोपी व्यक्ति के प्रति नरमी बरती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल ने आरोपी वकील का लाइसेंस जब्त कर उसे निलंबित कर दिया। मगर इस घटना की गंभीरता को समझते हुए ही खुद प्रधानमंत्री सहित अन्य कई बड़े नेताओं ने इसे निंदनीय बताया और चिंता जाहिर की। हैरानी की बात है कि आरोपी ने अपनी मनमानी करने का जो कारण बताया, उससे यह साफ है कि वकील होने के बावजूद उसकी नजर में कानून या न्याय-प्रणाली की कोई अहमियत नहीं है। दरअसल, सोशल मीडिया पर प्रधान न्यायाधीश के एक बयान की मनमानी व्याख्या करके उसे फैलाया गया और उसके प्रभाव में आए लोगों ने इस पर सोचने-समझने या विवेक का उपयोग करने की जरूरत नहीं समझी।

**भारतीय जनता पार्टी काफी समय से यह दावा करती आ रही है कि 'एक देश एक चुनाव' चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। लिहाजा भाजपा की केन्द्र सरकार ने सितंबर 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश, एक चुनाव' की संभावनाएं तलाशने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। जिसने 191 दिनों के मंथन के बाद मार्च 2024 में राष्ट्रपति को एक रिपोर्ट सौंपा।**

# लोकतांत्रिक सुधारों के लिए क्यों जरूरी है 'एक देश, एक चुनाव'

(अवतंस चित्रांश)

रिपोर्ट में कहा गया कि 15 दलों को छोड़कर बाकी 32 दलों ने साथ-साथ चुनाव कराने का समर्थन किया और कहा कि ये तरीका संसाधनों की बचत, सामाजिक तालमेल बनाए रखने और आर्थिक विकास को तेजी देने में मदद करेगा। लेकिन इस प्रस्ताव के खिलाफ भी कई तर्क हैं।

इनमें दो तर्क बहुत महत्वपूर्ण हैं, पहला, नियमित चुनावों होने से,सरकार लोगों की इच्छा को सुनने के लिए बाध्य होती है, जबकि एक साथ चुनाव होने से सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही में कमी आएगी मैंने इस तर्क को खंगालने की कोशिश की, क्या एक साथ चुनाव होने की व्यवस्था से सरकार निरंकुश हो सकती हैं? कार्यकाल पूरा होने से पहले सरकार गिरती है तो एक देश एक चुनाव का क्या होगा?

'एक देश, एक चुनाव' के खिलाफ दूसरा महत्वपूर्ण तर्क है कि लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय हित के मुद्दे प्राथमिकता में होते है, जबकि राज्यों के चुनाव स्थानीय मुद्दों पर होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनावों के कारण, राष्ट्रीय मुद्दे राज्य के मुद्दों पर हावी हो सकते है। इस तर्क में भी दम है, इसलिए सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में जनता कैसे जवाबदेह सरकार या जनप्रतिनिधि का चुनाव करेगी?

इन दोनों तर्कों के पड़ताल में मैंने ये पाया कि असल में एक देश एक चुनाव का विरोध सिर्फ इसलिए है क्योंकि राजनीतिक दल जनता को मूर्ख समझते हैं और ये मानकर चलते हैं कि सरकारी तंत्र जनता को प्रभावित करता है।

'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था के खिलाफ इन तर्कों का और गहराई से पड़ताल करें तो हम सभी जानते हैं कि कैसे चुनावों में मतदान और मतदाताओं को प्रभावित किया जाता है। जातीय समीकरण, स्थानीय समीकरण, हाल के वर्षों में फ्री बीज कल्चर, दक्षिण में आरक्षण का वादा। इन सबके अतिरिक्त बहुत स्थानीय स्तर पर थाना, कचहरी की राजनीति से जनता के मत को प्रभावित किया जाता रहा है। फिर जवाबदेही और राष्ट्रीय व राज्य के मुद्दों का तर्क बेमानी है। फिर भी इसे तथ्यों और आंकड़ों के जरिए समझने के लिए हम एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स के विश्लेषण को आधार मान लेते हैं जो चुनाव आयोग के आंकड़ों के हवाले से रिपोर्ट तैयार करता है। एडीआर अपनी रिपोर्ट में एक डिस्क्लेमर देता है कि इस तरह की जानकारी का उद्देश्य के वल हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते उपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बना ने में सक्षम बनाया जा सके । जाहिर है, 'एक देश, एक चुनाव' का पूरा कॉन्सेप्ट ही चुनावी खर्चों में कटौती का है। ऐसे में एडीआर की रिपोर्ट यह समझने के लिए काफी है कि घोषित चुनावी खर्च से जनता को कैसे प्रभावित किया जाता है। एडीआर ने 2024 के लोकसभा चुनाव में हुए खर्च का विश्लेषण किया। और पाया कि 32 में से 5 राष्ट्रीय और 27 क्षेत्रीय दलों ने 16 मार्च से छह जून, 2024 के बीच 3,352.81 करोड़ रुपये खर्च किए। यह खर्च लोकसभा चुनावों के साथ-साथ हुए आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उडीसा और सिक्किम विधानसभा चुनावों के दौरान का है। इस खर्च में राष्ट्रीय दलों का योगदान 2,204 करोड़ रुपये यानी 65.75 फीसदी रहा। भाजपा ने लगभग 1,494 करोड़ रुपये खर्च किए, जो कुल चुनावी व्यय का 44.56 फीसदी था। कांग्रेस ने 18.5 प्रतिशत यानी 620 करोड़ रुपये खर्च किए। दिलचस्प यह है कि कुल चुनावी खर्च में केवल प्रचार पर ही 2,008 करोड़ रुपये खर्च किए गए जो सबसे ज्यादा खर्च है। इसमें भी 1,511.30 करोड़ रुपये राष्ट्रीय दलों ने और 496.99 करोड़ रुपये क्षेत्रीय दलों ने खर्च किए। अब इन आंकड़ों से दो बातें निकलकर सामने आती हैं। पहला, ये वो आंकड़े हैं जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर हैं। जाहिर है असल खर्च के आंकड़े इससे कहीं ज्यादा हुए होंगे। दूसरा लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश,उड़ीसा और सिक्किम विधानसभाओं के चुनाव भी संपन्न हुए। इसमें बहुत से दलों ने लोकसभा विधानसभा के खर्चे एक साथ दिखाए हैं, जिससे पता चलता है कि एक साथ चुनाव होने से संसाधनों की बचत हुई है। और इससे क्षेत्रीय दलों के चुनाव प्रचार पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। पांच राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस और भाजपा ने लोकसभा और चार विधानसभाओं का चुनाव एक साथ लड़ा। बसपा ने लोकसभा के साथ तीन राज्य विधानसभाओं का चुनाव लड़ा।सीपीएम ने भी लोकसभा के साथ तीन राज्य विधानसभाओं का चुनाव लड़ा। जबकि आम आदमी पार्टी ने लोकसभा के साथ उड़ीसा विधानसभा का चुनाव लड़ा। इन सभी दलों को एक ही खर्च पर चुनाव प्रचार करने को मिला। साथ ही आंध्र प्रदेश की दो बड़े दल तेलगू देशम और वाईएसआर कांग्रेस को राज्य विधानसभा के साथ लोकसभा चुनाव का प्रचार भी करना कम खर्चीला ही लगा होगा। उड़ीसा विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल को राज्य विधानसभा के साथ लोकसभा चुनाव लड़ा। जिससे प्रचार के खर्च कम तो जरूर हुए होंगे। अब नतीजों के साथ जवाबदेही और मुद्दों का विश्लेषण कर लीजिए। आंध्र प्रदेश में 175 विधानसभा सीटें हैं। तेलगू देशम ने 135 सीटें जीती जबकि पूर्ववर्ती सरकार वाईएसआर कांग्रेस को 11 सीटें हासिल हुई। हालांकि वाईएसआर कांग्रेस 2019 के चुनाव में 151 सीटें मिली थी। ऐसे में स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों का कोई प्रभाव नहीं था स्थानीय मुद्दों पर वाईएसआर कांग्रेस को करारी हार मिली। दूसरी तरफ उड़ीसा में बीजू जनता दल 24 वर्षों से सत्ता में थी। बावजूद इसके भाजपा उड़ीसा विधानसभा में 78 सीट ही जीत सकी, बहुमत से 4 सीट ज्यादा। यदि हम यह मान भी लेते है कि 24 साल के शासन से जनता में एक एंटी इंकबेंसी होता है। तो भी भाजपा की जीत औसत रही और खुद उसके प्रदेश अध्यक्ष चुनाव हार गए। यदि राष्ट्रीय मुद्दे राज्य के मुद्दों पर हावी थे तो उड़ीसा विधानसभा चुनाव के नतीजे कुछ और होते। तीसरा प्वाइंट महत्वपूर्ण है। मान लीजिए 'एक देश, एक चुनाव' लागू रहता तो लोकसभा चुनाव के साथ दिल्ली विधानसभा का चुनाव भी होता। दिल्ली में लोकसभा चुनाव छठे चरण में 25 मई 2024 को हुआ और आठ महीने बाद 8 फरवरी 2025 को दिल्ली विधानसभा चुनाव हुए। भाजपा ने 2014 और 2019, दोनों लोकसभा चुनावों में दिल्ली की सभी सातों सीटें जीती थीं। 2024 में भी भाजपा ने सभी सात सीटें जीती। लेकिन 2015 और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को अप्रत्याशित जीत मिली थी, लेकिन 2025 में भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने में कामयाब रही। यानी यहां अलग अलग चुनाव होने से भी राष्ट्रीय मुद्दे और स्थानीय मुद्दों का घालमेल नहीं हुआ। रहा सवाल जनता के प्रति जवाबदेही की तो जब प्रचार से जनता प्रभावित नहीं हुई, तो सत्ता को सवाल का जवाब देना ही पड़ेगा। अब आइए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और भाजपा के चुनावी खर्चों का विश्लेषण करते हैं जिससे पता चला है कि 69 में 31 विधायकों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में तय सीमा के 50 प्रतिशत से कम चुनाव राशि खर्च की घोषणा की है। अगर घोषित खर्चों को सही मान लेते हैं तब भी दिल्ली विधानसभा का चुनाव यदि लोकसभा चुनाव के साथ होता तो चुनावी नतीजों में कोई खास अंतर नहीं मिलता। मसलन आम आदमी पार्टी के विजयी विधायक आले मोहम्मद खान सबसे ज्यादा मत पाने वाले उम्मीदवार रहे जबकि उन्होंने चुनाव प्रचार में सबसे कम खर्च किया। चुनाव आयोग को अपने खर्चे का जो ब्यौरा आम आदमी पार्टी ने दिया है उसके मुताबिक पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में प्रचार पर 14.51 करोड़ रुपए खर्च किए जबकि लोकसभा चुनाव में उसने आठ करोड़ छत्तीस लाख रुपए खर्च किए थे। जाहिर है दिल्ली के दोनों चुनाव साथ साथ होते तो जनता के प्रति जवाबदेही और मुद्दों का कोई घालमेल नहीं होता। अब आप खुद आंकलन करें कि एक देश एक चुनाव किस आधार पर संघीय ढांचे के खिलाफ है। इसमें कोई दो राय नहीं कि एक साथ चुनाव कराना बहुत ही चुनौती पूर्ण होगा। पहली बार तो लोकसभा और संबंधित राज्यों की विधानसभाओं के कार्यकाल को संशोधित करके सभी चुनाव, एक साथ कराए जा सकते हैं। लेकिन ऐसी स्थिति को लंबे समय तक बनाए रखना चुनौती पूर्ण होगा, क्योंकि, जैसे ही कोई सरकार अपनी विधानसभा में विश्वास खो देती है, यह व्यवस्था फिर से अस्त-व्यस्त हो जाएगी। लेकिन इसका कतई मतलब नहीं कि आप सुधार प्रक्रिया को रोके, सुधार निरंतर होने वाली प्रक्रिया है ये गणित का फ़ार्मुला नहीं है कि दो दूनी चार ही होगा। यह लेखक के निजी विचार



# मानव चेतना के संकट को अभिव्यक्त करते हैं लास्लो

हरीश शिवनानी

कई दिनों की उत्कंठा के बाद आख़िरकार साहित्य का नोबेल पुरस्कार घोषित हो गया और इस बार भी किसी भारतीय को नहीं मिला। चर्चा थी कि अमिताव घोष या विनोद कुमार शुक्ल रवींद्रनाथ टैगोर की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे पर ऐसा हो न सका। नोबेल पुरस्कार देने वाली स्वीडिश अकादमी ने विश्व के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए हंगरी के लेखक लास्लो क्रास्नाहोरकाई को चुना। ज्यूरी के मुताबिक लास्लो के लेखन में 'मानवता की नाजुकता और इतिहास की जटिलता को उजागर करने वाली गहन, अपोकैलिप्टिक( सर्वविनाशकारी ) दृष्टि' है। यह लास्लो की अद्वितीय साहित्यिक उपलब्धियों और वैश्विक साहित्य में योगदान का प्रमाण है। क्रास्नाहोरकाई का साहित्य, जो अपनी जटिल संरचना, लंबे वाक्यों और दार्शनिक गहराई के लिए जाना जाता है, समकालीन विश्व की अस्थिरता और मानव चेतना के संकट को गहरे स्तर पर अभिव्यक्त करता है।

क्रास्नाहोरकाई का साहित्य साम्यवाद, फासीवाद और पूंजीवाद जैसे ऐतिहासिक और राजनीतिक ढांचों के प्रभावों को गहराई से खंगालता है।उनके उपन्यास, जैसे 'सतानटैंगो'और 'द मेलानकली ऑफ रेसिस्टेंस', साम्यवादी हंगरी के पतन और उसके बाद की अराजकता को चित्रित करते हैं। हालांकि, उनकी रचनाएं केवल ऐतिहासिक नहीं हैं; वे सार्वभौमिक हैं। लेखक के अनुसार, मानवता का संकट समय और स्थान से परे है। फियोना सैम्पसन का मानना है कि क्रास्नाहोरकाई का साहित्य वर्तमान विश्व की अस्थिरता को प्रतिबिंबित करता है, जहां लोकतंत्र और सभ्यता के ढांचे कमजोर पड़ रहे हैं। उनकी विचारधारा में मानव स्वभाव की नाजुकता और सत्ता के दुरुपयोग के प्रति गहरी चिंता झलकती है। न्क्रास्नाहोरकाई का मानना है कि मानव समाज बार-बार अपने ही बनाए ढांचों में उलझकर पतन की ओर बढ़ता है। उनकी रचनाएं व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर इस पतन को चित्रित करती हैं। उदाहरण के लिए, 'सतानटैंगो' में एक छोटे से हंगेरियन गांव में सामूहिक भ्रम और निराशा का चित्रण साम्यवाद के पतन के बाद की सामाजिक और नैतिक रिक्तता को दर्शाता है।

क्रास्नाहोरकाई की लेखन शैली उनकी सबसे विशिष्ट विशेषता है। आलोचकों ने उनके लंबे, जटिल वाक्यों को 'संगीतमय और सम्मोहक' बताया है, जो पाठक को एक ट्रांस जैसी अवस्था में ले जाते हैं। उनकी रचनाएं पारंपरिक कथानक या संवाद पर निर्भर नहीं करतीं; इसके बजाय, वे चेतना के प्रवाह और आंतरिक एकालापों पर आधारित होती हैं। उनकी शैली फ्रांज़ काफ्का और थॉमस बर्नहार्ड की परंपरा को आगे बढ़ाती है, जिसमें एक ही वाक्य कई पृष्ठों तक चल सकता है, जैसे 'द मेलानकली ऑफ रेसिस्टेंस' में। यह शैली पाठक के लिए चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यही उनकी रचनाओं की गहराई का रहस्य भी है क्योंकि उनके वाक्य संरचना में एक दार्शनिक और काव्यात्मक गुणवत्ता है। उदाहरण के लिए, 'वार एंड वार' में एक पांडुलिपि के माध्यम से नायक की मानसिक अवस्था को उकेरा गया है, जो वास्तविकता और भ्रम के बीच की रेखा को धुंधला करती है। उनकी रचनाएं पारंपरिक कथानक की संरचना को तोड़ती हैं और पाठक को एक गहरे, लगभग ध्यानात्मक अनुभव में डुबो देती हैं।

क्रास्नाहोरकाई के उपन्यासों में प्रमुख थीम्स में अपोकैलिप्टिक (सर्वविनाशकारी) दृष्टि, सामाजिक पतन और मानव की अर्थ की खोज शामिल हैं। उनके उपन्यास 'इतिहास के अंत' की भावना को चित्रित करते हैं, जहां समाज अपने ही वजन के नीचे ढह रहा है। 'सतानटैंगो' में, एक गांव के निवासियों का एक रहस्यमय नेता के पीछे चल पड़ना इस बात का प्रतीक है कि कैसे लोग भ्रम और झूठे वादों में आसानी से फंस जाते हैं। यह उपन्यास साम्यवादी हंगरी के पतन के बाद की निराशा को दर्शाता है, लेकिन इसकी थीम्स सार्वभौमिक हैं, जो आज के लोकलुभावन और अस्थिर विश्व से भी मेल खाती हैं।

'द मेलानकली ऑफ रेसिस्टेंस' में, क्रास्नाहोरकाई सभ्यता के पतन और कला की शक्ति को एक सर्कस और एक विशाल व्हेल के प्रतीक के माध्यम से चित्रित करते हैं। यह उपन्यास सत्ता, भय और सामूहिक हिस्टीरिया के बीच तनाव को दर्शाता है। आलोचकों ने इस उपन्यास को 'आधुनिक विश्व की अराजकता का दर्पण' बताया है।

उनके साहित्य में प्रतिरोध भी एक महत्वपूर्ण थीम है। उनके पात्र अक्सर अर्थहीनता और निराशा के खिलाफ लड़ते हैं, भले ही उनकी लड़ाई व्यर्थ लगे। बारन वाल्डहाइम में, एक संगीतकार अपनी कला के माध्यम से अराजकता के खिलाफ प्रतिरोध करता है, जो क्रास्नाहोरकाई की इस विश्वास को दर्शाता है कि कला, भले ही वह त्रासदीपूर्ण हो, मानवता की आखिरी उम्मीद हो सकती है।

# धर्म पर किसी तरह का हमला हम क्यों सहें

(नेहा कुमारी)

सनातन धर्म उतना ही प्राचीन है, जितनी यह दुनिया। सनातन ने हमारे देश, समाज और नैतिकता की मान्यताओं को गढ़ा और उसे सुदृढ़ किया है। यह इस देश के हिंदू समाज का प्राण है, उसका जीवनदाता है। इसे नष्ट करने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन यह आज तक बना हुआ है, बल्कि मजबूती के साथ खड़ा है। हालांकि दुनिया भर में सनातन को बहुत नुकसान पहुंचाया गया और कई हिस्सों से इसे मिटाने की कोशिश भी हुई है। लेकिन अब ऐसे कुत्सित प्रयासों के खिलाफ हिंदू समाज सजग है और इस पर होने वाले किसी प्रकार के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।हाल के दिनों में सनातन के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया गया है और इसकी छवि को धूमिल करने की कोशिशें हुई हैं। इसमें सनातन धर्मावलंबियों ने भी कीचड़ उछाले हैं। अभी कुछ साल पहले ही तमिलनाडु सरकार में मंत्री और वहां के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन को सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी फटकार लगाई। उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सनातन धर्म को मिटाने की बात की थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने स्टालिन को कहा, 'आप आम आदमी नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको परिणाम पता होना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का दुरुपयोग बताया। दरअसल, उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से इसकी तुलना की थी। उन्होंने कहा था कि इसके विरोध की नहीं, बल्कि सफाये की जरूरत है। इससे कई लोग खुश भी हुए, लेकिन वृहत्तर हिंदू समाज को बुरा लगा। लेकिन देखें, तो सनातन का अपमान कराने में केवल इसके विरोधी ही नहीं हैं, बल्कि सनातन के स्वयंभू ठेकेदार कई बाबा टाइप लोगों ने भी अपनी बयानबाजी और अनैतिक कृत्य से सनातन विरोधियों को मौका दिया है।लेकिन इन सब बातों को छोड़कर हिंदुओं को आगे बढ़ना चाहिए और सनातन विरोधियों को सबक सिखाना चाहिए। अब सनातन धर्म पर किसी तरह के हमले को किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। हमें सनातन पर हमला करने वालों को यह भी बताना चाहिए कि इस तरह की नफरत का एक छोटा हिस्सा भी दूसरे धर्मों के बारे में फैलाकर वे देख लें, तो पता चलेगा। उनमें थोड़ा-बहुत विवाद हो जाए कि आसमान सिर पर उठा लिया जाता है। लेकिन सनातन में अपमान सहने की क्षमता है और विरोधियों को मजा चखाने की भी। (लेखिका एक ग्रहणी है)

# आत्मा की राह थोड़ी अलग होती है

( सुंदरचंद ठाकुर)

बहुत कुछ हमने जाना, बहुत कुछ समझा, बहुत दूर चले, पर जब जीवन के शोर से थककर भीतर की ओर झांकते हैं, तब एक धीमी-सी आवाज सुनाई देती है। यह आवाज न मन की है, न बुद्धि की। यह आत्मा की पुकार है ङ्क जो अक्सर हमारी दुनियावी चाहतों, शोरगुल और दूसरों की अपेक्षाओं के नीचे दब जाती है। मन चाहता है सफलता, सम्मान, सुरक्षा। शरीर चाहता है सुख, सुविधा, आराम। पर आत्माज आत्मा सिर्फ एक चीज चाहती है - सच्चाई। वह जानना चाहती है कि हम कौन हैं, क्यों आए हैं और किस दिशा में बढ़ना है।



बहुत से लोग जीवन की उसी राह पर चलते हैं जो सबने तय कर रखी है। अच्छी पढ़ाई, अच्छी नौकरी, विवाह, परिवार, प्रतिष्ठा - यह सब जरूरी हो सकता है, पर आत्मा की राह इससे अक्सर अलग होती है। आत्मा की यात्रा कोई सीधी-सादी सड़क नहीं होती। वह पहाड़ियों से होकर जाती है, अकेलेपन से गुजरती है और कई बार भीड़ से बिलकुल उलट दिशा में जाती है। आपने देखा होगा - कुछ लोग बहुत कुछ होने के बावजूद अधूरे लगते हैं। उनके पास पैसा है, सम्मान है, पर आंखों में चमक नहीं है, बातों में आत्मा नहीं है। क्योंकि शायद वे आत्मा की राह से भटक गए हैं। उन्होंने वही चुना जो सबने कहा, न कि वह जिसे उनकी आत्मा ने चाहा। आत्मा की राह अक्सर डरावनी लगती है क्योंकि वह अकेली होती है। उस पर तालियां नहीं बजतीं, उस पर 'लाइक' और 'फॉलो' नहीं मिलते। पर जो उस राह पर चलने का साहस करते हैं, वे भीतर से कुछ और ही बन जाते हैं। वे टूटते नहीं, वे गहराते हैं। वे भटकते नहीं, वे सीखते हैं। और धीरे-धीरे, उनके जीवन से एक ऐसी ऊर्जा फूटती है जो दूसरों को भी खींचती है। कभी-कभी आत्मा की राह हमें बाहरी रूप से सफल नहीं बनाती, पर वह हमें सच्चा बनाती है। और सच्चा होना, इस दुनिया में सबसे बड़ी सफलता है।

महात्मा गांधी जब दक्षिण अफ्रीका में सत्य के लिए खड़े हुए थे, तब वह कोई प्रसिद्ध नेता नहीं थे। पर उनकी आत्मा ने उन्हें खड़ा कर दिया। मीरा जब कृष्ण की भक्ति में सबकुछ छोड़कर निकल पड़ी थीं, तो समाज ने उन्हें पागल कहा। लेकिन उनकी आत्मा शांत थी क्योंकि वह अपनी राह पर थीं। इसलिए जीवन में एक बार तो ठहर कर पूछिए - क्या मैं उस राह पर चल रहा हूँ जो मेरी आत्मा चाहती है? या मैं बस मन और समाज के कहे अनुसार दौड़ रहा हूं? आत्मा की राह पर चलना तपस्या है। यह आत्म-अन्वेषण है। यह खुद से ईमानदारी है। जब हम इस राह पर चलते हैं, तो भले ही दुनिया की भीड़ में खो जाएं, अपने आप को पा लेते हैं।

जीवन छोटा है। समय बहता जा रहा है। हर दिन अगर आत्मा की पुकार को अनसुना किया जाए, तो भीतर एक शून्य बनने लगता है। और यह शून्य तब तक नहीं भरता, जब तक हम वह राह न पकड़ लें जो हमारे जन्म की असली वजह से जुड़ी हो। तो आज, अभी, इस पल, बस थोड़ी देर रुकिए। शांति से बैठिए। अपने भीतर सुनिए ङ्क क्या कोई धीमी-सी पुकार आ रही है? अगर हां, तो जान लीजिए - वही आपकी आत्मा की राह है। और उस पर चलना ही असली जिंदगी है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# जेएमएम ने महागठबंधन पर जताई नाराजगी

## गठबंधन धर्म पालन की दी नसीहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर मतभेद उभरने लगे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने केवल दो सीटें दिए जाने पर तीखा एतराज जताया है। पार्टी ने साफ कहा है कि यदि उसे सम्मानजनक सीटें नहीं दी गईं, तो वह 12 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी।

शनिवार को रांची स्थित जेएमएम केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि महागठबंधन के घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा को कमजोर न समझें। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा गठबंधन धर्म का पालन किया है। झारखंड में 2019 के विधानसभा चुनाव में हमने राजद को सात सीटें दी थीं, जिनमें से उसने चतरा सीट जीती। इसके बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजद के उस एकमात्र विधायक को पूरे पांच साल मंत्रिमंडल में स्थान दिया।

भट्टाचार्य ने कहा कि अब जब बिहार चुनाव का समय आया है, तो राजद की ओर से जेएमएम को केवल दो सीटें देने का प्रस्ताव किया गया है, जो अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सहयोगियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि जीत केवल सीटों से नहीं, एकजुटता और सम्मान से आती है।

भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी ने बिहार के 12 विधानसभा क्षेत्रों में अपनी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि जब हमने राजद को छह सीटें दी थीं तो अब हमारी बारी है, हमें भी 12 सीटें मिलनी चाहिए। हमने उन्हें परोसकर दिया था, अब बारी है कि वे भी उसी आदर से परोसें।

उन्होंने यह भी कहा कि कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बिना महागठबंधन की जीत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने आगे जोड़ा कि हमको भी फॉर्म-1 और फॉर्म-2 भरना आता है। जरूरत पड़ी तो बिहार में भी इसे दोहराने की स्थिति में रहेंगे।

भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि पार्टी महागठबंधन में किसी तरह का भ्रम या दरार नहीं चाहती, लेकिन सम्मान और साझेदारी के साथ समझौता न होने पर जेएमएम अपने दम पर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी बिहार और झारखंड दोनों राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियों को चुनौती के रूप में देख रही है।

## मासिक अपराध गोष्ठी

गिरिडीह। आज पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस सभा कक्ष में मंथली क्राइम मीटिंग का आयोजन किया ।इस अवसर पर एसडीपीओ जीत वाहन उराव ,डीएसपी नीरज सिंह डीएसपी कोसार अली जिलें के सभी एसडीपीओ समेत वरीय पुलिस पदाधिकारी और जिले के सभी थानों के थाना प्रभारी मौजूद थे। इस मौके पर एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने थाना वार जानकारी ली।

# उपायुक्त ने किया दियांकेल पंचायत का निरीक्षण

## बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी कार्यों का लिया जायजा

▶ पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

▶ इमारती पौधों का किया निरीक्षण, प्रजाति की ली जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा शनिवार को तोरपा प्रखंड अंतर्गत दियांकेल पंचायत का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना 2025-26 के तहत क्रियान्वित बागवानी योजना का निरीक्षण किया तथा स्वयं भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा एवं परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा) द्वारा भी पौधारोपण कर योजना की प्रगति का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने लगाए जा रहे फलदार एवं इमारती पौधों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारियों से पौधों की प्रजाति एवं गुणवत्ता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने आम के अतिरिक्त लीची, सेमियलता एवं अन्य मिश्रित फलदार पौधों को लगाने के संबंध में लाभुकों को प्रेरित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर से लीची, सेमियलता आदि फसलों का मानक प्राक्कलन एवं एसओपी उपलब्ध है, अतः योजनांतर्गत विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधे लगाए जा सकते हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

उप विकास आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं ग्राम रोजगार सेवक को निर्देशित किया कि सभी लगाए गए पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पौधों की नियमित सिंचाई, घेरान एवं संरक्षण की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा गया कि बागवानी योजना में बागवानी सखी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं की निरंतर निगरानी और रखरखाव बेहतर ढंग से हो सके।

उप विकास आयुक्त ने मौके पर कार्य कर रहे मजदूरों से बातचीत कर मजदूरी भुगतान की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी श्रमिकों को ससमय एवं पूर्ण मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा को निर्देश दिया कि प्रखंड में चल रहे सभी बागवानी योजनाओं में अविलंब पौधारोपण कार्य पूर्ण कराया जाए और योजनाओं की प्रगति की सतत समीक्षा की जाए।

# उर्स मुबारक शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कुरानखानी मिलादुन्नबी,गुशुल,संदली चादरपोशी के साथ करहरबारी पंचायत के नावाटांड़ खरियोडीह में हजरत शेख सय्यद सादिक अली शाह तैफुरि रहमतुल्लाहि अलैह का बारसठवाँ उर्स मुबारक शुरू हो गया।इस दौरान बड़े ही अदब और एहतराम के साथ बाबा के दरबार में संदली चादर पेश की गई,जिसके बाद दूसरे दिन दिन अक्टूबर से खास व आम मन्नति चादरपोशी शुरू हो गई है। इस बाबत ,मजार के सदस्यों ने बताया कि उर्स शुरू होते ही गिरीडीह झारखंड के अलावा बिहार,बंगाल,ओडिशा आदि राज्यों से हजारों हजार की संख्या में बाबा की मुरीदेन व जायरीन फैज हासिल करने बाबा की दरबार में भीड़ उमड़ने लगी है,वहीं बताया गया कि उर्स के दौरान रोजाना शमा महफिल व कव्वाली का प्रोग्राम प्रस्तुत किया जाएगा,। वंही इस मुबारक मौके पर चादरपोशी के दौरान खादिम अब्दुल जब्बार,मुखिया प्रतिनिधि मुमताज अंसारी,पंचायत समित प्रतिनिधि अताउर्रहमान उर्फ बाबू, सेक्रेटरी अख्तर अंसारी, खजांची मकसूद फरीदी,गद्दी नसीन शेख इम्तियाज साहब, आमिर अली, मोहम्मद आफताब,मोहम्मद मुश्तफा, मोहम्मद मिन्हाज,मोहम्मद बबलू, मोइन मुस्तकीम,पप्पू, फरीद सज्जाद, गब्बर, मोहम्मद चांद, मोहम्मद जुल्फीखार, सहित मजार कमेटी के सभी पदाधिकारी एंव सदस्य व बाबा के चाहने वाले सैकड़ों जायरीन शरीक हुए ।

## पैक्स के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज लैम्पस पैक्स कर्मचारी संघ की झारखण्ड राज्य गिरिडीह संघ की बैठक समाहारणालय पपरवाटांड में किया गया जिसकी अध्यक्षा केदार प्रसाद यादव की अध्यक्षता मे बैठक किया गया जिले के सभी प्रखण्ड़ो से विमिल पैक्स प्रबंधक / अध्यक्ष उपस्थित हुए और निम्न प्रस्ताव लिया गया ओर उपायुक्त को एक ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में कुछ विषय को मांग किया गया उपायुक्त से सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, गिरिडीह- उल्लू कु० साव गिरिडीह जिला के विभिन्न पैक्स कर्मी के साथ मुद्रा-मोचन एवं आमोर्यादित भाषा का प्रयोग करने के कारण झारखण्ड राज्य लैम्पस । पैक्स कर्मचारो सब गिरिडीह का कहना है कि सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, गिरिडीह के श्री डब्लू कु० साब के द्वारा विभिन्न पैक्सों को पत्राचार के माध्यम से अभिलेख का मॉग किया जाता है अभिलेख ले जाने पर नुकश लगाकर पैसा का माँग किया जाता है। एवं दुर्व्यवाहार भी किया जाता है, कहते है कि पैक्स को हमने. पैदा किया है इसलिए मेरे बिना पता भी नहीं हिलेगा।

# उपायुक्त ने अस्पताल में महिला मरीजों से मिल ली जानकारी

## किया गिफ्ट पैकेट्स का वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को आमजनों तक सुगमतापूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता उपायुक्त राम निवास यादव ने गर्ल्स डे के उपलक्ष्य में आज मातृत्व शिशु अस्पताल चैताडीह में पहुंच कर महिला मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना, साथ ही उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उपायुक्त ने महिला मरीजों से बात कर अस्पताल में उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं की जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने महिला मरीजों के बीच गिफ्ट पैकेट्स का वितरण भी किया।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को आमजनों तक सुगमतापूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। इसके अलावा उपायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों यथा बेड की स्थिति, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना से किसान होंगे आत्मनिर्भर : जिप अध्यक्ष मुनिया देवी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कृषि चौपाल में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर, गिरिडीह को योजना में शामिल करने की उठी मांग प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के क्रियान्वयन से किसानों को न केवल आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि वे दलहन उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे। उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने शनिवार को बेंगाबाद स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में आयोजित कृषि चौपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रही कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के शुभारंभ का लाइव प्रसारण देखा और सुना।

इस अवसर पर गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया अपने संबोधन में जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना किसानों की आजीविका सुधारने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता योजना में फिलहाल झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिले को शामिल किया गया है, परंतु गिरिडीह जिले को भी इस योजना में जोड़ा जाना चाहिए, ताकि जिले के किसान दलहन उत्पादन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर बन सकें उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिला कृषि की दृष्टि से समृद्ध क्षेत्र है, यहाँ के किसानों में क्षमता और मेहनत की कोई कमी नहीं है। सरकार यदि आवश्यक सहयोग दे, तो यहाँ के किसान न केवल राज्य बल्कि देश के अन्य हिस्सों को भी दलहन की आपूर्ति कर सकते हैं कार्यक्रम में केवीके की प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ. सुनीता कांडियांग ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यहाँ के किसान केवल एक ही फसल तक सीमित न रहें, बल्कि फसल विविधीकरण की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि दलहन की खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि इसमें प्रोटीन और पोषक तत्वों की प्रचुरता होने से यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है उन्होंने किसानों से अपील की कि वे दलहन उत्पादन को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं। भारत को अब अन्य देशों से दलहन आयात करने की बजाय निर्यातक देश बनने का लक्ष्य रखना चाहिए इस अवसर पर केवीके की ओर से किसानों के बीच किचन गार्डन के लिए सब्जी बीज का वितरण भी किया गया। वैज्ञानिकों ने किसानों को अपने घरों के आसपास हरित बाड़ी विकसित करने और नियमित रूप से हरी सब्जियां खाने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि शिवपूजन राम, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस तरह के कार्यक्रम किसानों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं। मौके पर कृषि अभियंत्रण प्रमोद कुमार, मधुकर कुमार, मनोज कुमार, शुभांकर कुमार, मनीष कुमार, युगल कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन केवीके के कर्मियों ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया गया।

## कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। धनंजय सिंह ने कहा कुछ दिन पूर्व मेरा गिरिडीह जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सतीश केडिया को हार्दिक शुभकामनाएँ मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त, संगठित व जनोन्मुख बनेगा मैं कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का हृदय से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया था और यह जिम्मेदारी सौंपी थी में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश प्रदेश प्रभारी के. राजू प्रदेश सह प्रभारी बेला प्रसाद का भी विशेष आभार, जिन्होंने हर कदम पर मार्गदर्शन किया अपने कार्यकाल के दौरान मैंने पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने कार्यकताओं को जोड़ने और जनता की आवाज बनने का प्रयास किया कई सफल पहलें भी हुईं, कुछ कमियाँ भी रहीं होगी पर उद्देश्य हमेशा एक ही रहा है संगठन और जनता के हित में काम करना आप तमाम गिरिडीह जिले के कार्यकताओं धन्यवाद। जनसेवा का यह कारवां न रुका है न रुकेगा।

# सुहागिनों ने श्रद्धा भाव से मनाया करवा चौथ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अपने पति की लंबी उम्र की दीर्घायु की कामना को लेकर मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ गिरिडीह में भी पूरे श्रद्धा भाव से सुहागिनों द्वारा मनाया गया। इसे लेकर परंपरागत तरीके से महिलाओं ने पहले सुबह निर्जला व्रत रखा और संध्या वेला विद्वत संबंध तरीके से पूजा पाठ की इसके उपरांत परंपरागत तरीके से छननी से चांद के दर्शन करने के बाद अपने पति के दर्शन करने के बाद अपने व्रत को तोड़ा । गिरिडीह शहर के भंडारीडीह की स्थित सरदार हरमिंदर सिंह के घर पर मनाया गया । इस मौके पर रिंकी कौर ,हरमित कौर , सुजाता कौर, सिम्मी कौर इसमित कौर,ईशा बाधवा आस्था ,सालु ,राजी आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# उपायुक्त ने की,बाल श्रम उन्मूलन और पुनर्वास के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** टास्क फोर्स को ढाबों, लाइन होटलों, ईंट भट्टों, गैरेजों, वाशिंग सेंटरों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने बाल श्रम उन्मूलन कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को अनिवार्य रूप से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्लूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाए और उनका आवासीय विद्यालय में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि ये बच्चे दोबारा बाल श्रम में न लौटें। इस संबंध में, उन्होंने श्रम अधीक्षक को पूर्व में विमुक्त हुए बच्चों का नियमित फॉलो-अप रखने के भी निर्देश दिए। वहीं बैठक में उपायुक्त ने छापेमारी को औचक रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ढाबों, लाइन होटलों, ईंट भट्टों, गैरेजों, वाशिंग सेंटरों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए छापेमारी चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो नियोक्ता अपने प्रतिष्ठानों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल श्रमिक के रूप में नियोजित करते हैं, उनके खिलाफ बाल एवं अल्प वयस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक श्रमायुक्त, श्रम विभाग, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम, बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूल बसों का किया गया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** निरीक्षण के क्रम में सभी बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पॉल्यूशन एवं चालक-परिचालक से संबंधित अभिलेखों की स्थिति का अवलोकन किया गया उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेशानुसार आज जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में परिचालित बसों का निरीक्षण किया, सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में परिचालित बसों की जांच की। निरीक्षण के क्रम में सभी बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पॉल्यूशन एवं चालक-परिचालक से संबंधित अभिलेखों की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी वाहनों के आवश्यक कागजात अद्यतन एवं विधिसम्मत हों तथा चालक लाइसेंसधारी और निर्धारित नियमावली के अनुरुप हों।

# निःशुल्क रक्त जांच सह चिकित्सा शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ग्राम पंचायत महेशलुंडी में गिरिडीह सीसीएल के सी एस आर निधि से महुआटांड़ उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लगाया गया निःशुल्क रक्त समूह जॉच सह चिकित्सा शिविर करीब 60 बच्चों और ग्रामीणों का रक्त समूह जॉच के साथ साथ चिकित्साक के द्वारा दी गई। इस निःशुल्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेशलुंडी पंचायत के मुखिया शिवनाथ साव उपस्थित थे ।शिविर में सीसीएल के डॉक्टर अनुराग कुमार, के द्वारा बच्चों का चिकित्सक जॉच किया गया। इस मौके पर मुखिया शिवनाथ साव ने कहा कि महेशलुंडी पंचायत के सभी विद्यालयों में सीसीएल गिरिडीह के द्वारा सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत बच्चों का रक्त समूह का जॉच हुआ है रक्त समूह जॉच एक महत्वपूर्ण और अतिआवश्यक कार्य है सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का रक्त समूह के बारे में जानकारी होना जरूरी है जानकारी ही बीमारी का इलाज है सीसीएल के चिकित्सा पदाधिकारीडॉ परिमल सिंहा का योगदान सामाजिक दायित्व निर्वहन में विशेष योगदान हमेशा रहता है शिविर में सीसीएल के चिकित्सा कर्मी आर्या कुमार, सुनीता कुमारी, सुरेन्द्र कुमार, खुर्शीद आलम,राजेश कुमार वार्ड सदस्य जगदीश दास, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज दस शिक्षक,एवं समिति के लोग उपस्थित थे।

## कार्रवाई की माँग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जमुआ थाना क्षेत्र के दो नाबालिग बच्चों का जबरन बाल विवाह बेंगाबाद थाना क्षेत्र में परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में 10 अक्टूबर की देर रात करा दिया गया इस बाल विवाह की सूचना सामाजिक संस्था बनवासी विकास आश्रम एवं जस्ट राइट्स फोर चिल्ड्रेन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दी गई थी ।सूचना मिलने पर जमुआ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शनिवार को नाबालिग जोड़े को रेस्क्यू कर गिरिडीह लाया और दोनों को बाल कल्याण समिति सीडब्लूसी गिरिडीह के समक्ष प्रस्तुत किया।

# डीएसओ ने की समीक्षा बैठक



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेशानुसार आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ने आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की बारी-बारी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा क्रम में नफसा व जेएसएफ एसएस योजना के तहत खाद्यान्न का वितरण, चना दाल वितरण, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, चीनी और नमक का वितरण, पीवीटीजी, जन वितरण प्रणाली, ग्रीन राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को स-समय लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने एनएफएसए के तहत खाद्य वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जेएसएफएसएस के तहत किए अनाज वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ई-केवाईसी में तेजी लाने और शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा ईआरसीएमएस के तहत प्रखंडवार किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में यूआईडी सीडिंग कार्य को लेकर उन्होंने अविलंब कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री दाल भात योजना के तहत जिले में कार्य कर रहे विभिन्न दाल भात केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों कि जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी पी.वी.टी.जी परिवार को प्रति माह समय पर अनाज का आहार उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया बैठक में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक समेत संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे

CMYK

## अगले दशक तक 10 फीसदी घट जाएगा सरकार पर कर्ज का बोझ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सरकारी कर्ज में अगले दशक में लगातार गिरावट आने की उम्मीद है ।वित्त वर्ष 2034-35 तक सरकार पर कर्ज का बोझ10 फीसदी तक कम हो सकता है ।केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में सरकारी कर्ज जीडीपी का 81 फीसदी है ।यह 2030-31 तक कम होकर जीडीपी का 77 फीसदी और 2034-35 तक 71 फीसदी रह जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर की सरकारों पर बढ़ते कर्ज के बीच उम्मीद है कि भारत राजकोषीय समेकन के मार्ग के अनुसरण करेगा ।इसे जीडीपी में निरंतर वृद्धि और केंद्र सरकार के विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन से समर्थन मिलेगा, जिससे सरकारी कर्ज में कमी आएगी। रिपोर्ट के मुतबिक, केंद्र सरकार के राजकोषीय समेकन प्रयासों और करीब 6.5 फीसदी की जीडीपी वृद्धि दर के बने रहने से देश को मध्यम अवधि के कर्ज में कमी लाने में मदद मिलेगी ।हालांकि, राज्य सरकारों का कुल कर्ज अब भी उच्च स्तर पर बना हुआहै ।यह समग्र राजकोषीय सेहत के लिए जोखिम पैदा कर रहा है।

## ट्रेड बढ़ाने पर पॉजिटिव संकेत, टेक्सटाइल शेयरों पर टूट पड़े निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार एक बार फिर गुलजार है। इस माहौल के बीच सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को टेक्सटाइल शेयरों में जबरदस्त उछाल आया। बीएसई पर टेक्सटाइल इंडेक्स से जुड़ी कई कंपनियों के शेयर 17 प्रतिशत तक उछल गए। कारोबार के दौरान सांगम इंडिया का शेयर 17 प्रतिशत बढ़कर 464.40 तक पहुंच गया, वहीं किटेक्स गारमेंट्स में 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 199.25 का स्तर देखा गया। इसके अलावा गोकलदास एक्सपोर्ट्स 9 प्रतिशत बढ़कर 799.40 और इंडो काउंट इंडस्ट्रीज 7 प्रतिशत की तेजी के साथ 281.35 तक पहुंच गया। शेयरों में यह तेजी भारत और ब्रिटेन के बीच ट्रेड को लेकर पॉजिटिव संकेतों की वजह से आई है। भारत और ब्रिटेन ने आपसी व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है। वर्तमान में भारत का ब्रिटेन को टेक्सटाइल निर्यात लगभग 2 अरब डॉलर है, जो ब्रिटेन के कुल टेक्सटाइल आयात का लगभग 6 प्रतिशत हिस्सा है। सरकार का मानना है कि यह व्यापार समझौता भारतीय टेक्सटाइल उद्योग के लिए बड़ा अवसर साबित होगा। घरेलू ब्रोकरेज आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज का अनुमान है कि भारत का टेक्सटाइल निर्यात अगले पांच वर्षों में 2-3 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। घरेलू ब्रोकरेज आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज का अनुमान है कि भारत का टेक्सटाइल निर्यात अगले पांच वर्षों में 2-3 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। ब्रोकरेज के मुताबिक मौजूदा तिमाही में टैरिफ बढ़ने के कारण कंपनियों की एबिटा मार्जिन पर दबाव रहेगा लेकिन भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अगले कुछ महीनों में हो जाता है तो तीसरी तिमाही से मार्जिन में सुधार देखने को मिल सकता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देगा। और इससे रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य वर्ष 2030 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही हासिल कर लेने का भरोसा जताया। पीएम मोदी ने कहा- आज भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय व्यापार 56 अरब डॉलर है। मुझे विश्वास है कि इसे दोगुना करने का लक्ष्य 2030 की निर्धारित समयसीमा से पहले हासिल कर लिया जाएगा।

### इसी सप्ताह अपने सोने के भंडार में 3.753 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई

# तीसरे सप्ताह घटा विदेशी मुद्रा भंडार

**मुंबई एजेंसी।**
भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से कमी दिखी है। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जबकि अपना विदेशी मुद्रा भंडार गिरा है। बीते 03 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 276 मिलियन डॉलर की कमी हुई। लेकिन इसी सप्ताह अपने सोने के भंडार में 3.753 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। लेकिन फॉरेन करेंसी एसेट में 6.04 बिलियन डॉलर डॉलर से ज्यादा की गिरावट होने से ओवरऑल विदेशी मुद्रा भंडार घट गया।

### कहां तक गिर गया भंडार

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 3 अक्टूबर 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 276 मिलियन डॉलर की कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 2.33 बिलियन की गिरावट हुई थी। अब अपना भंडार घट कर 699.960 बिलियन का रह गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन डॉलर के रिकार्ड उच्चतम स्तर पर था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में भारी कमी हुई है। 3



अक्टूबर 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) में 4.049 3.753 बिलियन डॉलर की गिरावट हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 4.393 3.753 बिलियन डॉलर की कमी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार घट कर 577.708 3.753 बिलियन डॉलर रह गया है।

उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व बढ़ा

इस समय दुनिया के लगभग सभी सेंट्रल बैंक सोने की खूब खरीदारी कर रहे हैं। अपने यहां भी ऐसा हुआ है। तभी तो बीते सप्ताह अपने गोल्ड रिजर्व या स्वर्ण भंडार में खूब बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक बीते 3 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने सोने के भंडार में 3.753 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 2.2383.753 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। इसी के साथ अब अपना सोने का भंडार बढ़ कर 98.770 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हो गया है। मार्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट के मुताबिक रिजर्व बैंक साल 2024 से अब तक करीब 75 टन सोना खरीद चुका है। इस समय आरबीआई के पास सोने का भंडार 880 टन तक पहुंच गया है। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का 14 फीसदी बैठता है।

### एसडीआर में मामूली बढ़ोतरी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्राइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में मामूली बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 25 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। हालांकि रुपये के टर्म में 350 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 18.814 बिलियन डॉलर का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में 4 मिलियन डॉलर की कमी हुई है। अब यह घट कर 4.669 बिलियन डॉलर का रह गया है।

### टीटी ग्रुप के चेयरमैन 77 साल के जगन्नाथन ने बेंगलुरु में अंतिम सांस ली

# प्रेस्टीज कुकर को घर-घर पहुंचाने वाले टीटी जगन्नाथन का हुआ निधन, अमेरिका में भी मचाई थी धूम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
प्रेस्टीज कुकर को घर-घर पहुंचाने वाले टीटी जगन्नाथन का निधन हो गया है। टीटी ग्रुप के चेयरमैन एमिरेटस 77 साल के जगन्नाथन ने शुक्रवार को बेंगलुरु में अंतिम सांस ली। वह 1975 में मात्र 26 साल की उम्र में टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बने और इस छोटी सी कुकर कंपनी को भारत के सबसे भरोसेमंद कंज्यूमर-ड्यूरेबल्स ब्रांड में बदल दिया। साल 1996 में उन्होंने अमेरिका में मंत्रा इंक लॉन्च किया, जिससे प्रेस्टीज कुछ गिने-चुने भारतीय किचन ब्रांड्स में शामिल हो गया, जिन्हें बड़े अमेरिकी रिटेलर्स में जगह मिली।

जगन्नाथन ने आईआईटी मद्रास से मैकेनिकल इंजीनियरिंग और कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से एमएस की डिग्री लेने वाले 1970 के दशक की शुरुआत में तमिलनाडु प्रिंटर्स एंड ट्रेडर्स को संभाला। उनकी बनाई हुई खास गैस्केट-रिलीज सिस्टम ने प्रेशर कुकर की सुरक्षा को नए स्तर पर पहुंचाया और प्रेस्टीज को हर घर का नाम बना दिया। जगन्नाथन ने कुकवेयर,



किचन अप्लायंसेज और होम-केयर प्रोडक्ट्स में लगातार कंपनी को आगे बढ़ाया। उन्होंने प्रेस्टीज स्मार्ट किचन रिटेल नेटवर्क के जरिए अपनी पहुंच बढ़ाई और बाद में इलेक्ट्रिक अप्लायंसेज और क्लीनिंग सॉल्यूशंस में भी कदम रखा।

जगन्नाथन भारतीय उद्योगपतियों की उस पहली पीढ़ी के थे जिन्होंने इंजीनियरिंग की महारत और मैनेजमेंट की अनुशासन को मिलाकर दुनिया भर में कॉम्पिटिटिव बिजनेस बनाए। उनके नेतृत्व में टीटीके ग्रुप ने हेल्थकेयर और पर्सनल केयर जैसे कई नए सेक्टर में एंट्री की।

उन्होंने इंडियन गोल्फ यूनियन के प्रेसिडेंट के तौर पर भी काम किया। वह टीटीके हॉस्पिटल, टी.टी. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन और चेन्नई के रोटरी-टीटीके ब्लड बैंक जैसी सामाजिक और शैक्षिक पहलों में भी सक्रिय थे।

### दूरदर्शी लीडर

प्रेस्टीज की प्रतिद्वंद्वी कंपनी स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र गांधी ने जगन्नाथन के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि इंडस्ट्री ने एक ऐसे दूरदर्शी को खो दिया है, जिनके नेतृत्व और इनोवेशन ने भारतीय किचनवेयर इंडस्ट्री को फिर से परिभाषित किया। उनकी विरासत हम सभी को आगे बढ़ने और प्रेरित करती रहेगी। जगन्नाथन अपने पीछे पत्नी डॉ. लता जगन्नाथन और तीन बेटों को छोड़ गए हैं।

## गुपचुप छंटनी कर रही हैं आईटी कंपनियां, 50 हजार से ज्यादा कर्मचारियों पर संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के आईटी सेक्टर में बड़े पैमाने पर छंटनी होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 के अंत तक लगभग 50,000 कर्मचारियों की नौकरियां जा सकती हैं। यह आंकड़ा 2023-24 के मुकाबले दोगुना हो सकता है। बता दें कि तब करीब 25,000 लोगों को नौकरी से निकाला गया था। ईटी की एक खबर क मुताबिक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज समेत कई आईटी कंपनियां अपने कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही हैं। टीसीएस की ओर से औपचारिक ऐलान किया गया है तो कुछ आईटी कंपनियां बिना घोषणा के कर्मचारियों से इस्तीफा देने या नई नौकरी तलाशने के लिए कह रही हैं। हाल ही में टीसीएस ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी करते हुए बताया कि उसने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने कुल कार्यबल का एक प्रतिशत यानी 6,000 लोगों को नौकरी से हटाया है। टीसीएस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदीप कुन्नुमल ने यह भी कहा था कि इस बारे में आंकड़ों को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उन्होंने ऐसे आंकड़ों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि 50,000 से 80,000 लोगों की छंटनी की आशंका जतायी जा रही है, कुन्नुमल ने कहा, ये आंकड़े तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। हम जिस समय बात कर रहे हैं, उस समय हमने मध्य और वरिष्ठ स्तर पर लगभग एक प्रतिशत लोगों को हटाया है।

# 12 में बिकने वाली चीज का 800 रुपये पेमेंट... अब 1.5 करोड़ का टर्नओवर

● केरल के त्रिसूर जिले के इरिंजलकुडा शहर में इंजीनियर कार्तिक सुरेश ने भारतीय कृषि-व्यवसाय को नई दिशा दी है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केरल के त्रिसूर जिले के इरिंजलकुडा शहर में इंजीनियर कार्तिक सुरेश ने भारतीय कृषि-व्यवसाय को नई दिशा दी है। उन्होंने 2021 में अपने स्टार्टअप फ्रेश एन गुड की नींव रखी। इसके जरिये वह पारंपरिक व्यापारिक मॉडलों को चुनौती दे रहे हैं। कार्तिक का मिशन सिर्फ फलों का व्यापार करना नहीं है। अलबत्ता, एक ऐसा फारमर-फर्स्ट इकोसिस्टम बनाना भी है, जो किसानों को खास तरह के फलों (जैसे मैंगोस्टीन, रामबुतान, एवोकाडो) के लिए उचित मूल्य दिलाए। यह अनूठा प्रयास फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है। साथ ही भारत की अनदेखी फलों की विविधता को बेंगलुरु, मुंबई जैसे राष्ट्रीय बाजारों के अलावा खाड़ी और अमेरिका तक पहुंचा रहा है। इस फार्म-टू-फोर्क पहल के



दम पर कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा का टर्नओवर हासिल किया है। आइए, यहां कार्तिक सुरेश की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। अपनी कारोबारी यात्रा के दो साल बाद

कार्तिक ने कटहल के बाजार में एक बड़ी कमी देखी। उन्होंने महसूस किया कि शहरी क्षेत्रों में लोग कटहल छीलने की मेहनत और गंदगी के कारण इसे खरीदना पसंद नहीं करते थे। न ही वे कटहल की विभिन्न किस्मों (जैसे छ्33, वियतनाम सुपर अर्ली, डांग सूर्या) के बारे में जानते थे। इस गैप को भरने के लिए जनवरी 2025 में कार्तिक ने साफ किए हुए, खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) कटहल पोड्स को 200 ग्राम के पैकेट में लॉन्च किया। 100 रुपये (थोक) में बिकने वाला यह उत्पाद तेजी से लोकप्रिय हुआ। कुछ ही महीनों में मासिक बिक्री 1,000 से बढ़कर 3,000 पैकेट तक पहुंच गई। यह इनोवेशन कटहल को सुविधाजनक, हाई वैल्यू-ऐडेड प्रोडक्ट बनाकर किसानों को भी लाभ पहुंचाता है। इसमें एक 20 किलोग्राम कटहल के लिए स्थानीय व्यापारी के 12 रुपये के मुकाबले कार्तिक 800 रुपये तक का भुगतान करते हैं। कार्तिक के वेंचर का परिचालन केरल के तीन जिलों में खरीद टीमों और कलेक्शन सेंटरों के जरिये होता है।

### अनूठा मॉडल अपनाया

इंजीनियर कार्तिक सुरेश ने 2021 में फ्रेश एन गुड की शुरुआत केरल और हिमाचल प्रदेश से एक्जॉटिक फलों की सोर्सिंग के साथ की। एवोकाडो, मैंगोस्टीन और पैशन फ्रूट जैसे फल जो पहले महज निर्यात या विशिष्ट बाजारों तक सीमित थे, उन्हें सीधे फार्म पार्टनरशिप के जरिए भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंचाया गया। इस पहल की सबसे बड़ी खासियत इसका एमएसपी-आधारित मूल्य निर्धारण मॉडल रहा। कार्तिक ने स्थानीय व्यापारियों के लंपसम यानी एकमुश्त ऑफर को खत्म किया। इसके बजाय फलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दी। उदाहरण के लिए वह रामबुतान के लिए किसानों को 125 रुपये प्रति किलोग्राम का गारंटीड रेट देते हैं, चाहे बाजार में कुछ भी हो।

# करवा चौथ पर दुनिया के टॉप अमीरों को भारी चपत, केवल अंबानी-अडानी की बढ़ी दौलत

### दुनिया के टॉप 25 अमीरों में से 23 की नेटवर्थ में गिरावट आई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामान पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इससे शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। इस गिरावट से हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन दुनिया के टॉप 25 अमीरों में से 23 की नेटवर्थ में गिरावट आई। केवल एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में तेजी देखने को मिली। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 328 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ था।



दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में शुक्रवार को सबसे ज्यादा गिरावट आई। टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कई कंपनियों के सीईओ मस्क की नेटवर्थ 15.8 अरब की गिरावट के साथ 437 अरब रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में केवल 4.36 की तेजी आई है। लैरी एलिसन ने 5.17 अरब, मार्क जकरबर्ग ने 9.67 अरब, जेफ बेजोस ने 10.2 अरब, लैरी पेज ने 3.84 अरब, सर्गेई ब्रिन ने 3.56 अरब, बर्नार्ड आरनॉल्ट ने 2.99 अरब, स्टीव बालमर ने 3.65 अरब, जेंसन हुआंग ने 8.07 अरब और माइकल डेल ने 5.92 अरब गंवाए।

दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर मौजूद अंबानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 37.9 करोड़ की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ अब 97.5 अरब पहुंच चुकी है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 6.85 अरब की तेजी आई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ 63 करोड़ बढ़कर 88.8 अरब पहुंच चुकी है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 10.1 अरब की तेजी आई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर हैं।

# देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाएगा टाटा ग्रुप ! सरकार के साथ मीटिंग के बाद बदला रुख ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
टाटा ग्रुप देश का सबसे बड़ा आईपीओ ला सकता है। टाटा ट्रस्ट्स के कई ट्रस्टी जुलाई के उस फैसले पर फिर से विचार कर रहे हैं जिसमें कहा गया था कि टाटा संस को प्राइवेट ही रहना चाहिए। यह कदम टाटा संस को भारत के शेयर बाजारों में लिस्ट कराने के रास्ते से सबसे बड़ी रुकावट को हटा सकता है। अगर ऐसा होता है तो टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस देश का सबसे बड़ा आईपीओ ला सकती है। टाटा ट्रस्ट्स, टाटा संस के सबसे बड़े शेयरधारक हैं। आरबीआई ने तीन साल पहले टाटा संस को अपर लेयर एनबीएफसी के रूप में क्लासीफाई किया था। नियमों के मुताबिक उसे तीन साल के भीतर लिस्ट हो जाना चाहिए था जिसकी समयसीमा 30 सितंबर को खत्म हो चुकी है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ट्रस्ट्स के रुख में




बदलाव ऐसे समय में आया है जब टाटा के अधिकारी कुछ दिन पहले दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले थे। टाटा ट्रस्ट्स के ट्रस्टियों में मतभेद की खबरों के बीच ऐसा हुआ था। मीटिंग में सरकार ने उनसे कहा था कि टकराव का रास्ता छोड़कर ट्रस्ट्स के अंदर स्थिरता बनाए रखें और अपने मतभेदों को भारत के सबसे बड़े बिजनेस ग्रुप के कामकाज पर असर न डालने दें। यह अभी साफ नहीं है कि टाटा संस की लिस्टिंग का रास्ता साफ करने के पक्ष में ट्रस्टी बहुमत हासिल कर पाएंगे या नहीं।

### बोर्ड मीटिंग

टाटा ट्रस्ट्स के बोर्ड की शुक्रवार को हुई बैठक में किसी भी विवादित मसले से बचा गया। इसमें आम मुद्दों पर ही बात हुई। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब ट्रस्टियों के बीच बोर्ड की नियुक्तियों और कामकाज के तरीकों को लेकर अनबन की खबरें चल रही हैं। एक सूत्र ने बताया कि बैठक सामान्य थी, इसमें कोई विवादित मुद्दा नहीं उठाया गया। सूत्र ने कहा कि बैठक में कई अस्पताल और ग्रामीण विकास परियोजनाओं पर प्रेजेंटेशन दिए गए। सूत्रों के मुताबिक ट्रस्टी यह दिखाना नहीं चाहते कि वे बंटे हुए हैं, भले ही उनके बीच मतभेद हों। माइनॉरिटी शेयरहोल्डर शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप कई साल से टाटा संस को पब्लिक लिस्ट कराने की मांग कर रहा है। इसकी वजह यह है कि एसपी ग्रुप पर काफी कर्ज है और लिस्टिंग से उन्हें अच्छी-खासी रकम मिल सकती है। शुक्रवार को ग्रुप ने फिर से टाटा संस को लिस्ट कराने की अपनी मांग दोहराई।

# अश्लीलता वाली फिल्मों की मंजूरी पर जावेद अख्तर ने उठाया सवाल

## दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी की बात



**गीतकार** जावेद अख्तर ने फिल्मों की सेंसरशिप पर अपनी राय रखी है। उन्होंने दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी बात की है। आइए जानते हैं उनके विचार। मशहूर गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों की सेंसरशिप पर बात रखी है। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई है कि समाज की वास्तविकता को दर्शाने वाली फिल्मों को भारत में सेंसरशिप का सामना करना पड़ता है, जबकि अश्लीलता से भरपूर फिल्मों को मंजूरी मिल जाती है।

### अश्लील फिल्मों को मिलती है मंजूरी

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए, अख्तर ने कहा कि खराब दर्शक ही एक खराब फिल्म को सफल बनाते हैं। अनंतरंग 2025 के प्रोग्राम में बोलते हुए उन्होंने कहा इस देश में, सच्चाई यह है कि अश्लीलता को (फिल्म नियामक संस्थाओं से) मंजूरी मिल जाती है। उन्हें पता ही नहीं है कि ये गलत मूल्य हैं, एक पुरुषवादी दृष्टिकोण है जो महिलाओं को अपमानित करता है। जो चीजें समाज को आईना दिखाती हैं, उन्हें मंजूरी नहीं मिलती।

### फिल्में समाज की खिड़की हैं

जावेद अख्तर ने कहा फिल्म समाज की एक खिड़की होती है, जिससे आप झांकते हैं, फिर खिड़की बंद कर देते हैं, लेकिन खिड़की बंद करने से जो हो रहा है, वह ठीक नहीं हो जाएगा। उन्होंने कहा पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ही ऐसी फिल्में बन रही हैं। अगर पुरुषों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो जाए, तो ऐसी फिल्में नहीं बनेंगी। अगर बन भी जाएंगी तो (सिनेमाघरों में) नहीं चलेंगी।

फेस्टिव सीज़न में क्या पहनना है?

# राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट स्टाइल गाइड!

अत्योहारों का मौसम शुरू होते ही सबकी नज़रें पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना पर टिकी हैं, जिनका बेमिसाल एथनिक वॉर्डरोब स्टाइल इंस्पिरेशन से कम नहीं। हवादार कुर्ता सेट से लेकर शाही साड़ियों और खूबसूरत लहंगों तक, राशि हमें दिखाती हैं कि कैसे पारंपरिक फैशन को ग्रेस, ग्लैमर और मॉडर्न ट्विस्ट के साथ अपनाया जा सकता है। यहाँ हैं उनके कुछ सबसे खूबसूरत फेस्टिव लुक्स, जो आपके अपने फेस्टिव स्टाइल गेम को एक नया आयाम देंगे। गुलाबी रंग में सुंदर- वाइब्रेंट कुर्ता चिक राशि ने इस लुक में सादगी और शान का परफेक्ट मेल पेश करती हैं – फ्यूशिया पिंक कुर्ता सेट, जिस पर नाजुक कढ़ाई की गई है। ट्रेडिशनल जुत्तियों और स्टेटमेंट इयररिंग्स के साथ यह लुक उतना ही सहज है जितना कि एलीगेंट। परिवारिक समारोहों, पूजा या छोटे फेस्टिव गेट-टुगेदर्स के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है। राशि का यह मस्टर्ड कुर्ता लुक सादगी और एलिगेंस का एक बेहतरीन उदाहरण है। सफेद धागों की कढ़ाई और पारंपरिक चूड़ियाँ इसमें एक नर्म आकर्षण जोड़ती हैं, जो दिन के उत्सवों या कैजुअल फेस्टिव इवेंट्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।

### ➤ साड़ी ग्लैमरः आइवरी एलिगेंस

जो लोग सदाबहार पारंपरिक लुक को पसंद करते हैं, उनके लिए राशि की आइवरी सिल्क साड़ी और कंट्रास्टिंग पिंक ब्लाउज़ एकदम परफेक्ट हैं। गजरे से सजा जूड़ा, स्टेटमेंट ज्वेलरी और मिनिमल मेकअप पुराने ज़माने की खूबसूरती का एहसास देते हैं – फेस्टिव डिनर या सांस्कृतिक समारोहों के लिए यह एक क्लासिक चॉइस है।

### ➤ रीगल रेडियंसः ऑलिव-गोल्ड साड़ी स्टेटमेंट

राशि की तरह बोल्ड और सोफिस्टिकेटेड स्टेटमेंट दें इस डैज़लिंग ऑलिव-गोल्ड साड़ी में, जिसे उन्होंने डीप-कट एम्बेलिश्ड ब्लाउज़ के साथ पेयर किया है। यह लुक पारंपरिक कारीगरी और मॉडर्न स्टाइल का शानदार संगम है – भव्य पारिवारिक आयोजनों या फेस्टिव पार्टियों के लिए एकदम उपयुक्त है।

### ➤ फेस्टिव ड्रीमः ग्रीन और पिंक लहंगा लव

जब फेस्टिव मूड अपने चरम पर हो और आप कुछ नया ट्राय करने का मन हो, तो राशि का यह ग्रीन और पिंक लहंगा तोरानी डिज़ाइनर का सबसे ख़ास त्यौहारी आकर्षण है जो किसी शोस्टॉपर से कम नहीं। बारीक डिटेलिंग, रिच कलर्स और पारंपरिक ज्वेलरी के साथ यह लुक शादियों, रिसेप्शन या दीवाली पार्टीज़ के लिए परफेक्ट है।



# पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे सुनील शेट्टी



**पर्सनैलिटी** राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्टर ने कोर्ट से मांग की है कि बिना अनुमति के उनके फोटो का इस्तेमाल जुए की साइट्स, बिजनेस साइट्स और कई गलत जगहों पर किया जा रहा है, ऐसे में उन्हें पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा दी जाए। सुनील शेट्टी के वकील, वरिष्ठ एडवोकेट बिरेन्द्र सराफ ने कहा कि सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और उनकी बिना इजाजत के उनकी तस्वीरें, वीडियो और डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल अलग-अलग बिजनेस साइट्स कर रही हैं। ज्यादा तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल प्रोडक्ट के विज्ञापन और सेल को बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे ऐसा लगता है कि शेट्टी इन ब्रांड्स या सेवाओं से जुड़े हैं, जबकि हकीकत में उनका उन ब्रांड से कोई लेना-देना नहीं है। इससे दर्शकों के बीच एक्टर की छवि को लेकर गलत मैसेज जाता है। सुनील शेट्टी की तरफ से दायर की गई याचिका में डीपफेक फोटो का भी जिक्र है। याचिका में बताया गया कि हाल ही में साइट्स पर उनकी और उनकी नातिन ईवारा की फर्जी फोटो लगाकर उनकी निजता का उल्लंघन किया गया। बता दें कि ईवारा एक्टर की बेटी अथिया की बेटी हैं, जिन्हें उन्होंने 24 मार्च 2025 को जन्म दिया था। याचिका में सुनील शेट्टी की तरफ से वेबसाइट्स पर कार्रवाई की मांग की गई है।

# 4 करोड़ मेरी सेलिब्रिटी फीस थी, 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई

**मुंबई** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की



नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है। अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे। बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया।

इंटरनेशनल म्यूज़िक फेस्टिवल अनटोल्ड

# दुबई 2025 में ग्लोबल स्टार नोरा फतेही मुख्य होंगी आकर्षण



**ग्लोबल** स्टार नोरा फतेही एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित म्यूज़िक फेस्टिवल्स में से एक UNTOLD दुबई 2025 के स्टार-स्टडेड लाइनअप में शामिल होंगी। यह फेस्टिवल 6 से 9 नवम्बर तक एक्सपो सिटी दुबई में आयोजित होगा, जहां नोरा, जे बाल्विन, मार्टिन गैरिक्स और एलन वॉकर सहित विश्व के कुछ सबसे बड़े संगीत हस्तियों के साथ मंच साझा करेंगी। यह फेस्टिवल, जो अपनी भव्य प्रस्तुति, विविध कलाकारों की मौजूदगी और अद्भुत अनुभव के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, इस वर्ष अपने शानदार अंदाज़ में वापसी कर रहा है, और नोरा का मुख्य परफॉर्मेंस इस फेस्टिवल की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक होने वाली है। दर्शक उम्मीद कर सकते हैं एक हाई-एनर्जी प्रस्तुति की, जिसमें नोरा की सिग्नेचर डांस एनर्जी, पॉप स्टाइल और इंटरनेशनल साउंड का अनोखा संगम देखने को मिलेगा – जो एक ग्लोबल परफ़ॉर्मर के रूप में नोरा के विकास को दर्शाता है। ओह मामा! टेटेमा और स्नेक जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट्स से लेकर जेसन डेरुलो और रेवनी के साथ ग्लोबल कोलैबोरेशन तक, और अब जल्द ही रिलीज होने वाली सॉन्ग शेनसीया के साथ उनके बहुप्रतीक्षित आगामी अंतर्राष्ट्रीय पॉप सिंगल जस्ट अ गर्ल तक, नोरा फतेही संगीत और प्रदर्शन के माध्यम से संस्कृतियों को जोड़ती रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो चुका है, जो उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ता है, क्योंकि वह हर रिलीज़ के साथ ग्लोबल चार्ट और चर्चाओं पर हावी रहती हैं।

# शादी की खबरों पर तृषा कृष्णन का रिएक्शन

## हनीमून को लेकर कह दी यह बात; लिखा- उन लोगों से प्यार है...



**हाल** ही में साउथ अभिनेत्री तृषा कृष्णन को लेकर एक खबर चल रही हैं कि वो किसी व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। अब एक्ट्रेस ने इसपर टिप्पणी की है। जानिए उन्होंने क्या कहा।

साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन की निजी जिंदगी को लेकर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि वो चंडीगढ़ के एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। हालांकि अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसे लेकर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने हनीमून का भी जिक्र भी किया है। चलिए जानते हैं पूरी खबर।

### बस इंतजार है हनीमून

अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने अपनी निजी जिंदगी और शादी से जुड़ी अटकलों पर बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर मजाकिया अंदाज में एक स्टोरी साझा की है। उन्होंने कहा, 'मुझे अच्छा लगता है जब लोग मेरे लिए मेरी जिंदगी की योजना बनाते हैं। बस इंतजार है कि वे हनीमून भी तय करें।'

### क्या उड़ी थी अफवाह?

रिपोर्ट के अनुसार, तृषा कृष्णन के माता-पिता चंडीगढ़ के एक व्यवसायी के साथ उनकी नई शादी के लिए राजी हो गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस खबर से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है और कहा जा रहा है कि दोनों परिवार कथित तौर पर कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं।



# सोनू सूद फिर जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए

**अपनी** अटूट करुणा और संवेदनशीलता की एक और दिल छू लेने वाली मिसाल पेश करते हुए अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद एक बार फिर एक ज़रूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए। एक सोशल मीडिया यूजर ने उन्हें एक मैसेज भेजा, जिसमें याद दिलाया गया कि सोनू सूद पंजाब की बाढ़ के समय इसी परिवार से मिले थे। संदेश में लिखा था –सोनू सूद भाई, आप इस परिवार से पंजाब बाढ़ के समय मिले थे। कृपा करके इन्हें मदद करें। करोड़ों लोगों की मदद की है आपने। ?? सूद फाउंडेशन अपने 'एक्शन मैन' वाली पहचान को साबित करते हुए सोनू सूद ने तुरंत इस अपील का जवाब दिया। बिना किसी देरी के उन्होंने भरोसा दिलाया कि मदद पहले से ही चल रही है, और जवाब दिया, इलाज शुरू करवा दिया है। सब दुआ करते रहें। उनकी प्रतिक्रिया की सरलता और तत्परता ने एक बार फिर संकटग्रस्त लोगों के प्रति उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और सच्ची प्रतिबद्धता को उजागर किया। सोनू के लिए, परोपकार एक दिखावा नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। पिछले कुछ वर्षों में, सोनू सूद देश भर के अनगिनत लोगों के लिए आशा और मानवता के प्रतीक बन चुके हैं। चाहे चिकित्सा सहायता दिलवाना हो, आर्थिक मदद पहुँचानी हो या आपदाग्रस्त परिवारों को संभालना – उनकी संस्था सूद फाउंडेशन के माध्यम से किए गए निरंतर प्रयास आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। एक बार फिर, उनके काम ने यह साबित कर दिया कि असली हीरो वही होता है जो संवेदना और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ता है।

साभार एजेंसी

भारत बनाम वेस्टइंडीज

## बतौर कप्तान इस मामले में कोहली की बराबरी पर पहुंचे गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल एक कैलेंडर ईयर में पांच टेस्ट शतक जमाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं। गिल ने शनिवार को वेस्टइंडीज के विरुद्ध अरुण जेटली स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट में शतक लगाया। इसी के साथ उन्होंने विराट कोहली की बराबरी कर ली है। शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम का टेस्ट कप्तान चुना गया था। यहां गिल ने लीड्स में 147 रन की



पारी खेली, जिसके बाद बर्मिंघम में 269 और 161 रन बनाए। इसके बाद गिल ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के विरुद्ध 103 रन की पारी खेली। इस सीरीज में शुभमन गिल 10 पारियों में 75.40 की औसत के साथ 754 रन बनाकर शीर्ष बल्लेबाज रहे। भारत ने इंग्लैंड दौरे पर 5 मुकाबलों की सीरीज को 2–2 से ड्रॉ पर खत्म किया। इसके बाद गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 50 रन बनाए। टीम इंडिया ने यह मैच पारी और 140 रन से जीता। इसके बाद दिल्ली टेस्ट में शतक जड़कर गिल ने एक बार फिर खुद की उपयोगिता साबित कर दी है। शुभमन गिल से पहले विराट कोहली एक कैलेंडर ईयर में बतौर कप्तान पांच टेस्ट शतक जमाने वाले भारतीय बन चुके हैं। कोहली साल 2017 और 2018 में यह कारनामा कर चुके हैं। गिल ने अपने टेस्ट करियर के 39 मुकाबलों में 10 शतक जमाए हैं। बतौर कप्तान उन्होंने 12 पारियों में पांचवां शतक लगाया। दिल्ली में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 518/5 पर घोषित की। इस पारी में यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद रहते हुए 129 रन टीम के खाते में जोड़े।

## मेसी की गैरमौजूदगी में लो सेल्सो का विजयी गोल

वेनेजुएला पर आसान जीत

**मियामी, एजेंसी।** लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी के बावजूद, अर्जेंटीना ने शुक्रवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेजुएला को 1–0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में गियोवानी लो सेल्सो जीत के हीरो रहे। जूलियन अल्वारेज और लौटारो मार्टिनेज के नेतृत्व में अर्जेंटीना का आक्रमण इस पूरे मैच में आक्रामक



रहा, जबकि फुलबैक नाहुएल मोलिना ने दाहिने छोर पर अपनी ऊर्जा से फैंस को प्रभावित किया। इस मुकाबले में निर्णायक मौका 31वें मिनट में आया। अल्वारेज और मार्टिनेज ने बॉक्स के पास शानदार तालमेल दिखाया, जिसने वेनेजुएला के डिफेंडर्स को अपनी पोजीशन से बाहर खींच लिया और फिर लो सेल्सो को पास थमा दिया। मिडफील्डर ने बेहतरीन संयम दिखाते हुए बाएं पैर से सटीक शॉट लगाया, जो गोलकीपर जोस कॉन्ट्रेरास को चकमा देते हुए नेट में जा पहुंचा। इसी के साथ अर्जेंटीना ने 1–0 की बढ़त हासिल की।

महिला विश्व कपः हरमनप्रीत की टीम का आज ऑस्ट्रेलिया से सामना

# सात बार की चैम्पियन से आज मुकाबला

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** महिला क्रिकेट विश्व कप के तीसरे मैच में भारतीय टीम सात बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। पिछली हार और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर अब जिम्मेदारी का दबाव है। अगर शीर्ष पांच बल्लेबाज जिम्मेदारी से नहीं खेलते, तो सेमीफाइनल की राह कठिन हो जाएगी।





### टीम इंडिया का प्रदर्शन और चिंता

भारतीय टीम ने श्रीलंका और पाकिस्तान को निचले क्रम की मदद से हराया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ,ष्ट-ङ्क्षष्ट स्टेडियम में बृहस्पतिवार को टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच के बाद भारत चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में पांच अंकों के साथ शीर्ष पर है।

### शीर्षक्रम की असफलता और चिंता

लगातार तीसरे मैच में शीर्षक्रम नाकाम रहा। आठवें नंबर की बल्लेबाज रिचा घोष के 94 रन की मदद से ही टीम ने 251 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर पिछले तीन मैचों में सिर्फ 21, 19 और 9 रन ही बना पाई हैं। स्मृति मंधाना ने भी 8, 23 और 23 रन ही बनाए। मध्यक्रम की जेमिमा रॉड्रिग्स केवल पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन ही बना पाई। कुल मिलाकर भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों में कोई भी तीन मैचों में अर्धशतक नहीं बना सका। कप्तान हरमनप्रीत ने हार के बाद कहा, हम शीर्षक्रम में जिम्मेदारी से नहीं खेल सके। हमें बड़े स्कोर बनाने होंगे और सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

ऑस्ट्रेलिया ने अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैम्पियन ने पाकिस्तान के खिलाफ बेथ मूनी का शतक और गेंदबाजों की मदद से टीम को संकट से बाहर निकाला। तेज गेंदबाज किम गार्थ, मेगन शूट और अनाबेल सदरलैंड ने मिलकर सात विकेट लिए। पिछले 12 वनडे विश्व कप मुकाबलों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भारत को केवल 3 बार जीत मिली है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 9 बार जीत दर्ज की है।

### भारतीय खिलाड़ियों से उम्मीद

2017 इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत की जीत की जिम्मेदारी निभाने वाली हरमनप्रीत कौर और स्पिनर दीप्ति शर्मा से इस बार भी वही प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद होगी।

विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

# भारत ने जीता कांस्य

● मिक्स्ड टीम सेमीफाइनल में हारी, फिर भी रच दिया इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा दल को विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के मिक्स्ड टीम सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन इंडोनेशिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी है। गुवाहाटी में खेले गए इस मुकाबले में इंडोनेशिया ने मेजबानी भारतीय मिस्क्ड टीम को 45-35 और 45-21 से हराया। हालांकि, इस हार के बावजूद भारत को कांस्य मिला है और यह इस चैंपियनशिप के इतिहास में भारत का पहला मेडल भी है।

यानी इस हार के बावजूद भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। भारत ने इससे पहले गुरुवार 9 अक्टूबर को पूर्व चैंपियन कोरिया पर क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की थी। हालांकि शुक्रवार को भारत इस लय को बरकरार नहीं रख पाया और टीम इंडोनेशिया से हार गई। वहीं इसी के साथ भारत को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

इंडोनेशिया का अब फाइनल में गोल्ड के लिए 14 बार के चैंपियन चीन और जापान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगी। भारतीय टीम को अब सिंगल इवेंट में उन्नति हुड्डा से काफी उम्मीद थी। अगर उनको जीत नहीं मिली तो बाकी दल से इसकी उम्मीद काफी कम थी। लेकिन उन्नति का प्रदर्शन एकल मुकाबले में थलिता विर्यवान के खिलाफ खास नहीं रहा।

# हार्दिक पांड्या को फिर चढ़ा प्यार का बुखार

खूबसूरत मॉडल के साथ कन्फर्म किया रिलेशनशिप!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या ने अपने नए रिलेशनशिप की पुष्टि कर दी है. उनका नाम लगातार माहिका शर्मा के साथ जोड़ा जा रहा था, जो पेशे से एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं. अब हार्दिक ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए माहिका के साथ अपने रिलेशनशिप का खुलकर इजहार कर दिया है. सामने आई तस्वीर में हार्दिक और माहिका समुद्र किनारे बीच पर आनंद ले रहे हैं. एक तरफ भारतीय ऑलराउंडर ने काली शर्ट के साथ शॉर्ट्स पहने हुए हैं. वहीं माहिका ने सफेद शर्ट पहनी है. उन्होंने एक–दूसरी फोटो भी साझा की है, जिसमें हार्दिक और माहिका ने एक–दूसरे के हाथ में हाथ डाला हुआ है. सूत्रों की मानें तो हार्दिक और माहिका को डेट करते हुए काफी समय बीत गया है, लेकिन पहली बार उन्होंने इसकी पब्लिक अनाउंसमेंट की है. दोनों पहली बार सुर्खियों में तब आए, जब उन्हें इसी महीने मुंबई एयरपोर्ट पर एकसाथ देखा गया था. उनका यह वीडियो खूब वायरल हुआ था.

## खराब फॉर्म के चलते सूर्यकुमार यादव की टीम से छुट्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इन दिनों अपने करियर के मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं. एशिया कप 2025 में भले ही भारत ने उनकी कप्तानी में खिताब जीता हो, लेकिन सूर्या का बल्ला पूरे टूर्नामेंट में खामोश ही रहा. अब उनकी खराब फॉर्म का असर घरेलू क्रिकेट में भी देखने को मिला है. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए जो स्क्वॉड जारी किया है, उसमें सूर्यकुमार यादव को जगह नहीं दी गई है.

### टीम से बाहर हुए सूर्या

रणजी ट्रॉफी 2025–26 का आगाज 15 अक्टूबर से होने जा रहा है. इस बार 42 बार की चैंपियन मुंबई अपनी पहली भिड़ंत जम्मू–कश्मीर से करेगी. शुक्रवार, 10 अक्टूबर को स्ष्ट ने 16 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान किया, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस टीम में सूर्यकुमार यादव का नाम शामिल नही था. सूत्रों के मुताबिक, सूर्यकुमार को बाहर करने के पीछे जो प्रमुख कारण हो सकता हैं, वो है उनकी हाल की कमजोर फॉर्म.

महिला विश्व कपः हरलीन देओल को गुडबाय का इशारा

# साउथ अफ्रीकी गेंदबाज को आईसीसी ने फटकारा

**दुबई, एजेंसी।** साउथ अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को भारत के खिलाफ मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है। गुरुवार को विशाखापत्तनम में खेले गए महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। बाएं हाथ की 24 वर्षीय स्पिनर को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, व्यवहार, हावभाव या आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है। इस स्पिनर को आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। यह 24 महीने की अवधि में म्लाबा का पहला अपराध है। आईसीसी के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत



जुर्माना और मामले की गंभीरता के आधार पर एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं। यह घटना भारतीय पारी के 17वें ओवर में हुई, जब म्लाबा ने हरलीन देओल को आउट किया। विकेट लेने के बाद, जब भारतीय बल्लेबाज मैदान से बाहर जा रही थीं, तो म्लाबा ने उन्हें गुडबाय का इशारा किया। आईसीसी ने बयान में कहा, म्लाबा ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने मैच रेफरी की ओर से प्रस्तावित दंड को स्वीकारा है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 49.5 ओवरों में 251 रन पर सिमट गई। ऋचा घोष ने 77 गेंदों में सर्वाधिक 94 रन बनाए, जबकि प्रतिका रावल ने 37 और स्नेह राणा ने 33 रन की पारी खेली।

इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 48.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने टीम के लिए 70 रन बनाए, जबकि नादिन डी क्लार्क ने नाबाद 84 रन बनाए। इसी के साथ विश्व कप 2025 में भारत को पहली हार का सामना करना पड़ा।

## चीन के दौरे पर भारतीय ए पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे संजय, वरुण भी रहेंगे शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संजय के अलावा, टीम में शामिल एक और बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता वरुण का है। वरुण भी ड्रैग फ्लिकर और डिफेंडर है। ये मैच गांसु क्लब के खिलाफ खेले जाएंगे। चीन दौरे के लिए भारतीय ए पुरुष हॉकी टीम में ओलंपिक कांस्य पदक



विजेता वरुण कुमार और संजय को जगह दी गई है। ये दोनों खिलाड़ी 12 अक्तूबर से होने वाले इस दौरे के दौरान 20 सदस्यीय भारत ए टीम का नेतृत्व करेंगे। दोनों टीमों के बीच मुकाबले जियांग्सू प्रांत के चांगझौ शहर में खेले जाएंगे। टीम की कप्तानी पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता संजय करेंगे, जो डिफेंडर होने के साथ–साथ ड्रैग फ्लिकर भी हैं। संजय के अलावा, टीम में शामिल एक और बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता वरुण का है।

डोपिंग में फंसा गाइड

# सिमरन का विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर छीन जाएगा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। भारत के खाते में कुल 22 मेडल आए। यह अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। हालांकि अब भारत के लिए दो मेडल जीतने वाली रेसर सिमरन शर्मा परेशानी में दिख रही हैं। सिमरन के गाइड उमर सैफी का नाम नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी की डोपिंग के कारण अस्थायी रूप से निलंबित किए गए एथलीटों की सूची में आ गया है।

**उमर पर स्टेरॉयड लेने का आरोप-** नाडा ने 9 अक्टूबर को जारी अपनी सूची में बताया कि उमर सैफी डोपिंग टेस्ट में फेल हुए हैं। उन पर प्रतिबंधित पदार्थ ड्रोस्टानोलोन के सेवन का आरोप है। ड्रॉस्टानोलोन एक स्टेरॉयड है। इससे एथलीट का प्रदर्शन बेहतर होता है। यह शरीर में मांसपेशियों को बढ़ाने और फैट को कम करने में मदद



करता है। वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी ने प्रदर्शन बढ़ाने वाले इस पदार्थ पर रोक लगा रखी है। इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है कि उनका परीक्षण कहां और कब किया गया था।

20 साल के उमर सैफी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दृष्टिबाधित पैरा एथलीट सिमरन शर्मा के गाइड थे। सैफी की मदद से सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर ञ्ज12 दौड़ में गोल्ड मेडल और 200 मीटर ञ्ज12 दौड़ में सिल्वर मेडल जीता था। सिमरन के पति और कोच गजेंद्र शर्मा ने दावा किया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। गजेंद्र शर्मा ने एक अखबर को बताया, यह हमारे लिए भी एक खबर है। हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, हो सकता है कि उसने विश्व चैंपियनशिप के दौरान कहीं टेस्ट कराया हो।

### सिमरन का मेडल छीन जाएगा?

उमर सैफी के डोपिंग टेस्ट में फेल होने का मतलब है कि सिमरन के दोनों मेडल पर खतरा मंडरा रहा है। इंटरनेशनल पैरालंपिक समिति के डोपिंग रोधी नियमों के अनुसार, गाइड को आधिकारिक तौर पर एथलीट सहायक के रूप में माना जाता है। यदि गाइड रेसर डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करते पाए जाते हैं तो पदक वापस लिए जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में तमंचा लेकर पहुंच गया 11वीं का छात्र, बोला दो हजार में खरीदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दादरी के इंटर कॉलेज में पढ़ने वाला 11वीं का छात्र बैग में अवैध तमंचा लेकर कक्षा में पहुंच गया। प्रधानाचार्य को पता चला तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र को अवैध तमंचे के साथ हिरासत में ले लिया। दादरी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मिहिर भोज इंटर कॉलेज में कस्बे की रज्जाक कॉलोनी का रहने वाला किशोर 11वीं कक्षा में पढ़ता है। कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मिलाप सिंह ने छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने गुरुवार की दोपहर पुलिस को सूचना दी कि एक छात्र कक्षा में अवैध तमंचा लेकर पहुंच गया है। कक्षा में दूसरे छात्रों ने छात्र के बैग में तमंचा देखकर इसकी सूचना प्रधानाचार्य को दी थी। प्रधानाचार्य की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और छात्र को हिरासत में लेकर कब्जे से तमंचा बरामद किया। पुलिस पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसने किसी से दो हजार रुपये में शौक के लिए तमंचा खरीदा था। वह अपने दोस्तों को दिखाने के लिए कॉलेज में तमंचा लेकर पहुंचा था। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस बारे में भी पता लग रही है कि तमंचा किससे खरीदा गया था। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली की सड़कों पर दौड़ेंगी बैगनी बसें, पूरे शहर का कराएंगी दर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में पर्यटकों को लुभाने के लिए दिल्ली पर्यटन विभाग जल्द बैगनी रंग की बसें संचालित करेगा। पर्यटक नई दिल्ली क्षेत्र के लोकप्रिय स्थलों, जिसमें प्रधानमंत्री संग्रहालय से लेकर दिल्ली हाट तक का भ्रमण बैगनी रंग से सजी बसों में करते नजर आएंगे। यह बस सड़कों पर चलने वाली दूसरी बसों से अलग होंगी। इन बसों पर सिग्नेचर ब्रिज और भारत मंडपम जैसे ऐतिहासिक स्थलों को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए विभाग की योजना दिल्ली आने वाले विदेशियों और देसी पर्यटकों को आकर्षित करने की है। बस में वयस्कों के लिए 500 रुपये और छह से बारह साल के बच्चों के लिए 300 रुपये का किराया होगा। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस माह के अंत तक यह सेवा शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय से भारत मंडपम जैसे अन्य लोकप्रिय स्थलों तक शाम के दौरे शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसमें युद्ध स्मारक, नया संसद परिसर, दिल्ली हाट और अन्य पर्यटन स्थल शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीटीसी से नौ मीटर लंबी नई इलेक्ट्रिक बसें किराए पर ली हैं। उन्होंने आगे कहा कि संग्रहालय शाम 6 बजे बंद हो जाता है, इस वजह से वहीं से टूर शुरू करेंगे और फिर दूसरे गंतव्यों की ओर बढ़ेंगे।

### यात्रीगण ध्यान दें! कंफर्म टिकट है फिर भी 90 मिनट पहले पहुंचना होगा दिल्ली स्टेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए इस बार आरक्षित टिकट के यात्रियों को भी होल्डिंग क्षेत्र में रोकने का बंदोबस्त किया जाएगा। यहां से ट्रेन चलने के लगभग 90 मिनट पहले उन्हें प्लेटफार्म पर प्रवेश मिलेगा। टिकट जांच अधिकारी द्वारा टिकट देखने के बाद ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए अजमेरी गेट की तरफ अस्थायी होल्डिंग क्षेत्र भी तैयार किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार फरवरी माह में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद से प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस कड़ी में जहां अनारक्षित टिकट यात्रियों के लिए स्थायी होल्डिंग क्षेत्र तैयार किया गया है तो, वहीं आरक्षित टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए अस्थायी होल्डिंग क्षेत्र तैयार किया जा रहा है। 15 अक्तूबर तक इसे तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरक्षित टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों को पहले अस्थायी होल्डिंग क्षेत्र में रखा जाएगा।

## पलूशन पर सरकार ने लॉन्च किया इनोवेशन चैलेंज

# पांच से 50 लाख तक का इनाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की रेखा सरकार द्वारा प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए इनोवेशन चैलेंज को लॉन्च किया है। इसे पर्यावरण विभाग के अंतर्गत दिल्ली पलूशन कंट्रोल कमेटी द्वारा लॉन्च किया गया है। इस चैलेंज के लिए लोगों को 31 अक्तूबर तक अपने प्रपोजल भेजने होंगे। इसके बाद 3 चरणों में मूल्यांकन किया जाएगा। तय मानकों के तहत पलूशन को रोकने में सक्षम प्रोजेक्ट को 5 लाख से लेकर 50 लाख तक का इनाम दिया जाएगा।



### 3 चरण में मूल्यांकन, कब-कितने पैसे मिलेंगे?

इस इनोवेशन चैलेंज में मूल्यांकन के लिए 3 चरण वाली प्रक्रिया को अपनाया जाएगा। पहले चरण को दिल्ली पलूशन कंट्रोल कमेटी द्वारा पूरा किया जाएगा। इसमें जांच और प्री क्वालिफिकेशन का मूल्यांकन किया जाएगा। दूसरे चरण को इंडिपेंडेंट टेक्निकल इवोल्यूशन कमेटी द्वारा पूरा किया जाएगा। इसमें भेजे गए मॉडल की कठोर टेस्टिंग होगी। उनके फील्ड परीक्षण होंगे। इसके साथ ही उसकी वैलिडिटी को भी जांचा जाएगा। इस स्टेज में चुने गए सभी प्रपोजल को 5 लाख रुपये की नकद राशि दी जाएगी।

तीसरे चरण में सबसे ज्यादा और गहन जांच की जाएगी। एनपीएल या उसके बराबर की लैब द्वारा टेस्ट किए जाएंगे। जीएनसीटीडी द्वारा फाइनल सिफारिश की जाएगी। इस चरण में पास हुए फाइनल प्रोजेक्ट को 50 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा- हमने पीएम 2.5, पीएम 10 के पलूशन को कम करने के लिए इनोवेशन चैलेंज को लॉन्च किया गया है। इस स्टार्टअप के अंदर एक व्यक्ति भी भाग ले सकता है। इसके अलावा इसमें बड़ी कंपनी, तकनीक बनाने वाले, छोटे-बड़े संस्थान कोई भी हो इस चैलेंज में भाग ले सकते हैं।

हमारा मकसद दिल्ली को नई तकनीक माध्यम से प्रदूषण मुक्त रखना है। जो कंपनी हमारे पैरामीटर के 70 फीसदी जरूरतों को पूरा करेगी। उसको हम मानेंगे कि ये दिल्ली में पलूशन को कंट्रोल करने में हमारे लिए सार्थक हो सकता है। 70 फीसदी तक करने वालों की तकनीक को हम स्पॉन्सर करेंगे। ऐसे स्पॉन्सर की तकनीक को दिल्ली सरकार अपने खर्चे पर शहर में ट्रायल कराएगी। कॉस्ट इफेक्टिव कितना है। ज्यादा से ज्यादा नंबर मिलेंगे। जितना ज्यादा पलूशन रोक पाएगा, उसको उतने ही अधिक नंबर मिलेंगे।

इसका उद्देश्य दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ शहर बनाना है, ताकि लोगों को यहां लंबे समय तक रहने के लायक बनाया जा सके। इसके लिए सरकार ने और भी कई तरह के प्रयासों को किया है। जैसे- अर्बन सड़कों का विस्तार, सड़कों से भीड़भाड़ कम करने के लिए कई तरह के ढांचों को बनाने पर काम चल रहा है, नई तकनीक वाली मशीनों के जरिए अपशिष्ट के निपटान पर काम चल रहा है।

## मुत्तकी की पीसी में महिला पत्रकारों की नो एंट्री पर स्थिति साफ करें पीएम: प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की भारत यात्रा के दौरान महिला पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस से बाहर रखना अत्यंत आपत्तिजनक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।



आपको बता दें कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को इजाजत नहीं देने को लेकर शुक्रवार को सियासी घमासान मचा रहा और विपक्षी दलों ने इस पर सवाल उठाये कि सरकार ने इसकी इजाजत किस स्थिति में दी। अब विपक्षी दल इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांग रहे हैं।

प्रियंका वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा प्रधानमंत्री जी, कृपया तालिबान के प्रतिनिधि की भारत यात्रा के दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखने पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें।

उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को लेकर भी सवाल पूछा और कहा यदि महिलाओं के अधिकारों के प्रति आपकी मान्यता एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक अपनी सुविधानुसार दिखावा मात्र नहीं है तो फिर भारत की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान हमारे देश में कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही इसकी रीढ़ और गौरव हैं। आपको बता दें कि मुत्तकी की शुक्रवार को यहां हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने की महिला पत्रकारों को इज़ाज़त नहीं दी गयी जिसके बाद राजनीति गरमा गई।

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर तीखा हमला बोला। एक्स पर एक पोस्ट में मोइत्रा ने सवाल उठाया कि सरकार ने तालिबान प्रतिनिधि को भारतीय धरती पर प्रोटोकॉल के साथ महिला पत्रकारों को प्रेस वार्ता से बाहर करने की इजाजत कैसे दी। उन्होंने लिखा, हिम्मत कैसे हुई? हमारी सरकार कैसे तालिबान विदेश मंत्री को महिला पत्रकारों को बाहर कर केवल पुरुष प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की इजाजत दे सकती है?

## बच्चों की मौत के बाद दिल्ली में कोल्ड्रिफ सिरप पर सख्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से 22 बच्चों की मौत का मामला सामने आने के बाद दिल्ली सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने इस खतरनाक सिरप पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को साफ तौर पर कहा गया है कि इस सिरप को न तो प्रेस्क्राइब किया जाए और न ही बेचा जाए। हमने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यह सख्त कदम उठाया है। पिछले छह महीनों से हमने इस सिरप बनाने वाली कंपनी को कोई टेंडर नहीं दिया। सभी अस्पतालों और केमिस्ट दुकानों को इस दवा को पूरी तरह प्रतिबंधित करने के लिए कहा गया है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई भी तेज हो गई है। छिंदवाड़ा की परासिया कोर्ट ने स्रेसन फार्मा के मालिक रंगनाथन को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। रंगनाथन को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था।



छिंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने बताया कि विशेष जांच दल ने रंगनाथन को चेन्नई से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उनकी मेडिकल जांच की गई और अब उन्हें छिंदवाड़ा लाया जाएगा। इस बीच, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। छ्ष्टत्नढ्ढ के प्रमुख डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी ने 7 अक्टूबर को एक पत्र में कहा, दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल

## 37 दिन की मेहनत के बाद दिल्ली पुलिस ने महिला को परिवार से मिलाया, दिल को छू लेने वाली मुलाकात!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के सीमापुरी थाने की पुलिस ने एक ऐसी कहानी को अंजाम दिया, जो न सिर्फ दिल को छूती है, बल्कि मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल भी पेश करती है। एक गर्भवती और मानसिक रूप से बीमार महिला को 37 दिन की अथक मेहनत के बाद उसके परिवार से मिला दिया गया। यह भावुक मुलाकात 7 अक्टूबर 2025 को दिल्ली के आईएचबीएएस अस्पताल में हुई, जहां महिला का इलाज चल रहा था। 1 सितंबर 2025 को सीमापुरी पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि एक गर्भवती महिला, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थी, इलाके में भटक रही थी। ये महिला मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ की रहने वाली थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और महिला को मेडिकल जांच के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। 4 सितंबर को जीटीबी अस्पताल से छुट्टी के बाद, महिला को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने उसे आईएचबीएएस अस्पताल में भर्ती करने का आदेश दिया, ताकि उसकी मानसिक स्थिति का आकलन हो सके। साथ ही, कोर्ट ने आईएचबीएएस के निदेशक को महिला की स्वास्थ्य स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। पुलिस ने महिला के परिवार को ढूंढने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। हेड कांस्टेबल अंकुश को मध्य प्रदेश के रानीखेरा भेजा गया, लेकिन वहां कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद, पुलिस ने महिला की जानकारी अखबारों में छपवाई करवाई, ताकि उसके परिवार तक खबर पहुंचे। सितंबर को आईएचबीएएस से सूचना मिली कि महिला ने एक प्रीमेच्योर बेटी को जन्म दिया। बच्ची को इलाज के लिए एसडीएन अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि एक्स को जीटीबी अस्पताल में रखा गया। दुखद रूप से, बच्ची का निधन हो गया और उसका शव 48 घंटे तक जीटीबी अस्पताल में रखा गया। परिवार की तलाश में पुलिस ने हार नहीं मानी। हेड कांस्टेबल अंकुश और कांस्टेबल राज की टीम को मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम भेजा गया। वहां आसपास के गांवों और पुलिस स्टेशनों से संपर्क किया गया, लेकिन कोई गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं थी।




# ताइवान के मनोवैज्ञानिक युद्ध से डरा चीन

**ताइपे, एजेंसी।**
चीन और ताइवान के बीच तनाव एक बार फिर गहरा गया है। शनिवार को चीन की पुलिस ने ताइवान के 18 सैन्य अधिकारियों की जानकारी देने वालों को इनाम देने की घोषणा की है। चीन ने इन अधिकारियों पर अलगाववादी संदेश फैलाने और मनोवैज्ञानिक युद्ध चलाने का आरोप लगाया है। बीजिंग की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि इन अधिकारियों के खिलाफ अधिकतम 10,000 युआन (लगभग 1,400 अमेरिकी डॉलर) का इनाम दिया जाएगा।



चीन के श्यामन शहर की सार्वजनिक सुरक्षा ब्यूरो ने इन 18 लोगों की तस्वीरें, नाम और ताइवानी पहचान पत्र नंबर जारी किए हैं। श्यामन शहर ताइवान जलडमरूमध्य के उस पार ताइवान के बिल्कुल सामने स्थित है। चीनी अधिकारियों के अनुसार, ये सभी ताइवान की सेना की मनोवैज्ञानिक युद्ध इकाई के मुख्य सदस्य हैं। यह यूनिट कथित रूप से दुष्प्रचार फैलाने, खुफिया जानकारी इकट्ठा करने, मनोवैज्ञानिक युद्ध चलाने और प्रचार प्रसार से जुड़ा कार्य करती है। श्यामन पुलिस ब्यूरो ने कहा, लंबे समय से ये लोग अलगाववादी गतिविधियों को भड़काने की साजिश रच रहे थे।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ताइवानी अधिकारियों ने दुष्प्रचार फैलाने वाली वेबसाइटें बनाई, उकसाने वाले गेम्स तैयार किए, फर्जी वीडियो सामग्री से जनता को गुमराह किया और गैरकानूनी रेडियो स्टेशन के जरिए घुसपैठ की। शिन्हुआ के अनुसार, इन अभियानों में ताइवान को विदेशी ताकतों से सहयोग भी मिला, जो जनता की राय को प्रभावित करने और चीन विरोधी भावना बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं। इस पर ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन की यह कार्रवाई एक तानाशाही शासन की हठी सोच को दर्शाती है। मंत्रालय ने कहा, यह कदम हमारे लोगों में विभाजन पैदा करने, हमारी सरकार को नीचा दिखाने और संज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) युद्ध छेड़ने का प्रयास है। ताइवान ने आगे कहा कि चीन ऐसे आरोप हमारे लोकतांत्रिक समाज में सूचना की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करते हुए, मनगढ़ंत व्यक्तिगत आंकड़े जोड़कर तैयार करता है। रक्षा मंत्रालय ने दोहराया कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करना और जनता की भलाई सुनिश्चित करना हर सैनिक और अधिकारी का कर्तव्य है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह 'वॉन्टेड नोटिस' प्रतीकात्मक ही है, क्योंकि ताइवानी सैन्य अधिकारी या खुफिया एजेंट खुले तौर पर चीन की यात्रा नहीं करते। साथ ही, चीन की कानूनी प्रणाली का ताइवान पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। इस घटनाक्रम से एक दिन पहले, ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते ने ताइवान की रक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई थी। उन्होंने चीन से अपील की थी कि वह बल प्रयोग द्वारा द्वीप पर कब्जा करने की सोच छोड़ दे।

## जिनपिंग के साथ बैठक रद्द करने की बात से पलटे ट्रंप

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग के साथ मुलाकात रद्द करने वाले बयान पर स्पष्टीकरण जारी किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी हालिया टिप्पणी, जिसमें उन्होंने शी जिनपिंग से मिलने का कोई कारण नहीं होने की बात कही थी, अब उस बयान पर सफाई दी है। ट्रंप ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रस्तावित बैठक आधिकारिक तौर पर रद्द नहीं की है।



चीन पर बोलते हुए ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मीडिया से कहा, नहीं, मैंने रद्द नहीं किया है। हालांकि, मुझे यकीन नहीं है कि हम इसे हासिल कर पाएंगे या नहीं। मैं वहां जरूर जाऊंगा। मुझे लगता है कि हम इसे प्राप्त कर पाएंगे। हालांकि, उन्होंने दुनिया को एक झटका दिया। यह चौंकाने वाला था। अचानक, उन्होंने आयात-निर्यात की यह पूरी अवधारणा बना दी, और किसी को इसके बारे में कुछ भी पता नहीं था। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि बीजिंग ने दुर्लभ मृदा तत्वों पर व्यापक नए निर्यात नियंत्रण लगाकर बेहद शत्रुतापूर्ण कदम उठाए जाने के बाद,चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात करने का कोई कारण नहीं है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन ने दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर निर्यात नियंत्रण बढ़ाया है, जो एक अत्यंत आक्रामक रुख है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ जवाब देने की तैयारी कर रहा है।

# सेना की भव्य परेड, खतरनाक हथियारों के करतब

### तानाशाह किम जोंग उन ने दुनिया को दिखाई ताकत

**प्योंगपांग, एजेंसी।**
उत्तर कोरिया में किम जोंग उन की सत्ताधारी पार्टी को बने 80 साल पूरे हो चुके हैं। बीते दिन उत्तर कोरिया में धूमधाम से इसका जश्न मनाया गया। इस समारोह में सेना की परेड देखने को मिली। साथ ही कई देशों से आए विदेशी मेहमानों का भी शानदार स्वागत किया गया।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, वर्कर्स पार्टी के 80 साल पूरे होने के मौके पर 10 अक्टूबर को किम द्वितीय संग स्क्वायर में सेना की भव्य परेड हुई।

इस परेड के दौरान उत्तर कोरिया ने कई खतरनाक हथियारों से भी करतब दिखाया गया, जिनमें इंटर कॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का नाम भी शामिल थी। उत्तर कोरिया में आयोजित इस कार्यक्रम में चीन, रूस और वियतनाम के उच्च पदस्थ नेता मौजूद थे। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग एक बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर कोरिया पहुंचे थे। वहीं, रूस ने सुरक्षा सलाहकार दिमित्री मेदवेदेव को इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए उत्तर कोरिया भेजा था। बता दें कि दिमित्री को राष्ट्रपति पुतिन के करीबियों में गिना जाता है। उत्तर कोरिया के तानाशाह महीने किम जोंग उन ने भी पिछले साल चीन का दौरा करते हुए राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की थी। 2019 में शी चिनफिंग खुद उत्तर कोरिया गए थे। वहीं, अब 6 साल बाद चीनी पीएम ने उत्तर कोरिया का रुख किया है।




रूस से भी उत्तर कोरिया के रिश्ते काफी अच्छे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए उत्तर कोरिया ने बड़ी संख्या में सैनिकों को रूसी सेना में भेजा था। पिछले हफ्ते रूस और उत्तर कोरिया ने साझा बयान जारी किया था, जिसमें रूस ने उत्तर कोरिया को पूरा समर्थन देने का एलान किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप भी अपने पहले कार्यकाल में किम जोंग उन से 3 बार मिले थे। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भी किम से मुलाकात के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, व्हाइट हाउस की तरफ से इसपर कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है।

## अमेरिकी सैन्य विस्फोटक फैक्ट्री में भीषण धमाका, 19 लोग लापता; सभी के मारे जाने की आशंका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेनेसी राज्य में एक सैन्य म्यूनिशन (विस्फोटक) फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। इस हादसे में 19 लोग लापता हैं और उनके मृत होने की आशंका जताई जा रही है। हंफ्री काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि यह अब तक का सबसे भयावह दृश्य था जो उन्होंने अपने करियर में देखा है। उन्होंने कहा हमारी टीम लगातार बचाव कार्य में जुटी है और लापता लोगों के परिवारों से बात कर रही है। यह एक बेहद दुखद और विनाशकारी घटना है। शेरिफ ने बताया कि फिलहाल मलबे के नीचे से किसी भी शव की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन धमाके की तीव्रता को देखते हुए अधिकारियों को कई लोगों की मौत की आशंका है। विस्फोट के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। शुरुआती जांच के अनुसार, हादसा फैक्ट्री में विस्फोटक सामग्री के अनुचित भंडारण या तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ हो सकता है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि धमाके की आवाज और झटका कई मील दूर तक महसूस किया गया। घटनास्थल पर दमकलकर्मी और बचाव टीमें लगातार काम कर रही हैं। आसपास के इलाकों को सुरक्षा कारणों से खाली करा लिया गया है। एक अधिकारी ने कहा यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि एक त्रासदी है जिसने पूरे समुदाय को झकझोर दिया है। हमारी प्राथमिकता सभी लापता लोगों को ढूंढने और उनके परिवारों तक सुरक्षित पहुंचाने की है। शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि विस्फोट का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। जांच एजेंसियां मौके पर हैं और पूरी जांच में कई दिन लग सकते हैं। हंफ्री काउंटी इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी की प्रवक्ता ग्रे कॉलियर ने बताया कि अब आगे किसी अन्य विस्फोट का खतरा नहीं है, और स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया है।

# बिना अनुज्ञप्ति संचालित पटाखा दुकानों पर सख्त कार्रवाई होगी: उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दीपावली पर्व के आगमन को देखते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी चास एवं बेरमो (तेनुघाट) को निर्देश जारी किया है कि जिला अन्तर्गत सभी पटाखा दुकानों की सघन जांच की जाए। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दुकान सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति के बिना संचालित नहीं हो। जांच के दौरान जिन दुकानों के पास वैध अनुज्ञप्ति नहीं पाई जाएगी या जो रिहायशी/आबादी वाले क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री कर रही हैं, उनके विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पिछले वर्षों की घटनाओं से ली जा रही सीख**

वर्ष 2024 में दीपावली के अवसर पर गरगा पुल, बी.एस.सिटी क्षेत्रान्तर्गत पटाखा दुकानों में भीषण आग लगने की घटना हुई थी, जिसमें सामान की हानि हुई थी। इसके अतिरिक्त गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रानुसार दिनांक 10/03/2025 को गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के गोदरमाना में भी पटाखा दुकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गई थी। जांच में पाया गया कि वह दुकान बिना अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, उपायुक्त बोकारो ने स्पष्ट किया कि जिले में इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है।

**अस्थायी पटाखा दुकानों हेतु अनुज्ञप्ति प्रक्रिया प्रारंभ, करें आवेदन**

दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर अस्थायी रूप से पटाखा दुकान लगाने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विस्फोटक नियमावली, 2008 के नियम 84 के तहत अस्थायी पटाखा दुकान हेतु अनुज्ञप्ति निर्गत की जाएगी।

**स्थलीय जांच तीन दिनों में पूर्ण करने का निर्देश**

उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी चास - बेरमो को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों की स्थलीय जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के साथ स्थल चिन्हित करते हुए तीन (03) दिनों के अंदर प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी अस्थायी पटाखा दुकानें सुरक्षित, खुली एवं गैर-आवासीय क्षेत्रों में ही लगाई जाएं।

**आमजनों की सुरक्षा और विधि व्यवस्था सर्वोपरि**

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जन सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा पटाखा बाजारों में दमकल एवं सुरक्षा दलों की तैनाती, साथ ही फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच भी की जाएगी।

## छठ घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें बीडीओ, सीओः उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारी (सीओ) अपने-अपने प्रखंडों में स्थित छठ घाटों की साफ-सफाई एवं मरम्मति कार्य तुरंत प्रारंभ करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी छठ घाटों पर ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि छठव्रतियों/श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि घाटों के आस-पास स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए। उपायुक्त ने नगर निगम चास और नगर परिषद फुसरो के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के छठ घाटों की सफाई कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की चूक नहीं हो। बैठक में उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि अपर समाहर्ता दीपावली से पूर्व जिले की सभी छठ पूजा समितियों की बैठक आहूत करें, ताकि समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर घाटों की तैयारी, सुरक्षा, विद्युत, जलापूर्ति, यातायात नियंत्रण एवं जनसहभागिता से संबंधित सभी पहलुओं की पूर्व समीक्षा की जा सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि स्वास्थ्य विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखें ताकि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे घाटों की तैयारियों की नियमित निगरानी करें। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एचएससीएल कॉलोनी के आवास जर्जर, खतरे में 80 परिवार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 1बी स्थित चार तल्ला में आवास संख्या 351 से 366 तक रहने वाले परिवार इस वक्त डर के साए में जिंदगी जीने को मजबूर हैं। बिल्डिंग में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। लोगों का कहना हैं कि यह कभी भी गिर सकता है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हुई तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों का आरोप है कि सांसद, विधायक और एचएससीएल प्रबंधन को बार-बार शिकायत करने के बावजूद किसी ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। क्वार्टर को पहले ही डैमेज घोषित किया जा चुका है, लेकिन वैकल्पिक आवास की कोई व्यवस्था नहीं की गई। पूर्व कर्मचारी एस.एन. प्रसाद और कृष्ण मोहन सिंह ने कहा कि सभी एचएससीएल के पूर्व कर्मी हैं और सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग वर्षों से कर रहे हैं। स्थानीय लोग झारखंड सरकार, केंद्र सरकार, जिला प्रशासन और एचएससीएल प्रबंधन से गुहार लगा रहे हैं कि जल्द से जल्द इन परिवारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।





### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत रत्न' लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर धनबाद बैंक मोड़ स्थित स्मृति स्थल पर शनिवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह ने कहा की लोकनायक जयप्रकाश का जीवन सत्य, संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन के प्रति समर्पित रहा। उनकी विचारधारा आज भी हमें राष्ट्रसेवा और जनहित के मार्ग पर प्रेरित करती है। यूथ फोर्स धनबाद के संस्थापक सह अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा ने कहा सभी युवाओं से आग्रह है की जय प्रकाश नारायण के सिद्धांतों एवं आदर्शों को आत्मसात करें। इससे भारत विश्व गुरु की और तीव्र गति से बढ़ेगा। लोकनायक जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने में यूथ फोर्स धनबाद के अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा , अंकित श्रीवास्तव, रौनक विश्वकर्मा, अजय पांडे, अनीश विश्वकर्मा, मुकेश महतो उपस्थित थे।



### धनबाद रेलवे ग्राउंड में क्रिकेट कैंप का शुभारंभ डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने किया उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को धनबाद रेलवे ग्राउंड में क्रिकेट कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने कैंप की जर्सी और आधिकारिक वेबसाइट का भी अनावरण किया। डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने कहा कि इस क्रिकेट कैंप का उद्देश्य जिले के उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखारकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि धनबाद रेलवे ग्राउंड को क्रिकेट के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कैंप से प्रशिक्षित युवा खिलाड़ी आने वाले समय में धनबाद का नाम खेल जगत में ऊंचा करेंगे। डीआरएम ने कहा कि हमारे क्षेत्र में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने रणजी और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, उनके अनुभव से नए खिलाड़ियों को दिशा और प्रेरणा मिलेगी।



### मामूली विवाद में बेरहमी से पिटाई, मौत

धनबाद/झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सुरुंगा कुम्हार टोला से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। इलाके के रहने वाले 55 वर्षीय भुलेश्वर कुम्भकार की पिटाई के बाद मौत हो गई। परिजनों ने इस मामले में गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के पुत्र राजू कुम्भकार ने अलकडीहा ओपी में दिए आवेदन में बताया कि 10 अक्टूबर शुक्रवार की शाम करीब सात बजे उसके पिता के साथ काम करने वाले फरक महतो ने सूचना दी कि उसके पिता पहाड़ीगोड़ा स्थित रघु महतो के घर के पास घायल अवस्था में पड़े हैं। जब वह अपनी मां के साथ मौके पर पहुँचा, तो देखा कि राघु महतो, रतन महतो, राघु महतो का पुत्र और चार-पाँच अन्य लोग उसके पिता की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। राजू के अनुसार, जैसे ही वे दोनों माँ-बेटा वहाँ पहुँचे, सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल पिता को आनन-फानन में एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी रात में ही मौत हो गई। उसने बताया कि उसके पिता की बाइक से एक्सीडेंट हुआ था, उसी के विवाद में उसके पिता को बुरी तरह से पीटा गया। परिजनों का आरोप है कि रघु महतो और उसके साथियों की पिटाई से ही भुलेश्वर कुम्भकार की मौत हुई है। इस संबंध में अलकडीहा ओपी एसआई अजय महतो ने बताया कि किसी व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।




# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' थीम पर रंगोली, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाज कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय बोकारो में " बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ " के थीम पर आज रंगोली, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को लंचबॉक्स, वॉटर बोतल एवं छाता देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त विद्यालय के संचालक ने कहा कि अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य होता है। ज्ञातव्य हो कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस वर्ष 2012 से बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान देने और लड़कियों के सशक्तिकरण और उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जा रहा है। यह पूरे विश्व में भले की वर्तमान समय में लड़कियों के जन्म और उनके काम करने को लेकर आधुनिकता बढ़ी है, मगर वर्तमान समय में भी बहुत समाज में लड़कियों को यह सम्मानित दर्जा नहीं मिल पाया है, जिसकी वह हकदार है। एक बालिका के जीवन में आने वाले चुनौती और परेशानियो के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 11 अक्टूबर को मनाया जाता है।

**2025 के अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम –**

प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक थीम के साथ मनाया जाता है। बालिका संगठनों संयुक्त राष्ट्र भागीदारों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से स्वयं बालिकाओं के साथ परामर्श के माध्यम से तैयार 2025 के अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम है " मैं जो लड़की हूं, मैं जो बदलाव लाती हूं : संकट के अग्रिम मोर्चे पर लड़कियां। "

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम पर चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कसमार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख नियोती दे, अंचलाधिकारी सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह सहित बालिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बोकारो में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाह के खात्मे के लिए काम कर रहे नागरिक समाज संगठन सहयोगिनी ने बोकारो उपायुक्त को सौंपे गए एक ज्ञापन में जिले में दिवाली से 26 जनवरी तक बाल विवाह के खिलाफ एक सघन और व्यापक अभियान चलाने में सहयोग मांगा। ज्ञापन में कहा गया कि कि केंद्र सरकार के ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्न अभियान के लगभग एक साल पूरे होने जा रहे हैं और जिला प्रशासन के नेतृत्व में बोकारो में इसे मिली सफलताओं को और गति देने के लिए इस विशेष अभियान की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि जिले में अब भी बाल विवाह की समस्या मौजूद है और इसी के मद्देनजर दीपावली से लेकर 26 जनवरी 2026 तक जिले में बाल विवाह के खिलाफ एक व्यापक और सघन अभियान में जिला प्रशासन का सहयोग मांगा गया है।



**मुख्य अतिथि प्रमुख नियोती दे ने अपने संबोधन में कहा –**

आज की बालिका कल की नींव है। हमें उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार देना होगा। हर बेटी में अनंत संभावनाएँ हैं, बस जरूरत है उन्हें अवसर और प्रोत्साहन देने की। सहयोगिनी संस्था इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है।

**विशेष अतिथि अंचल अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा –**

बालिकाओं को सशक्त बनाना समाज की सबसे बड़ी पूँजी है। हर माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी बेटियाँ आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को साकार करें। गौतम सागर ने कहा, हमारा मानना है कि ह्यबाल विवाह मुक्त भारत अभियान की सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण कानून पर सख्ती से अमल है और इसी के नतीजे में लोगों की सोच में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि सरकार व समाज एकजुट होकर प्रयास करें तो बाल विवाह की रोकथाम संभव है। सहयोगिनी की कुमारी किरण ने पिछले एक साल में बाल विवाह की रोकथाम के मोर्चे पर अभूतपूर्व सफलताओं के लिए सरकार, जिला प्रशासन व पुलिस से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सहयोगिनी संस्था की टीम ने किया और धन्यवाद संस्था की कोषाध्यक्ष सूर्यमणि देवी ने किया। मौके पर सहयोगिनी संस्था से कॉर्डिनेटर कुमारी किरण, प्रकाश कुमार महतो, अनिल हेंब्रम, सूर्यमणि देवी ,मंजू कुमारी, बिनीता देवी , संगीता देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी सोनी कुमारी आदि मौजूद रही

## विधानसभा युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति ने की पर्यटन योजनाओं की समीक्षा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो परिसदन सभागार में शनिवार को युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति सबिता महतो ने की। समिति की सदस्य रागिनी सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास से संबंधित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समिति ने सभी विभागों को अपनी योजनाओं का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया तथा विभागवार प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। बैठक में आरईओ, भवन प्रमंडल, राजस्व, उद्योग, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, वन प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युत प्रमंडल, कृषि सहकारिता एवं पशुपालन, खनन, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन, शिक्षा आदि विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थलों पर बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था, राजस्व वसूली में सुधार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर जिला पर्यटन पदाधिकारी हेमलता बून ने बताया कि जिले में कुल 20 पर्यटन स्थल चिन्हित है। जिसमें लुगुबुरू - ए श्रेणी का पर्यटक स्थल, तेनुघाट डैम - बी श्रेणी का का पर्यटक स्थल है। दलाही कुंड, भैरवस्थान, कोनार डैम, चेचका धाम एवं गवई बेराज - सी श्रेणी का पर्यटक स्थल है। वहीं, मृग खोह, शेवाती घाटी, सतनपुर पहाड़ी, सीता फॉल, बनासो मंदिर, बुढ़ा बाबा धाम मेला फुलबहड़ा,सिकन्दा पहाड़,भवनी के समीप प्राकृतिक गुफा, गरगा डैम, दुर्गा पहाड़ एवं राम लखन टुंगरी- डी श्रेणी का पर्यटक स्थल है। वर्तमान में चेचका धाम पर्यटन स्थल का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है। समिति ने निर्देश दिया कि सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विस्तार, सड़क संपर्क का सुधार, सुरक्षा एवं स्वच्छता की व्यवस्था तथा स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। मौके पर समिति की सभापति सबिता महतो ने कहा कि बोकारो जिले में प्राकृतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों की भरपूर संभावनाएं हैं।

## सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के द्वारा सेक्टर 6 स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किरण, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स एवं अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में दवा की उपलब्धता और उसके रखरखाव की जानकारी ली तथा उक्त समय तक कुल 17 मरीजों की जांच की जा चुकी थी।

**सेक्टर 6 स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव केन्द्र की शुरूआत करने का निर्देश–**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने स्वास्थ्य केंद्र के ओ0पी0डी0 में उपस्थित दवा को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया तथा एक्सपायरी दवा को चेक भी किया गया। उन्होंने मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शहरी कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिया कि शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 6 में प्रसव केन्द्र की शुरूआत करने हेतु जरूरी उपकरण की उपलब्धता क्या है और किन उपकरणों की जरूरत है इसकी सूची तैयार कर प्रसव केन्द्र की शुरूआत जल्द से जल्द करें। साथ ही जगह की उपलब्धता को देखते हुए शहरी क्षेत्र के स्टाफ की बैठक, मीटिंग एवं प्रशिक्षण शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेक्टर-6 में करने हेतु उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया गया। औचक निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक दिलीप कुमार सिंह, जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक प्लानिंग विश्वरंजन, सैफुल्लाह अंसारी एवं मो शब्बीर अनवर उपस्थित थे।

## पंचायत उन्नति सूचकांक पर प्रसार कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 पर आज न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्र, पेयजल, जल संचयन सहित विभिन्न पैरामीटर पर काम करना है। उन्होंने केरल एवं गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां ग्राम पंचायत व्यवस्था बहुत सुदृढ़ है। पंचायत के अस्पताल एवं विद्यालय निजी अस्पताल एवं विद्यालय जैसे हैं। पंचायत अपने ही राजस्व से अपनी पंचायत का विकास करते हैं।

## भाकपा माले धनबाद का दो दिवसीय जिला सम्मेलन शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा माले धनबाद जिला कमेटी का 12वां जिला सम्मेलन शनिवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित कामरेड मिथलेश सिंह सभागार में शुरू हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ कार्यकर्ताओं के जुलूस और नारों के साथ हुआ जो रणधीर वर्मा चौक तक गया और वहां से वापस कार्यक्रम स्थल पर लौटा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन के पहले दिन वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार स्वदेशी अपनाने की बात तो करती है लेकिन देश में स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने में असफल रही है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार निजीकरण और बाजारीकरण को बढ़ावा दे रही है जिससे सिर्फ बड़े पूंजीपतियों को लाभ मिल रहा है।

# अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**सतर्कता जागरूकता सत्र के तहत हुआ आयोजन**







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 11 अक्टूबर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में ह्यसामूहिक सतर्कता व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा से अधिक शक्तिशाली है" विषय पर अंग्रेजी और हिंदी भाषा में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा तथा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा उपस्थित थे. कार्यक्रम में कुल 13 विद्यालय के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया. मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी और संबोधित किया. वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री मणिकांत धान, महाप्रबंधक (जन संपर्क) एवं प्रमुख संचार, डॉ तृप्ति चंद्रा, एसीएमओ (बीजीएच) तथा महिला समिति से श्रीमती ऋचा प्रियदर्शनी (लेखिका एवं सचिव महिला समिति) उपस्थित थे. अंग्रेजी में संपन्न वाद-विवाद प्रतियोगिता में पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के अर्पण कुमार को प्रथम स्थान, चिन्मया विद्यालय के अभिनव पाठक को द्वितीय स्थान तथा सेंट जेवियर्स स्कूल की तृषा सिन्हा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के हर्षित सिंह को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया. हिंदी के वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल की आकृति मिश्रा को प्रथम, चिन्मया विद्यालय के पियूष कुमार को द्वितीय, पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के अयान रजा को तृतीय तथा चिन्मया विद्यालय की इशिता मुखर्जी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया. कार्यक्रम के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा. कार्यक्रम का सञ्चालन वरीय प्रबंधक (सतर्कता) सुश्री चित्रा पराशर के द्वारा किया गया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com